श्रावण कृष्ण पक्ष षष्ठी 09:02 उपरांत
सप्तमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 16 जुलाई 2025
वर्ष 35, अंक 170, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

बेरोजगारी दर जून में 5.6 प्रतिशत पर स्थिर 12 आतंकवाद को बर्दाश्त न करने पर अडिग रहेगा भारत -

...कुछ नया जन्म लेने वाला है

नई सोच हमेशा नई राहों पर ले जाती है।
इसी तरह नई शुरुआत नए जीवन से रू-ब-रू कराती है।
यही निरंतरता की स्थिति होती है।

शुभांशु की वापसी पर झूमे लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीएमएस,लखनऊ ऑडिटोरियम में सजीव प्रसारण देख रहे लोगों ने एकदूसरे को दी बधाई
- शुभांशु के पिता ने कहा- बेटे की अंतरिक्ष यात्रा भारतवासियों के सामूहिक विश्वास का परिणाम

अमृत विचार: शुभांशु शुक्ला के स्पेसएक्स क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने मंगलवार को भारतीय समयानुसार अपराह्न 3:01 बजे जैसे ही प्रशान्त महासागर के कैलीफोर्निया तट पर सफल लैंडिग की, देशवासी खुशी व गर्व से झूम उठे। सिटी मांटेसरी स्कूल (सीएमएस), कानपुर रोड ऑडिटोरियम में शुभांशु के माता-पिता और परिजनों के साथ सैकड़ों लोगों ने इस ऐतिहासिक क्षण को लाइव देखा। जैसे ही कैप्सूल ने प्रशांत महासागर की सतह को छुआ, ऑडिटोरियम का माहौल अत्यन्त भावुक हो उठा। पूरा ऑडिटोरियम भारत माता की जय के नारे व तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

शुभांशु 25 जून को फाल्कन-9 रॉकेट से अंतरिक्ष की उड़ान पर रवाना हुए थे। 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से जुड़ गए थे। उन्होंने अंतरिक्ष में 18 दिन बिताए। 310 से अधिक कक्षाएं पूरी कीं और लगभग 1.3 करोड़ किमी की दूरी तय की। इस दौरान उन्होंने इसरो द्वारा सौंपे गए सातों सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण प्रयोगों को सफलतापूर्वक पूरा किया। मांसपेशी पुनर्जनन, टार्डिग्रेड परिक्षण, बीज अंकुरण, शैवाल संवर्धन, फसल सहनशीलता, विकिरण प्रभाव एवं मानव शरीर विज्ञान संबंधी अध्ययन शामिल थे। ये प्रयोग भारत के आगामी गगनयान कार्यक्रम हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। शुभांशु के अन्तरिक्ष यान के पानी में उतरने के साथ ही सीएमएस प्रबंधन एवं शुभांशु के परिवार ने त्रि-स्तरीय केक काटा। इस केक के तीन स्तर लांच, आईएसएस पर प्रवास और धरती पर वापसी के प्रतीक स्वरूप थे। इस अवसर पर पूरा ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इस अवसर पर शुभांशु के पिता शम्भू दयाल शुक्ल ने भावुक होकर कहा कि यह उपलब्धि भारतवासियों के सामूहिक विश्वास का परिणाम है। उन्होंने डा. भारती गांधी, प्रो. गीता गांधी किंगडन और सीएमएस परिवार का आभार व्यक्त करता हूं। सीएमएस प्रबंधक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने कहा कि शुभांशु की सफलता ने हमारे छात्रों की कल्पनाशक्ति को पंख दिए हैं। वह सीएमएस के आदर्श वाक्य 'जय जगत' का जीवंत उदाहरण हैं और सिद्ध करते हैं कि अंतरिक्ष कोई कल्पना नहीं, बल्कि हमारा भविष्य है। सीएमएस अलीगंज कैम्पस, जहां शुभांशु ने शिक्षा प्राप्त की थी, वहां के छात्र भी अत्यधिक प्रेरित दिखे। कक्षा 9 की छात्रा अनन्या मिश्रा ने कहा कि अब मैं भी अंतरिक्ष यात्री बनना चाहती हूं,अगर वो कर सकते हैं, तो मैं भी कर सकती हूं। कक्षा 11 के आदित्य वर्मा ने कहा, 'पहले यह सपना दूर लगता था। आज यह वास्तविक है।

सीएमएस की संस्थापक-निदेशिका डा. भारती गांधी ने समापन में कहा, 'शुभांशु हमारे मार्गदर्शक सितारे हैं। साक्षात प्रमाण हैं कि गहरे मूल्यों और साहसी सपनों के साथ सितारों तक पहुंचा जा सकता है।

आईएसएस से आखिरी कॉल कर रहा हूं मां - शुभांशु

लखनऊ। यह मेरी इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) से आखिरी कॉल है... अब लौट रहा हूं, जल्द मिलूंगा। एस्ट्रोनॉट ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने जैसे ही ये शब्द कहे, लखनऊ स्थित उनके घर में कुछ देर के लिए सन्नाटा छा गया और परिवार के लोगों की आंखें खुशी के आंसुओं से छलक उठीं। 18 दिनों की ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा के अंतिम चरण में यह कॉल शुभांशु के परिवार के लिए सबसे भावुक क्षण बन गई। सोमवार सुबह 4:30 बजे एक्सिओम मिशन-4 के तहत शुभांशु का आईएसएस से अनडॉकिंग शेड्यूल थे। उसी से कुछ घंटे पहले उन्होंने अपने माता-पिता को सेटेलाइट कॉल की। यह बातचीत परिवार के दिल में हमेशा के लिए दर्ज हो गई।

ये कॉल अलग थी

शुभांशु की बहन शुचि मिश्रा ने कहा कि, अब तक की हर कॉल में हम हंसते थे। बात करते थे, सवाल पूछते थे। लेकिन, इस बार जैसे सभी ने चुप रहने का मन बना लिया था। मां आशा शुक्ला की आंखों से लगातार आंसू बहते रहे। उन्होंने कहा, मैं कुछ बोल नहीं पाई। बस उसकी आवाज सुनी और रोती रही। वो जानता था कि मैं रो रही हूं, लेकिन फिर भी शांत रहा। हमें ढांढस देता रहा। कहता रहा कि सब ठीक होगा। परिवार ने माना कि यह कॉल भले ही भावुक थी, लेकिन उसी ने उन्हें हिम्मत भी दी। मां आशा शुक्ला कहती हैं, वो स्वस्थ लग रहा था, उसकी आंखों में चमक थी। उस कॉल ने हमारे बहुत सारे डर मिटा दिए।

पिता ने किया सुंदरकांड पाठ

अंतरिक्ष से लौटते समय देशभर की नजरें जिस वीर बेटे पर टिकी थीं। उसके परिवार ने रात भर ईश्वर से उसकी सलामती की प्रार्थना की। लखनऊ निवासी अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के परिवार के लिए बीती रात बेहद तनावपूर्ण और भावनात्मक रही। शुभांशु का रिटर्न कैप्सूल पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है, उनके पिता शंभू दयाल शुक्ला ने सोमवार सुबह सुंदरकांड का पाठ किया।

पूरी रात जागते रहे

शुभांशु के पिता ने बताया, हमारे लिए बीती रात बहुत भारी रही। नींद तो जैसे आंखों से कोसों दूर थी। बस भगवान से यही प्रार्थना कर रहे थे कि हमारा बेटा सुरक्षित जमीन पर उतर जाए। वो जिस तरीके से एक बंद कैप्सूल में आ रहा था, उसे सोचकर दिल बैठा जा रहा था।

शुभांशु शुक्ला की वापसी के बाद केक काटकर जश्न मनाते माता- पिता और अन्य परिजन।

शुभांशु का मानो दूसरा जन्म हो

शुभांशु की वापसी को परिवार पुनर्जन्म के तौर पर देख रहा है। बहन शुचि कहती हैं, जैसे वो पृथ्वी से किसी और ही दुनिया में गए और अब वापस लौट रहे हैं। नए अनुभवों और यादों के साथ। जैसे वो फिर से जन्म लेकर आ रहे हों। मां आशा ने बताया कि मिशन के अंतिम चरण में उन्होंने घर पर 18 दिन तक विशेष पूजा करवाई। हमारे लिए वो दोबारा जन्म लेकर आ रहा है।

मां रो पड़ी, पिता ने लहराया तिरंगा

शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट 20 दिन अंतरिक्ष यात्रा के बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं। शुभांशु के सकुशल लौटने पर उनका परिवार बेहद खुश है। लखनऊ के सीएमएस स्कूल में माता-पिता ने बेटे की लाइव लैंडिंग देखी। यह क्षण परिवार के लिए भावुक और गर्व से भर देने वाला था। पिता शंभू दयाल मुस्कराते हुए तिरंगा लहराकर बेटे का हौसला बढ़ा रहे थे।

अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला और तीन अन्य क्रू सदस्यों के मंगलवार को सफलतापूर्वक पृथ्वी पर लौटने पर मुरादाबाद के स्कूली में जश्न मनाते छात्र।

शुभांशु के 17 अगस्त तक भारत आने की संभावना

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के मिशन बाद की कई प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद 17 अगस्त तक भारत पहुंचने की उम्मीद है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि कुछ मानक संचालन प्रक्रियाओं का पालन किया जाना है... उनका पुनर्वास, डीब्रीफिंग सत्र और इसरो की टीम के साथ कई चर्चाएं। हम 17 अगस्त तक उनके दिल्ली पहुंचने की उम्मीद कर सकते हैं। इस मिशन को "अभूतपूर्व" बताते हुए सिंह ने कहा कि कक्षीय प्रयोगशाला में अपने प्रवास के दौरान शुक्ला द्वारा किए गए प्रयोग मानव अस्तित्व और सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण में जीवन से निकटता से जुड़े हैं। उन्होंने कहा, "ये प्रयोग न केवल भारतीयों के लिए, बल्कि पूरी मानवता के लिए उपयोगी होंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुभांशु के पिता से बात कर कहा- पूरे देश को है गर्व

लखनऊ। रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष में रिकॉर्ड बनाकर धरती पर वापसी पर खुशी और गर्व व्यक्त किया और लखनऊ में शुभांशु के पिता से फोन पर बात कर कहा कि पूरे देश को उनके पुत्र पर गर्व है। शुभांशु 18 दिन बाद अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से पृथ्वी पर लौटे हैं। राजनाथ सिंह ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की ऐतिहासिक एक्सिओम-4 मिशन से सफल वापसी हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने न केवल अंतरिक्ष को छुआ है, बल्कि भारत की आकांक्षाओं को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक उनकी यात्रा और वापसी केवल एक व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह भारत की बढ़ती अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं के लिए एक गौरवपूर्ण कदम है। मैं उनके भविष्य के प्रयासों में उन्हें अपार सफलता की कामना करता हूं।



शुक्ला ने भारत का गौरव बढ़ाया, वैज्ञानिकों में फिर से विश्वास जगाया : अमित शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) की यात्रा के बाद पृथ्वी पर सफलतापूर्वक लौटने पर मंगलवार को बधाई दी। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि शुक्ला ने एक ऐसी विजय गाथा लिखी है, जिसने न केवल देश का गौरव बढ़ाया है, बल्कि भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों एवं वैज्ञानिकों में अपनी प्रतिभा और साहस को लेकर विश्वास भी जगाया है। शाह ने एक्स पर लिखा कि ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा के बाद पृथ्वी पर उनकी सफल वापसी पर हार्दिक बधाई। भारत की महानता की खोज में उन्होंने विजय की एक ऐसी गाथा लिखी है, जिसने न केवल हमारा गौरव बढ़ाया है, बल्कि भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों और वैज्ञानिकों में अपनी प्रतिभा और साहस के प्रति विश्वास भी जगाया है। गृह मंत्री ने कहा कि इस यात्रा के दौरान अर्जित ज्ञान और अनुभव भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों में भारत के लिए महत्वपूर्ण होंगे।



श्रावण कृष्ण पक्ष षष्ठी 09:02 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 16 जुलाई 2025
वर्ष 35, अंक 170, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

बेरोजगारी दर जून में 5.6 प्रतिशत पर स्थिर 12

आतंकवाद को बर्दाश्त न करने पर अडिग रहेगा भारत 14

शुभ आगमन

18 दिन आईएसएस पर रहने के बाद पृथ्वी पर सुरक्षित लौटे शुभांशु शुक्ला

बेटे की वापसी पर भावुक हो गए शुभांशु के माता-पिता।

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिन के प्रवास के बाद मंगलवार को खुशी और मुस्कुराहट के साथ शुभांशु शुक्ला पृथ्वी पर लौट आए। यह एक ऐसी उपलब्धि है, जो भारत की मानव अंतरिक्ष उड़ान की महत्वाकांक्षाओं को साकार करने का वादा करती है। लखनऊ में जन्मे शुक्ला और निजी 'एक्सिओम-4' मिशन के तीन अन्य अंतरिक्ष यात्री प्रशांत समयानुसार रात 2:31 बजे (भारतीय समयानुसार अपराह्न 3:01 बजे) कैलिफोर्निया के सैन डिएगो के निकट प्रशांत महासागर में उतरे। पूरे भारत में खुशी की लहर दौड़ गई।

भारतीय वायु सेना में ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले दूसरे भारतीय हैं। इससे पहले राकेश शर्मा ने 1984 में सोवियत रूस मिशन के तहत अंतरिक्ष की यात्रा की थी। वह ऐसे पहले भारतीय भी बन गए हैं, जिन्होंने पृथ्वी की कक्षा में सबसे लंबे समय (20 दिन) तक रहकर अंतरिक्ष की यात्रा की। भारत, हंगरी और पोलैंड के लिए इस मिशन ने मानव अंतरिक्ष उड़ान की वापसी को साकार किया है, क्योंकि इन देशों के अंतरिक्ष यात्रियों ने 40 वर्षों से अधिक समय बाद पहली बार अंतरिक्ष की यात्रा की है। कक्षीय प्रयोगशाला में शुक्ला, कमांडर पैगी व्हिटसन तथा पोलैंड के मिशन विशेषज्ञ स्लावोज उज्नान्सकी-विस्नीवस्की और हंगरी के टिबोर कापू सहित एक्सिओम-4 मिशन दल ने अगले 18 दिन 60 प्रयोगों और 20 संपर्क सत्रों में बिताए। ड्रैगन अंतरिक्ष यान ने 28 हजार किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की गति से यात्रा करते हुए एक्सिओम-4 चालक दल के सदस्यों को लेकर धीरे-धीरे गति कम करने और पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करने के लिए कई प्रक्रियाएँ पूरी कीं तथा प्रशांत महासागर में उतरने से पहले तीव्र गर्मी का सामना किया। कुछ ही मिनटों बाद अंतरिक्ष यान को स्पेसएक्स के रिकवरी शिप शैनन के ऊपर ले जाया गया।

ड्रैगन अंतरिक्ष यान से मुस्कुराते हुए बाहर निकले

तीन सप्ताह तक भारहीनता की स्थिति में रहने के बाद धरती पर रखा कदम

आईएसएस पर तीन सप्ताह तक भारहीनता की स्थिति में रहने के बाद पृथ्वी पर गुरुत्वाकर्षण के साथ तालमेल बिठाने के लिए पैरों के सहारे चलवाने में शुक्ला की ग्राउंड स्टाफ ने मदद की। हेलीकॉप्टर के जरिए तट पर ले जाए जाने से पहले एक्सिओम-4 के चालक दल को जहाज पर ही कई चिकित्सीय जांचों से गुजरना पड़ा। चारों अंतरिक्ष यात्रियों के सात दिन पुनर्वास कार्यक्रम में रहने उम्मीद है।

माता-पिता की आंखों से खुशी के आंसू छलके

लखनऊ में शुक्ला के माता-पिता ने अपने बेटे के पृथ्वी पर लौटने पर राहत की सांस ली। शुक्ला के पिता शंभू दयाल शुक्ला और मां आशा देवी की आंखों से खुशी के आंसू निकल आए। उनकी बहन शुचि मिश्रा ने भी नम आंखों और हाथ जोड़कर अपने भाई के पृथ्वी पर उतरने का स्वागत किया। शंभू दयाल शुक्ला ने कहा, वह अंतरिक्ष में गए और वापस आए तथा हम बहुत खुश हैं, क्योंकि इस मिशन का देश के गगनयान कार्यक्रम के लिए अपना महत्व है।

शुभांशु शुक्ला की उपलब्धि ने करोड़ों सपनों को किया प्रेरित : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन की यात्रा करने वाले भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री के रूप में शुक्ला ने अपने समर्पण, साहस और अग्रणी भावना से करोड़ों सपनों को प्रेरित किया है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, यह हमारे अपने मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन - गगनयान की दिशा में एक और मील का पत्थर है।

शुभांशु साहस, समर्पण और विज्ञान के प्रति संकल्प का प्रतीक : योगी

मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया मंच एक्स के माध्यम से बधाई देते हुए उनकी उपलब्धि को उत्तर प्रदेश और देश के लिए गौरव का क्षण बताया। योगी ने लिखा है कि वेलकम बैक टू अर्थ! ऐतिहासिक मिशन को सकुशल संपन्न कर सफल वापसी पर ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला व उनकी टीम को हार्दिक बधाई।

स्किल्ड युवा ही आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत: योगी

विश्व युवा कौशल दिवस पर मुख्यमंत्री ने लखनऊ में कौशल मेले का किया उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

लखनऊ में आयोजित कौशल मेले में युवती को यूथ आईकॉन सम्मान देते योगी।

अमृत विचार: सीएम योगी ने एआई व डिजिटल कौशल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण पर जोर देते हुए कहा कि स्किल्ड युवा ही आत्मनिर्भर भारत की असली ताकत है। डबल इंजन सरकार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है।

वह मंगलवार को विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित दो दिवसीय कौशल मेले और प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। योगी ने युवाओं को विश्व युवा कौशल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि उनकी प्रतिभा के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। इस वर्ष की थीम 'एआई और डिजिटल स्किल के माध्यम से युवा सशक्तिकरण' प्रदेश के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक है। सीएम ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नीति युवाओं को एक साथ डिग्री और कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने की सुविधा देती है। पिछले आठ वर्षों में 2 करोड़ युवाओं को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने के लिए स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध करने के लक्ष्य समेत टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से 150 आईटीआई को न्यू-एज टेक्नोलॉजी के साथ जोड़ने का जिक्र किया।

प्रदेश में खुल रहे निवेश और रोजगार के नए अवसर

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में निवेश के क्षेत्र में हुई प्रगति का भी जिक्र किया। कहा कि 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव धरातल पर उतर चुके हैं। यह लाखों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित कर रहे हैं। उन्होंने उद्योगों और शैक्षिक संस्थानों के बीच तालमेल को आवश्यक बताते हुए कहा कि इससे उद्योगों की मांग के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार किए जा सकते हैं। 'सीएम युवा' योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि अब तक 50 हजार से अधिक युवा लाभान्वित हो चुके हैं।

डेढ़ करोड़ से अधिक लोगों को रोजगार

योगी ने कहा कि वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) और मुख्यमंत्री विश्वकर्मा श्रम सम्मान जैसी योजनाओं के माध्यम से परंपरागत उद्यमों को पुनर्जीवित किया गया है। ओडीओपी के तहत डेढ़ करोड़ को रोजगार मिला जबकि विश्वकर्मा योजना के तहत एक लाख हस्तशिल्पियों टूलकिट दिए गए।

15 युवाओं को दिया यूथ आईकॉन सम्मान

सीएम ने 15 युवाओं को यूथ आईकॉन सम्मान और 11 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इसके अलावा, प्रदेश के लिए पांच स्किल रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उन्होंने उद्योग प्रतिनिधियों को 'इंडस्ट्री एम्बेसडर' सम्मान से भी सम्मानित किया।

पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई

नई दिल्ली। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिश 31 जुलाई तक की जा सकती है। इन पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस पर की जाती है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और सिफारिश राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन की जा सकती है।

पद्म पुरस्कारों में पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्म श्री शामिल हैं और इनकी शुरूआत वर्ष 1954 में की गयी थी। पद्म पुरस्कार कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरी, लोक कार्य, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि जैसे सभी क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रदान किए जाते हैं।

निलंबित आईएएस अभिषेक को रिश्वत कांड में चार्जशीट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद 400 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे इन्वेस्ट यूपी के पूर्व सीईओ पर कार्रवाई

अमृत विचार: इन्वेस्ट यूपी और डिफेंस कॉरिडोर घोटाले में आरोपी निलंबित आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश को आखिरकार चार्जशीट थमा दी गई है। मुख्यमंत्री के अनुमोदन के बाद 400 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे इन्वेस्ट यूपी के पूर्व सीईओ को यह कार्रवाई की गई है।

चार्जशीट में निलंबित आईएएस अधिकारी के खिलाफ इन्वेस्ट यूपी में निवेशकों से सौदे के नाम पर मोटी रिश्वत मांगने के आरोप हैं। साथ ही डिफेंस कॉरिडोर परियोजना में भूमि आवंटन एवं अनियमितता की जांच और प्रभावशाली पद पर रहते हुए आर्थिक अनुशासन के उल्लंघन के प्रकरण भी शामिल है। मालूम हो कि, लखनऊ के पूर्व डीएम और एलडीए के पूर्व वीसी अभिषेक प्रकाश को घूसखोरी कांड में निलंबित किया गया था। आरोप है कि उन्होंने उद्योग लगाने के बदले व्यापारी से पांच प्रतिशत कमीशन की मांग की थी।

दरअसल, जो चार्जशीट अभिषेक प्रकाश को थमाई गई है, उसमें मुख्यतः एक ही आरोप लगाया गया है। जिसमें सौर ऊर्जा के कलपुर्जे बनाने का संयंत्र लगाने वाली कंपनी एसएईएल सोलर पी-6 प्राइवेट लिमिटेड की उस फाइल का जिक्र है, जिसमें पांच प्रतिशत कमीशन (400 करोड़) के चक्कर में लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) कम्पनी को नहीं जारी किया गया था।

राहुल ने किया आत्मसमर्पण, मिली जमानत

विधि संवाददाता, लखनऊ

- सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी का मामला
- मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त को

भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सैनिकों के लिए कथित अपमानजनक टिप्पणी के मामले में मंगलवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अदालत में आत्मसमर्पण किया। उनके अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल ने अदालत से जमानत पर रिहा करने की मांग की।

अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा ने यह अर्जी मंजूर करते हुए, अभियुक्त राहुल गांधी को 20 हजार रुपये की दो जमानत व इतनी ही धनराशि का निजी मुचलका दाखिल करने पर रिहा करने का आदेश दिया। साथ इस मामले की अगली सुनवाई 13 अगस्त के लिए नियत कर दी। राहुल के साथ यूपी कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, सीबीए के पूर्व महामंत्री संजीव पांडेय, पूर्व उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह व कांग्रेस के अन्य नेता भी मौजूद थे। गौर है कि अदालत के समक्ष सीमा सड़क संगठन के सेवानिवृत्त निदेशक (भारतीय सेना में कर्नल के पद के समकक्ष) उदय शंकर श्रीवास्तव की ओर से एक परिवाद दाखिल कर कहा गया है कि 16 दिसंबर 2022 को राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मीडिया कर्मियों और जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा था कि चीनी सैनिकों द्वारा हमारे सैनिकों की पिटाई के बारे में एक बार भी सवाल नहीं पूछा जा रहा है'। राहुल गांधी द्वारा भारतीय सैनिकों की चीनी सैनिकों द्वारा पिटाई के झूठे बयान से परिवादी को आघात लगा।

दिव्यांगजनों को राशन दुकानों के आवंटन में मिलेगा 4% आरक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव को दी गई मंजूरी

अमृत विचार: प्रदेश में सरकारी राशन दुकानों के आवंटन में दिव्यांगजनों को तीन से बजाय चार प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। पिछड़ा वर्ग कल्याण व दिव्यांगजन राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप की अध्यक्षता में मंगलवार को योजना भवन में दिव्यांगजनों के लिए गठित राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक में इससे जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

साथ ही सभी विभागों में दिव्यांगजनों के खाली पद भरे जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए गए। शिक्षण संस्थानों में छात्रों के प्रवेश में आरक्षण को चार प्रतिशत से बढ़ाकर पांच प्रतिशत किये जाने को भी मंजूरी दी गई। बैठक के बाद राज्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए लागू की गई योजनाओं के धरातल तक क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। उन्होंने बताया कि नगर निकायों के जरिये दिव्यांगजनों को दी जाने वाली दुकानों व गुमटी क्योस्क के आवंटन में आरक्षण को प्राथमिकता से लागू करने का निर्देश दिया गया।

भारतीय नर्स की मौत की सजा टली

तिरुवनंतपुरम, एजेंसी

- यमन में निमिषा प्रिया के मामले में हरसंभव सहायता प्रदान कर रही सरकार

यमन के अधिकारियों द्वारा भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की मौत की सजा स्थगित करने से उसके परिवार और दक्षिणी राज्य केरल के राजनीतिक नेतृत्व सहित अन्य लोगों को राहत मिली है। अब प्रिया के बचने की उम्मीद बढ़ गई है।

सूत्रों ने बताया कि भारत सरकार ने हाल के दिनों में प्रिया के परिवार को दूसरे पक्ष के साथ पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान तक पहुंचने के वास्ते अधिक समय देने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। भारतीय नर्स को बुधवार को मौत की सजा दी जानी थी। प्रिया के पति टॉमी थॉमस ने सरकार और अन्य संगठनों के सामूहिक प्रयास पर संतोष व्यक्त किया है। टॉमी थॉमस ने बताया, फांसी टाल दी गई है। यह अच्छी खबर है। हम खुश और राहत महसूस कर रहे हैं।

मुझे यकीन है कि उसकी फांसी रुकवाने और उसे सुरक्षित वापस लाने के प्रयास जारी रहेंगे। उन्होंने इस मुहिम में समर्थन के लिए सभी लोगों का धन्यवाद किया। थॉमस ने बताया कि उनकी एक बेटी है जो बारहवीं कक्षा में पढ़ती है और उसे इन सब चीजों से दूर रखा गया है। केरल के पलक्कड़ जिले के कोल्लेंगोडे की रहने वाली प्रिया को जुलाई 2017 में यमन के एक नागरिक की हत्या का दोषी पाया गया था।

वर्ष 2020 में, यमन की अदालत ने प्रिया को मौत की सजा सुनाई और देश की सर्वोच्च न्यायिक परिषद ने नवंबर 2023 में उनकी अपील खारिज कर दी। प्रिया (38) वर्तमान में यमन की राजधानी सना की एक जेल में बंद है, जो ईरान समर्थित हूतियों के नियंत्रण में है।

सूत्रों ने बताया कि भारत सरकार शुरू से ही इस मामले में हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है।

19 से 9 अगस्त तक 10 दिन बंद रहेगा लखनऊ-गोरखपुर हाईवे

संवाददाता, अयोध्या

- नहीं चल सकेंगे भारी वाहन, लागू होगा रूट डायवर्जन

अमृत विचार: श्रावण माह में 19 जुलाई से नौ अगस्त के बीच 10 दिन लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर हाईवे भारी वाहनों के लिए बंद रहेगा। पुलिस ने डायवर्जन लागू किया है।

दूसरे सोमवार व श्रावण त्रयोदशी को लेकर 19 से 24 जुलाई तक 120 घंटे लखनऊ-अयोध्या-गोरखपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर मालवाहक भारी वाहन, ट्रक, डीसीएम, ट्रैक्टर आदि नहीं चल सकेंगे। वहीं, इस वर्ष नई व्यवस्था लागू करते हुए मणिपर्वत मेला, श्रावण माह के तृतीय सोमवार व नाग पंचमी पर्व पर 26 जुलाई की प्रातः आठ से 29 जुलाई की रात 11 बजे तक, श्रावण माह के चतुर्थ व अंतिम सोमवार पर तीन अगस्त की सुबह आठ बजे से चार अगस्त की रात 11 बजे तक व श्रावण पूर्णिमा व रक्षाबंधन पर्व पर आठ अगस्त की प्रातः आठ बजे से नौ अगस्त की रात 11 बजे तक हाईवे को बंद किया गया है। एसपी यातायात एपी सिंह ने बताया कि पड़ोसी जनपद बाराबंकी, गोंडा, गोरखपुर, अमेठी, सुलतानपुर, अंबेडकरनगर से भारी वाहनों का डायवर्जन कर उन्हें अन्य मार्ग से उनके गंतव्य को भेजा जाएगा।

निवेशकों की भागीदारी से डीमैट खातों की संख्या 19.4 करोड़ बढ़ी

मुंबई। भारतीय बाजार में खुदरा निवेशकों की उल्लेखनीय भागीदारी देखी जा रही है और डीमैट खातों की संख्या 2019 के 3.6 करोड़ से बढ़कर 2025 में 19.4 करोड़ हो गई। सूचीबद्ध कंपनियों में घरेलू संस्थागत निवेशकों का स्वामित्व 13 प्रतिशत से बढ़कर 20 प्रतिशत हो गया जबकि विदेशी स्वामित्व 22 प्रतिशत से घटकर 17 प्रतिशत रह गया है। आईवीसीए नवीकरणीय ऊर्जा शिखर सम्मेलन 2025 द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सेबी की कार्यकारी निदेशक रुचि चोजर ने कहा कि विश्वास निवेश की आधारशिला है और भारत ने वह विश्वास हासिल कर लिया है।

छात्रों के लिए दिल्ली दुनिया का सबसे किफायती शहर

क्यूएस रैंकिंग में दुनिया के शीर्ष 130 शहरों में चार भारतीय शहर

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई छात्रों के लिए दुनिया के शीर्ष 130 शहरों में शामिल हैं, वहीं राष्ट्रीय राजधानी को छात्रों के लिए वैश्विक स्तर पर सबसे किफायती शहर का दर्जा दिया गया है। मंगलवार को घोषित क्यूएस रैंकिंग से यह जानकारी मिली।

छात्रों के लिहाज से बेहतरीन शहरों की रैंकिंग में शामिल सभी चार भारतीय महानगरों दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु और चेन्नई ने अपनी स्थिति में सुधार किया है, जो भारत में उच्च शिक्षा के प्रति बढ़ती रुचि को दर्शाता है। लंदन स्थित क्यूएस द्वारा घोषित 2026 क्यूएस बेस्ट स्टूडेंट सिटीज रैंकिंग के अनुसार, मुंबई ने वैश्विक शीर्ष 100 शहरों में फिर से प्रवेश किया है और 15 स्थान ऊपर चढ़कर 98वें स्थान पर पहुंच गया है। दिल्ली सात स्थान चढ़कर 104वें स्थान पर पहुंच गया है, जबकि भारतीय शहरों में बेंगलुरु सबसे ज्यादा सुधार करते हुए 22 स्थान ऊपर चढ़कर 108वें स्थान पर पहुंच गया है। चेन्नई भी उल्लेखनीय रूप से आगे बढ़ा है और 12 स्थान ऊपर चढ़कर 128वें स्थान पर पहुंच गया है। मुंबई और बेंगलुरु ने भी किफायती के पैमाने पर अच्छा प्रदर्शन किया है और शीर्ष 15 शहरों में शामिल हैं। नियोक्ता गतिविधि श्रेणी में, दिल्ली और मुंबई दोनों ही वैश्विक स्तर पर शीर्ष 50 में शामिल हो गए हैं, जो स्नातकों के लिए रोजगार की मजबूत संभावनाओं को दर्शाता है।

भारत की बढ़ती उपस्थिति एक सांख्यिकीय उछाल से कहीं अधिक : जेसिका टर्नर

क्यूएस की सीईओ जेसिका टर्नर ने कहा, 2026 क्यूएस बेस्ट स्टूडेंट सिटीज रैंकिंग में भारत की बढ़ती उपस्थिति एक सांख्यिकीय उछाल से कहीं अधिक है। यह देश के उच्च शिक्षा परिदृश्य में एक ढांचागत बदलाव को दर्शाती है। जैसे-जैसे हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की पांचवीं वर्षगांठ के करीब पहुंच रहे हैं, वैश्विक जुड़ाव, गुणवत्ता वृद्धि और छात्र-केंद्रित शिक्षा पर इसका ध्यान अंतर्राष्ट्रीय मंच पर लाभदायक दिखने लगा है।

शीर्ष पर काबिज लंदन तीसरे स्थान पर खिसका

छह वर्षों तक शीर्ष स्थान पर रहा लंदन तीसरे स्थान पर खिसक गया, जिसका मुख्य कारण किफायती सूचकांक में उल्लेखनीय गिरावट थी, जहां यह 11 स्थान नीचे गिरकर विश्व स्तर पर 137वें स्थान पर आ गया। क्यूएस कम से कम 2,50,000 की आबादी वाले शहरों और कम से कम दो विश्वविद्यालयों को क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग में स्थान दिलाने वाले शहरों को रैंकिंग प्रदान करता है।

सार-संक्षेप

संसदीय विधा की विशिष्टता रखते हैं प्रमोद तिवारी : उज्ज्वल

लालगंज में आयोजित सद्भावना सभा में विकास पुस्तिका का लोकार्पण करते सांसद उज्ज्वल रमण सिंह। अमृत विचार

प्रतापगढ़, अमृत विचार : राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर मंगलवार को एचएन बहुगुणा पीजी कालेज लालगंज में सदभावना दिवस समारोह मनाया गया। शुभारंभ सांसद व प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री उज्ज्वल रमण सिंह ने किया। उन्होंने केक काटकर प्रमोद के सेवा संकल्प की ईश्वर से मजबूती की प्रार्थना की। उज्ज्वल रमण ने संयोजक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ल द्वारा लिखी गयी पुस्तिका सुनहरा विकास, प्रमोद जी का चमकता रामपुर खास का विमोचन किया। कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता व लाखों कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शक प्रमोद तिवारी के संसदीय गुण प्रेरक हैं। वह संसदीय विधा की विशिष्टता रखते हैं। विधायक आराधना मिश्रा मोना के भी पार्टी के प्रति अटूट समर्पण की सराहना की। प्रयागराज के कांग्रेसी नेता मुकुन्द तिवारी,शहर अध्यक्ष फुजैल हाशमी, वरिष्ठ नेता हरिकेश त्रिपाठी एवं कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ. नीरज त्रिपाठी ने प्रमोद तिवारी की राजनैतिक एवं सामाजिक उपलब्धियों का बखान किया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व प्राचार्य प्रो. डॉ. ऋचा सुकुमार की अगुवाई में सांसद का सारस्वत सम्मान किया गया। अध्यक्षता सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, संयोजन ज्ञान प्रकाश शुक्ल व संचालन विकास मिश्र ने किया। सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ.लालजी त्रिपाठी, केडी मिश्र, डा. प्रशान्तदेव शुक्ल, इन्द्रानंद तिवारी, विभवभूषण शुक्ल, रामकृपाल पासी, पूर्व प्रमुख ददन सिंह, डा. अमिताभ शुक्ल,सुधाकर पाण्डेय, रवीन्द्र मिश्र, रिंकू सिंह, रघुनाथ सरोज, अरविन्द सिंह, लल्लन सिंह ने मुकुन्द तिवारी, फुजैल हाशमी, हरिकेश त्रिपाठी आदि रहे।

राइफल शूटिंग में मंडल स्तर के लिए चार छात्रों का चयन

प्रतापगढ़ : जनपदीय खेल प्रतियोगिता के तहत राइफल शूटिंग का आयोजन तिलक इंटर कॉलेज में किया गया। शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रमोद तिवारी ने किया। प्रतियोगिता में अबुल कलाम आजाद इंटर कॉलेज और तिलक इंटर कॉलेज के बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें अबुल कलाम आजाद इंटर कॉलेज के मो. काशान,मो. अर्श और तिलक इंटर कॉलेज से नितिन तिवारी, श्रेया तिवारी का चयन मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया गया। दिनेश कुमार पांडेय, विनीत सिंह,संजीव कुमार रहे। खेल सचिव संतोष कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व खेल सचिव आबाद अहमद व्यायाम शिक्षक गौरव पांडेय,राकेश तिवारी,गिरेंद्र द्विवेदी,गंगा सागर शुक्ल आदि मौजूद रहे।

सीबीएसई कंपार्टमेंट : 859 ने दी परीक्षा, 37 रहे अनुपस्थित

प्रतापगढ़ : केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं की कंपार्टमेंट-इंप्रूवमेंट परीक्षा मंगलवार को संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा व न्यू एंजिल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुई। परीक्षा में जिले के 43 मान्यता प्राप्त विद्यालयों के 859 परीक्षार्थियों शामिल हुए। जबकि 37 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कंपार्टमेंट-इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए 896 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। परीक्षा में वह छात्र शामिल हुए जो किसी एक विषय में पास नहीं हुए थे या फिर जिन्हें मुख्य परीक्षा में कम नंबर मिले थे। 22 जुलाई तक कंपार्टमेंट-इंप्रूवमेंट परीक्षाएं होगी। 12वीं की परीक्षा मंगलवार को आयोजित हुई। 10 .30 बजे से दोपहर 1 .30 बजे तक परीक्षा हुई। जबकि 10 वीं की गणित विषय की परीक्षा बुधवार होगी। 18 को विज्ञान, 19 को अंग्रेजी, 21 को सामाजिक विज्ञान तथा 22 जुलाई को हिंदी की परीक्षा होगी। सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर बीके सोनी ने बताया कि परीक्षाशांति पूर्वक सकुशल हुई।

धर्म छिपाकर युवक ने किया युवती को ब्लैकमेल, केस दर्ज

प्रतापगढ़ : भंगवा चुंगी के करीब संचालित हो रहे होटल ग्रैंड पैलेस में मिला मुस्लिम युवक धर्म छिपाकर युवती को ब्लैकमेल कर रहा था। कोहड़ौर इलाके की एक युवती जनसेवा केंद्र पर काम करती है। जहां उसकी मुलाकात दिलीपपुर के गोपालपुर निवासी 25 वर्षीय मकसूद अहमद से हुई। दोनों की इंस्टाग्राम पर बात होने लगी। युवक ने एक बार इंस्टग्राम आईडी का पासवर्ड युवती से मांग लिया। इंस्टाग्राम से फोटो निकालकर युवती का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता ने बताया कि युवक ने कई बार होटल में उसके साथ दुष्कर्म किया, उससे पैसे भी लिए। सोमवार को होटल में युवती से मिले युवक ने दस लाख रुपये की मांग की। पैसा न देने पर वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की बात कही। मौके पर पहुंचे लोग व उसके परिजन युवक को पीटते हुए सड़क तक घसीट लाए। घायल युवक का एसआरएन अस्पताल प्रयागराज में इलाज चल रहा है। डीएम के आदेश पर मंगलवार को एसडीएम सदर नैंसी सिंह और सीओ सिटी शिवनारायण वैश होटल ग्रैंड पैलेस पहुंचे। पुलिस ने अलग से मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। युवती की तहरीर पर भी युवक पर ब्लैकमेलिंग और अश्लील वीडियो बनाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना में होटल मालिक की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

पशुपालक 33 रुपये में करायें पशुओं का बीमा

प्रतापगढ़ : पशुपालकों की आमदनी बढ़े और पशुपालन को बढ़ावा मिले, इसके लिए पशुपालन विभाग ने राष्ट्रीय पशु धन बीमा योजना की शुरुआत की है। इसके तहत अब पशुपालकों को अपने पशुओं का बीमा कम प्रीमियम यानी 33 रुपये में कराने का अवसर मिल रहा है। इसमें दुर्घटना और आपदा से पशु हानि की स्थिति में उन्हें वित्तीय सहायता मिल सकेगी। इससे पशुओं की मौत पर पशुपालकों पर बोझ नहीं पड़ेगा। जिले में 2 .54 लाख से अधिक पशुपालक हैं। 12 लाख गाय, भैंस आदि हैं। पशु चिकित्साधिकारी डा. प्रदीप कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय पशु धन बीमा योजना के तहत पशुओं का बीमा कराया जा रहा है। राष्ट्रीय पशु धन बीमा योजना के तहत जनपद का लक्ष्य 10 हजार है।

एलटी : 7466 पदों के लिए 28 से होंगे ऑनलाइन आवेदन

प्रयागराज, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज ने सहायक अध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी 'एलटी' (पुरुष – महिला शाखा) परीक्षा–2025 के लिए आज संक्षिप्त विज्ञापन जारी कर दिया है। इस भर्ती का विस्तृत विज्ञापन 28 जुलाई को लोक सेवा आयोग प्रयागराज की वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। इसी दिन से इस भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। लोक सेवा आयोग के सचिव ने बताया कि वर्तमान में इस परीक्षा से कुल 7466 पदों पर भर्ती प्रस्तावित है। इनमें राजकीय विद्यालयों में पुरुष शाखा के लिए 4860 और महिला शाखा के अंतर्गत 2525 पद शामिल हैं। इसके अतिरिक्त 81 पद शारीरिक शिक्षा विषय के लिए आरक्षित किया गया हैं। आवेदन के लिए अभ्यर्थी की आयु एक जुलाई 2025 को न्यूनतम 21 वर्ष और अधिकतम 40 वर्ष होनी चाहिए। आरक्षित श्रेणियों को नियमानुसार आयु में छूट मिलेगी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन एवं शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 28 अगस्त और आवेदन में संशोधन की अंतिम तिथि चार सितंबर तय की गई है। इस परीक्षा के लिए आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों को आयोग की वेबसाइट पर 'वन टाइम रजिस्ट्रेशन (ओटीआर)' कराना अनिवार्य होगा। बिना ओटीआर के कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

यूपी बोर्ड : 10 वीं, 12 वीं के छात्र 5 अगस्त तक जमा करें शुल्क

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) ने वर्ष- 2026 में आयोजित होने वाली हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले संस्थागत परीक्षार्थियों के आवेदन पत्र यूपी बोर्ड की वेबसाइट upmsp.edu.in पर आज ऑनलाइन अपलोड करने का शेड्यूल जारी कर दिया है। इसके साथ ही यूपी बोर्ड में परीक्षा शुल्क भी घोषित किया है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने शेड्यूल और परीक्षा शुल्क की जानकारी विज्ञप्ति जारी कर दी है। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती सिंह ने बताया कि शेड्यूल के अनुसार संस्था के प्रधानाचार्य द्वारा संस्थागत छात्र – छात्राओं का कक्षा 10 और 12 वीं में प्रवेश लेने और परीक्षा शुल्क प्राप्त करने की की अंतिम तिथि 5 अगस्त 2025 तय की गई है। संस्था के प्रधान द्वारा सभी अर्ह छात्र, छात्राओं से प्राप्त परीक्षा शुल्क को एकमुश्त चालान के माध्यम से कोषागार में 10 अगस्त 2025 तक जमा किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि संस्था के प्रधान (प्रधानाचार्य) द्वारा कोषागार में जमा किए गए परीक्षा शुल्क की सूचना छात्र, छात्राओं के शैक्षिक विवरणों को यूपी बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त रात 12 :00 बजे तक तय की गई है। सचिव ने बताया कि 10 अगस्त 2025 के बाद प्रति छात्र 100 रुपए विलंब शुल्क के साथ परीक्षा शुल्क चालान के माध्यम से कोषागार में जमा करने की अंतिम तिथि 16 अगस्त तय की गई है जबकि विलंब शुल्क के साथ जमा परीक्षा शुल्क की सूचना और छात्र-छात्राओं के शैक्षिक विवरण वेबसाइट पर ऑनलाइन 20 अगस्त रात 12 :00 बजे तक अपलोड किये जा सकेंगे। सचिव भगवती सिंह ने बताया कि वेबसाइट पर ऑनलाइन अपलोड किए गए विवरणों की चेक लिस्ट प्राप्त कर प्रधानाचार्य (संस्था के प्रधान) द्वारा उनके विवरणों नाम आदि को अच्छी तरह से जांच करने की अवधि 21 अगस्त से 31 अगस्त रखी गई है।

खतरे के निशान के पास गंगा-यमुना

पिछले 24 घण्टे में गंगा सवा मीटर तो यमुना का जलस्तर एक मीटर बढ़ा

संवाददाता, प्रयागराज

अमृत विचार। प्रयागराज में गंगा और यमुना तेजी से खतरे के निशान की ओर बढ़ रही है। पिछले 24 घण्टे में दोनों नदियां एक मीटर और सवा मीटर तक बढ़ चुकी है। खतरे का निशान अब करीब ढाई मीटर रह गया है। गंगा का फाफामऊ में जलस्तर 81.58 मीटर, छतनाग में 80.85 मीटर और यमुना का जलस्तर नैनी में 81.65 मीटर हो गया है जबकि प्रयागराज में दोनों नदियों के खतरे का निशान 84.734 मीटर है।

राजस्थान, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड में हो रही जोरदार बारिश का पानी गंगा और यमुना नदियों से होते हुए संगम पहुंच रहा है इससे दोनों नदियों के जलस्तर में तेजी से वृद्धि हो रही है।

बारिश के बाद बढ़ा गंगा का जलस्तर। अमृत विचार

दोनों नदियों के बढ़ते हुए जलस्तर से कछारी क्षेत्रों के लोग हटने लगे हैं। करीब पांच सौ बीघा क्षेत्र में फैली सब्जी की खेती पूरी तरह से डूब चुकी है। संगम क्षेत्र, रामघाट, नागवासुकी और अरैल घाट से तीर्थ पुरोहित, घाटियां, नाविक और दुकानदार सुरक्षित स्थानों पर चले गए है। गंगा नदी के दोनों तट पर बनी कंक्रीट की सड़क डूब गयी है इससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। झूंसी क्षेत्र की कंक्रीट की सड़क और हेता पट्टी सहित अन्य सड़कें डूब गयी है।

गंगा, यमुना के बढ़ते हुए जलस्तर से जिले की सभी आठ तहसीलों सदर, फूलपुर, सोरांव, हण्डिया, करछना, मेजा, बारा और कोरांव के करीब 200 गांव, मोहल्ले खतरे की जद में आ गए है। वह लोग अपना सामान हटाने लगे हैं। दोनों नदियों का पानी संगम स्थित बड़े हनुमान मंदिर तक पहुंच गया है। संभावना है कि आज किसी भी समय दोनों नदियां बड़े हनुमान जी को स्नान करा सकती है। डीएम रविन्द्र कुमार मांदड का कहना है कि दोनों नदियों के बढ़ते हुए जलस्तर को देखते हुए कछारी क्षेत्रों में गश्त तेज कर दी गई है और लोगों को एलर्ट कर दिया गया है।

मां गंगा, यमुना, सरस्वती ने बड़े हनुमान जी को कराया स्नान

प्रयागराज, अमृत विचार। प्रयागराज में गंगा के जल स्तर में वृद्धि जारी है जबकि यमुना का जलस्तर नौ सेमी घटा है। पिछले चार घंटे में गंगा का जलस्तर 14 सेमी बढ़ा है। दोपहर करीब तीन बजे गंगा, यमुना और अदृश्य मां सरस्वती ने संगम तट स्थित बड़े हनुमान जी को स्नान करा दिया। इस दौरान बाघम्बरी मठ के महंत बलवीर गिरी ने शिष्यों सहित मां गंगा, मां यमुना का पूजन, अर्चन कर आरती किया।

बड़े हनुमान जी की पूजा करते पुजारी।

प्रयागराज में मां गंगा, यमुना और सरस्वती ने अपने पवित्र जल से मंगलवार को दोपहर में बड़े हनुमान मंदिर को कराया। महंत बलवीर गिरी महाराज ने आरती उतारी, पूजा पाठ शुरू हो गया। आचार्यों ने वैदिक मंत्रों के साथ मां गंगा, यमुना और सरस्वती का स्वागत किया। ऐसी मान्यता है कि जब भी मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती बड़े हनुमान जी को स्नान कराने आती हैं यह शहर वासियों के लिए शुभ संकेत होता है।

पूरामुफ़्ती थाना में तैनात दरोगा की मौत

प्रयागराज। पूरामुफ़्ती थाना में तैनात उपनिरीक्षक राजेश यादव (35) की हृदय गति रुकने से आकस्मिक मौत हो गई। उनकी मौत से पुलिस विभाग में शोक की लहर है। वर्तमान समय में

उपनिरीक्षक राजेश यादव पूरामुफ़्ती थाना में तैनात थे। प्रयागराज जनपद के विभिन्न थानों में वह अपनी सेवा दे चुके हैं। बेहद सुलझे और सरल व्यक्तित्व के लोगों में उनका नाम शुमार रहा है। बताया जा रहा है कि कई दिनों से वह बीमार चल रहे थे इसलिए छुट्टी लेकर इलाज के लिए अपने निवास गए थे। वहां से वह अपना इलाज करवाने के लिए लखनऊ चले गए। लखनऊ के हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था इसी दौरान उनकी मौत हो गई। उनकी मौत से पुलिस विभाग और पारिवारिक जनों के बीच गहरा शोक व्याप्त है।

भड़ेवरा कांड के आरोपियों की सपा करेगी हर संभव मदद

नैनी/प्रयागराज। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर नेताओं का प्रतिनिधि मण्डल मंगलवार को जिला जेल नैनी पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल ने गत दिनों करछना स्थित भड़ेवरा बाजार में हुए बवाल के आरोपियों से मुलाकात की। सपा एमएलसी डॉ मानसिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार अपराधों पर अंकुश लगाने में पूरी तरह से विफल है लेकिन निर्दोष लोगों को फर्जी तरीके से फंसाकर उनके ऊपर गंभीर धाराओं में मुकदमे कराकर समाज में दहशत का राज कायम करना चाह रही है। मेजा विधायक संदीप पटेल ने कहा कि शिक्षालय बंद करके मदिरायल को बढ़ावा देने की सरकारी योजना का विरोध करने पर छात्र नेताओं को जेल में बंद करना सरकार की तानाशाही मानसिकता दर्शाता है। प्रतिनिधि मण्डल में सपा के यमुनापार जिलाध्यक्ष पप्पूलाल निषाद, डॉ आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजू पासी सहित अन्य लोग थे।

चन्द्रशेखर आजाद के नाम से पंडित हटाने पर आक्रोश

प्रयागराज, अमृत विचार। श्रृंगवेरपुर पीठाधीश्वर श्रीमद जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी नारायणाचार्य शांडिल्य जी महाराज ने शहीद चन्द्रशेखर आजाद के नाम के आगे से पंडित हटाये जाने के विरोध में नगर आयुक्त साईं तेजा को आज नगर निगम में ज्ञापन सौंपा। पीठाधीश्वर स्वामी शांडिल्य महराज ने कहा कि जब चन्द्रशेखर आजाद अपने नाम के आगे बचपन से पंडित लगाते थे और आजादी की लड़ाई के दौरान उनके क्रान्तिकारी साथी भी चन्द्रशेखर आजाद को पण्डित जी कहते थे। उन्होंने कहा कि इलाहाबाद संग्रहालय में भी चन्द्रशेखर आजाद के नाम के आगे पंडित लिखा है तो किसने और हटा दिया। स्वामी शांडिल्य महराज ने बताया कि रसूलाबाद, तेलियरगंज स्थित शहीद चन्द्रशेखर आजाद की समाधि पर भी पंडित जी लिखा हुआ है, ऐसे में मामले की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाये और संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो।

कार्यालय उपजिलाधिकारी रामसनेहीघाट–बाराबंकी

संख्या– 481/र0का0/मत्स्य पालन पट्टा दिनांक– 09 जुलाई 2025

सार्वजनिक नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या 170/ एफ–2016–15(1) /1998–99 लखनऊ दिनांक 10 फरवरी 2016 एवं उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता(द्वितीय संशोधन)नियमावली 2016, उ0प्र0शासन विशेष सचिव लखनऊ के पत्र संख्याः 1365/एक–1–2016 दिनांक 20.08.2016 द्वारा निर्गत उ0प्र0राजस्व संहिता 2006 के नियम 57 व 58 द्वारा दिये गये निर्देशों में वर्णित वरीयताक्रम में व मा0उच्च न्यायालय की पूर्ण पीठ द्वारा रिट याचिका संख्या–23932/2001 राजकुमार बनाम उ0प्र0सरकार व अन्य में दिनांक 14.05.2009 व 30.06.2009 को पारित आदेश के अनुपालन में ग्रामसभा में निहित ताल पोखरों,मीनाशयों जिसका विवरण निम्नवत् है, को 10 वर्षीय मत्स्य पालन पट्टा हेतु आवंटन की कार्यवाही तहसील मुख्यालय पर आयोजित शिविर के माध्यम से तहसील सभागार में किया जायेगा। इच्छुक पात्र व्यक्ति जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र तथा 02 हे0 से बड़े तालाबों के लिए मत्स्य जीवी सहकारी समितियों को मत्स्य विभाग बाराबंकी से अदेयता प्रमाण पत्र आवेदन के साथ नियत तिथि पर तहसील मुख्यालय पर आयोजित शिविर में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। शिविर में एक तालाब का एक से अधिक पात्र व्यक्ति होने पर नीलामी द्वारा आवंटन किया जायेगा, जिसमें नीलामी के समय निर्धारित जमानत धनराशि जमा करना होगा। नीलामी सम्बन्धी कार्य नायब तहसीलदार की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। शिविर में भू0प्र0स0के अध्यक्ष मछुआ समुदाय के प्रतिनिधि उक्त तिथि को उपस्थित हों। शेष जानकारी किसी भी कार्यदिवस में रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

कं0	राजस्व ग्राम	परगना	गाटा संख्या	क्षेत्रफल	कं0	राजस्व ग्राम	परगना	गाटा संख्या	क्षेत्रफल
नायब तहसीलदार दरियाबाद दिनांक 23.07.2025					154	सूर्यपुर	सूर्यपुर	345	0.301
1	बड़नपुर	रुदौली	549	0.405	155	सूर्यपुर	सूर्यपुर	389	0.316
2	बड़नपुर	रुदौली	568	0.349	156	सूर्यपुर	सूर्यपुर	681	0.342
3	दरौली	रुदौली	215	0.683	157	सूर्यपुर	सूर्यपुर	761	0.645
4	दरौली	रुदौली	282	1.095	158	सूर्यपुर	सूर्यपुर	1028	0.307
5	दरौली	रुदौली	415	0.834	159	किठूरी	सूर्यपुर	319/1	0.863
6	दरौली	रुदौली	632	0.835	160	किठूरी	सूर्यपुर	498	0.822
7	रसूलपुर कला	रुदौली	399	1.354	161	छन्दवल	सूर्यपुर	1832	0.544
8	रसूलपुर कला	रुदौली	361	0.379	162	मेडुवा	सूर्यपुर	893मि0	0.202
9	रसूलपुर कला	रुदौली	533	0.367	163	लालपुर राजपुर	सूर्यपुर	153	0.405
10	रसूलपुर कला	रुदौली	557	0.418	164	हथौंधा	सूर्यपुर	145	0.114
11	रसूलपुर कला	रुदौली	977	0.616	165	लालपुर राजपुर	सूर्यपुर	1023ख	0.247
12	रसूलपुर कला	रुदौली	436	1.218	166	थोरथिया	सूर्यपुर	243	1.012
13	रसूलपुर कला	रुदौली	405	1.163	167	सदुल्लापुर	सूर्यपुर	104ग	0.55
14	रसूलपुर कला	रुदौली	808	0.367	168	सदुल्लापुर	सूर्यपुर	248	0.549
15	अलियाबाद	रुदौली	448	0.26	नायब तहसीलदार सूर्यपुर दिनांक 25.07.2025				
16	अलियाबाद	रुदौली	606	0.53	169	सदुल्लापुर	सूर्यपुर	276	0.44
17	अलियाबाद	रुदौली	630	0.24	170	सदुल्लापुर	सूर्यपुर	429	1.138
18	अलियाबाद	रुदौली	132	0.24	171	सदुल्लापुर	सूर्यपुर	253ड़	0.286
19	सुखीपुर	रुदौली	526	0.211	172	सदुल्लापुर	सूर्यपुर	982घ	0.498
20	बरहुवां	रुदौली	1076	0.668	173	सदुल्लापुर	सूर्यपुर	1162	0.392
21	बरहुवां	रुदौली	1077	0.228	174	राघौपुर	सूर्यपुर	428ख	0.67
22	बरहुवां	रुदौली	1205	0.303	175	राजेपुर	सूर्यपुर	256ड़	0.392
23	बरहुवां	रुदौली	1120	0.859	176	राजेपुर	सूर्यपुर	272घ	0.6
24	बरहुवां	रुदौली	918	0.765	177	राजेपुर	सूर्यपुर	361ख	0.237
25	बरहुवां	रुदौली	1015	0.298	178	राजेपुर	सूर्यपुर	471	0.284
26	बरहुवां	रुदौली	1018	0.485	179	धनौली मिश्रान	सूर्यपुर	218	1.404
27	कूढ़ा सुखीपुर	रुदौली	39	1.524	180	भुड़ेहरी	सूर्यपुर	50	0.513
28	चांदामऊ	रुदौली	494	0.215	181	भेंदुआ बहरेला	सूर्यपुर	435	0.635
29	चांदामऊ	रुदौली	516	0.21	182	टेमा	सूर्यपुर	37	0.212
30	चांदामऊ	रुदौली	189	3.585	183	फतेहगंज	सूर्यपुर	544	0.24
31	मंगरौड़ा मह0	रुदौली	977	1.157	184	फतेहगंज	सूर्यपुर	580	0.62
32	मंगरौड़ा मह0	रुदौली	1032ख	0.443	185	गुनौली	सूर्यपुर	63ख	0.232
33	मंगरौड़ा मह0	रुदौली	1310च	0.266	186	गुनौली	सूर्यपुर	117	0.746
34	आल्हनमऊ	रुदौली	945	0.425	187	मो0पुर उपाध्याय	सूर्यपुर	533	0.696
35	आल्हनमऊ	रुदौली	1139ख	0.771	188	निस्कापुर	सूर्यपुर	455ग	1.07
36	आल्हनमऊ	रुदौली	1408	0.525	189	जैचन्दपुर	सूर्यपुर	53	2.619
37	आल्हनमऊ	रुदौली	1411	0.402	190	भानपुर	सूर्यपुर	357	0.874
38	कूढ़ा सुखीपुर	रुदौली	114	0.838	191	तोरईगांव	सूर्यपुर	361	0.203
39	कूढ़ा सुखीपुर	रुदौली	132	0.205	192	तोरईगांव	सूर्यपुर	533	0.203
40	कूढ़ा सुखीपुर	रुदौली	160	0.291	193	डिगसरी	सूर्यपुर	113ग	0.329
41	कूढ़ा सुखीपुर	रुदौली	183	2.15	194	डिगसरी	सूर्यपुर	273	0.316
42	कूढ़ा सुखीपुर	रुदौली	475	0.294	195	डिगसरी	सूर्यपुर	79	0.325
43	कूढ़ा सुखीपुर	रुदौली	495	0.41	196	डिगसरी	सूर्यपुर	113ख	0.202
44	मंगरौंडा	रुदौली	561	0.272	197	गैरिया	सूर्यपुर	609	0.148
45	मंगरौंडा	रुदौली	1206ग	0.713	198	गैरिया	सूर्यपुर	610	0.038
46	फत्तापुर कला	रुदौली	207	0.295	199	चकरामपुर	सूर्यपुर	28ढ	0.42
47	फत्तापुर कला	रुदौली	345	0.265	200	चकरामपुर	सूर्यपुर	28क	0.19
48	फत्तापुर कला	रुदौली	498	0.506	201	चकरामपुर	सूर्यपुर	28ख	0.19
49	फत्तापुर कला	रुदौली	973	0.253	202	भवनियापुर	सूर्यपुर	308	0.372
50	फत्तापुर कला	रुदौली	999	0.573	203	भवनियापुर	सूर्यपुर	405ख	0.392
51	फत्तापुर कला	रुदौली	406	0.700	204	भवनियापुर	सूर्यपुर	669	0.556
52	बठौली	मवई	55ख	0.673	205	बेलिया	सूर्यपुर	221	0.228
53	बठौली	मवई	160	0.215	206	किठैय्या	सूर्यपुर	53च	0.75
54	बठौली	मवई	344	0.62	207	जरौली	सूर्यपुर	518	0.38
55	बठौली	मवई	1078	0.244	208	धनौली मिश्रान	सूर्यपुर	168	0.215
56	बठौली	मवई	1086	0.455	209	धनौली मिश्रान	सूर्यपुर	296	0.341
57	बठौली	मवई	1124	0.316	210	मवइय्या	सूर्यपुर	77	0.316
58	बठौली	मवई	1140	0.266	211	धारूपुर	सूर्यपुर	408	0.556
59	सलेमपुर	मवई	95	0.354	212	मझगंवा	सूर्यपुर	104	0.614
60	सलेमपुर	मवई	159	0.392	213	दुल्लापुर	सूर्यपुर	394	0.266
61	सलेमपुर	मवई	428	0.493	214	मानपुर मकोहिया	सूर्यपुर	941	0.228
62	सलेमपुर	मवई	475	1.518	215	टिकरा	सूर्यपुर	215	0.379
63	सलेमपुर	मवई	695	1.355	216	टिकरा	सूर्यपुर	503	0.696
64	सलेमपुर	मवई	833	0.522	217	बबुरीगांव	सूर्यपुर	383	0.266
65	सलेमपुर	मवई	812	0.278	218	बबुरीगांव	सूर्यपुर	777ख	0.658
66	सड़वा भेलू	मवई	65	0.708	219	बबुरीगांव	सूर्यपुर	1425ग	0.556
67	सड़वा भेलू	मवई	80	0.379	नायब तहसीलदार दरियाबाद दिनांक 28.07.2025				
68	सड़वा भेलू	मवई	228	0.354	220	पतुलकी	दरियाबाद	171	0.217
69	सड़वा भेलू	मवई	293	1.397	221	पतुलकी	दरियाबाद	213	0.304
70	सड़वा भेलू	मवई	447	0.447	222	पतुलकी	दरियाबाद	219	0.379
71	सड़वा भेलू	मवई	727	0.717	223	पतुलकी	दरियाबाद	352	0.385
72	सड़वा भेलू	मवई	935	0.335	224	पतुलकी	दरियाबाद	353	0.531
73	सड़वा भेलू	मवई	993ड़	0.43	225	पतुलकी	दरियाबाद	375	0.296
74	रसूलपुर	मवई	212	0.316	226	पतुलकी	दरियाबाद	382	0.506
75	अमहिया	मवई	852	0.329	227	पतुलकी	दरियाबाद	722	0.67
76	अमहिया	मवई	1473	0.86	228	पतुलकी	दरियाबाद	723	0.683
77	जमोली	मवई	552	0.202	229	पतुलकी	दरियाबाद	727	0.352
78	जमोली	मवई	770	0.531	230	पतुलकी	दरियाबाद	729	0.509
79	सड़वा भेलू	मवई	212	0.392	231	पतुलकी	दरियाबाद	1188	0.365
80	ढेमा	मवई	201ख	0.635	232	बेलहरी	दरियाबाद	319	0.319
81	अमहिया	मवई	1170	0.415	233	बेलहरी	दरियाबाद	630	0.569
82	ढेमा	मवई	662	0.474	234	बेलहरी	दरियाबाद	700	0.62
83	ढेमा	मवई	698	0.367	235	बेलहरी	दरियाबाद	861	1.516
84	ढेमा	मवई	922	0.215	236	बेलहरी	दरियाबाद	465	2.284
नायब तहसीलदार सूर्यपुर दिनांक 24.07.2025					237	भैसौली	दरियाबाद	101	0.266
85	सनौली	सूर्यपुर	1235	0.696	238	नोहरेपुर	दरियाबाद	101	0.822
86	सनौली	सूर्यपुर	1334	0.24	239	नोहरेपुर	दरियाबाद	253	0.668
87	सनौली	सूर्यपुर	1393ख	0.693	240	नोहरेपुर	दरियाबाद	323	0.597
88	सनौली	सूर्यपुर	1491	0.278	241	सींवा	दरियाबाद	191	0.25
89	सनौली	सूर्यपुर	1670	0.278	242	जेठौती राजपूतान	दरियाबाद	38	0.291
90	सनौली	सूर्यपुर	1878	0.329	243	जेठौती राजपूतान	दरियाबाद	201	0.259
91	सनौली	सूर्यपुर	2634	0.202	244	जेठौती राजपूतान	दरियाबाद	371क	0.253
92	सनौली	सूर्यपुर	2877ग	0.316	245	जेठौती राजपूतान	दरियाबाद	852ख	0.506
93	सनौली	सूर्यपुर	2889	0.291	246	जेठौती राजपूतान	दरियाबाद	1513	0.215
94	सनौली	सूर्यपुर	2928	2.117	247	दनापुर क्यामपुर	दरियाबाद	156	0.215
95	सनौली	सूर्यपुर	2962	0.585	248	दनापुर क्यामपुर	दरियाबाद	157	0.403
96	सनौली	सूर्यपुर	3339	0.253	249	दनापुर क्यामपुर	दरियाबाद	962ख	0.481
97	सनौली	सूर्यपुर	578ख	0.312	250	दनापुर क्यामपुर	दरियाबाद	154	0.683
98	सनौली	सूर्यपुर	805	0.658	251	बीकापुर	दरियाबाद	297	0.759
99	सनौली	सूर्यपुर	367	0.199	252	विशुनदासपुर ग्रा0	दरियाबाद	107	0.225
100	सनौली	सूर्यपुर	821ग	0.322	253	श्यामनगर पूर्वी	दरियाबाद	279	0.259
101	सनौली	सूर्यपुर	898घ	0.733	254	लालपुर गुमान	दरियाबाद	281ख	0.289
102	मूसेपुर	सूर्यपुर	497	0.82	255	लालपुर गुमान	दरियाबाद	292ख	0.506
103	बड़ेला नरायनपुर	सूर्यपुर	341	0.771	256	लालपुर गुमान	दरियाबाद	394ड़	0.512
104	बड़ेला नरायनपुर	सूर्यपुर	422	0.253	257	मथुरानगर	दरियाबाद	664	0.221
105	बड़ेला नरायनपुर	सूर्यपुर	495	0.576	258	मथुरानगर	दरियाबाद	1031	0.721
106	बड़ेला नरायनपुर	सूर्यपुर	500ख	2.001	259	जेठौती कुर्मियान	दरियाबाद	253	0.304
107	मो0पुर कीरत	सूर्यपुर	214ख	0.425	260	दरियाबाद ग्रा0	दरियाबाद	7	0.222
108	मो0पुर कीरत	सूर्यपुर	57झ	1.068	261	दरियाबाद ग्रा0	दरियाबाद	43	1.48
109	मो0पुर कीरत	सूर्यपुर	252	1.062	262	दरियाबाद ग्रा0	दरियाबाद	240	0.397
110	मो0पुर कीरत	सूर्यपुर	376क	0.202	263	खूबा का पुरवा	दरियाबाद	160	0.341
111	उमरापुर रायसाहब	सूर्यपुर	952	0.367	264	खूबा का पुरवा	दरियाबाद	124ख	1.258
112	असेना	सूर्यपुर	317	0.26	265	कुशफर	दरियाबाद	363	0.256
113	असेना	सूर्यपुर	1336	0.215	266	जेठौती राजपूतान	दरियाबाद	85	1.379
114	असेना	सूर्यपुर	1263	0.272	267	जटहा	दरियाबाद	51	0.379
115	दिलोना	सूर्यपुर	90	0.458	268	तारापुर	दरियाबाद	71	0.784
116	दिलोना	सूर्यपुर	179	0.509	269	सुवागाढ़ा	दरियाबाद	24	0.341
117	महुलारा	सूर्यपुर	335	0.251	270	हूंसेपुर	दरियाबाद	36	0.274
118	उमरापुर तालुक	सूर्यपुर	284	0.771	271	लालगंज	दरियाबाद	96	0.676
119	गोरपुर	सूर्यपुर	445	0.541	272	लालगंज	दरियाबाद	412	0.253
120	बड़ेलानरायनपुर	सूर्यपुर	76ख	0.278	273	लालगंज	दरियाबाद	500	0.256
121	बड़ेलानरायनपुर	सूर्यपुर	76क	0.341	274	बीरापुर	दरियाबाद	49	0.236
122	कन्धईपुर	सूर्यपुर	338	0.443	275	बीरापुर	दरियाबाद	119ग	0.216
123	सकौली	सूर्यपुर	229	0.397	276	बीरापुर	दरियाबाद	631	0.436
124	सकतपुर	सूर्यपुर	426	0.885	277	बीरापुर	दरियाबाद	119क	0.228
125	नाथूपुर	सूर्यपुर	3	0.362	278	बीरापुर	दरियाबाद	119ख	0.228
126	गोरपुर	सूर्यपुर	563	0.417	279	सेमौर	दरियाबाद	237	0.322
127	मो0पुर उपाध्याय	सूर्यपुर	452	0.379	280	औसेरगढ़	दरियाबाद	658	0.24
128	चकरामपुर	सूर्यपुर	147ग	1.974	281	औसेरगढ़	दरियाबाद	946	0.569
129	खुशेहटी	सूर्यपुर	1क	0.266	282	औसेरगढ़	दरियाबाद	1087	0.425
130	खुशेहटी	सूर्यपुर	1ख	0.202	283	औसेरगढ़	दरियाबाद	1108	0.215
131	खुशेहटी	सूर्यपुर	16	1.852	284	कुशफर	दरियाबाद	1359	0.322
132	खुशेहटी	सूर्यपुर	58ग	0.712	285	कुशफर	दरियाबाद	2201	0.759
133	खुशेहटी	सूर्यपुर	103ख	0.703	286	कुशफर	दरियाबाद	2300	0.531
134	खुशेहटी	सूर्यपुर	140ख	0.341	287	सरैया चमारान	दरियाबाद	76	0.297
135	खुशेहटी	सूर्यपुर	159	0.582	288	सरैया चमारान	दरियाबाद	157	1.231
136	खुशेहटी	सूर्यपुर	199	0.417	289	सरैया चमारान	दरियाबाद	35	1.024
137	खुशेहटी	सूर्यपुर	255ग	0.862	290	जलपापुर	दरियाबाद	257	2.423
138	जरौली	सूर्यपुर	15	0.284	291	बनगांवा	दरियाबाद	1381	0.342
139	खुशेहटी	सूर्यपुर	507	0.645	292	भवनियापुर	दरियाबाद	53क	0.405
140	खुशेहटी	सूर्यपुर	544	0.364	293	लालपुर गुमान	दरियाबाद	435क	0.126
141	हकामी	सूर्यपुर	141ग	0.278	294	लालपुर गुमान	दरियाबाद	435ग	0.063
142	हकामी	सूर्यपुर	680	0.284	295	लालपुर गुमान	दरियाबाद	435घ	0.031
143	हकामी	सूर्यपुर	843	0.379	296	बघौली	दरियाबाद	382	0.254
144	खरिकाफूल	सूर्यपुर	688ख	0.234	297	रेवढ़ा	दरियाबाद	143ख	0.215
145	खरिकाफूल	सूर्यपुर	754ड़	0.218	298	जारमऊ	दरियाबाद	100	0.519
146	खरिकाफूल	सूर्यपुर	811	0.607	299	जटहा	दरियाबाद	16	1.106
147	खरिकाफूल	सूर्यपुर	858	0.607	300	अजईमऊ	दरियाबाद	426	0.61
148	खरिकाफूल	सूर्यपुर	92	0.266	301	खुटौली	दरियाबाद	308	0.398
149	खरिकाफूल	सूर्यपुर	1187	0.797	302	खेमापुर वस्तौली	दरियाबाद	757	0.349
150	सूर्यपुर	सूर्यपुर	1385	0.316	303	सिकरीजीवल	दरियाबाद	1368	0.367
151	सूर्यपुर	सूर्यपुर	153	0.272	304	सरायसैफ	दरियाबाद	290	0.139
152	सूर्यपुर	सूर्यपुर	206	0.443	305	सरायसैफ	दरियाबाद	293	0.190
153	सूर्यपुर	सूर्यपुर	289	0.398	306	रानीमऊ	दरियाबाद	799	0.504

तहसीलदार
रामसनेहीघाट–बाराबंकी

उपजिलाधिकारी
रामसनेहीघाट–बाराबंकी

UP-235948 दिनांक 14.07.2025 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

सार-संक्षेप

सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं :मो. मोहसिन

कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन व अन्य पदाधिकारी।

बाराबंकी : अमृत विचार : संगठन सृजन अभियान-2025 के अंतर्गत कांग्रेस द्वारा निन्दूरा और फतेहपुर में ब्लॉकस्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने की। कार्यक्रम में निन्दूरा ब्लॉक अध्यक्ष आमिर अय्यूब किदवई और फतेहपुर अध्यक्ष विजय बहादुर वर्मा ने भूमिका निभाई। जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि सत्य क्षणिक रूप से परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं होता। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में जनता कांग्रेस को फिर से सत्तासीन करेगी। जिला उपाध्यक्ष राम हरख रावत ने संगठन में कार्यकर्ताओं की भूमिका रेखांकित की। संचालन निन्दूरा में मोहम्मद सफी आज़ाद और फतेहपुर में कमल भल्ला ने किया। कार्यक्रम में आदर्श पटेल, उर्मिला पटेल, इन्द्रेश वर्मा, रामकुमार लोधी, मास्टर अहमद सईद, प्रमोद वर्मा, जयकरन यादव, रमेश चंद्र यादव, गुड्डू मियां, विजय कुमार वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कोटेदारों ने जिला पूर्ति कार्यालय का किया घेराव

जिला पूर्ति कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते कोटेदार। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : कोटेदारों ने बकाया लाभांश भुगतान की मांग को लेकर जिला पूर्ति कार्यालय का घेराव किया। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के बैनर तले कोटेदारों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष विजय पाल गौतम ने बताया कि मार्च से जुलाई तक का खाद्यान्न वितरण पूरा हो चुका है। अगस्त का अनाज भी दुकानों तक पहुंच गया है। लेकिन पिछले 5 महीनों से कोटेदारों को कमीशन नहीं मिला है। कार्यकारी जिलाध्यक्ष रवींद्र बौद्ध के अनुसार कोटेदारों के सामने जीविका का संकट उत्पन्न हो गया है।

विहिप की 10 दिवसीय धर्म प्रसार यात्रा शुरू

तीर्थयात्रियों की बस को रवाना करते विहिप के जिला अध्यक्ष।

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह मुन्ना ने तीर्थ यात्रियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। उन्होंने बाबा रामसनेही मंदिर से धर्म प्रसार यात्रा को हरी झंडी दिखाई। यात्रा का संचालन जिला सह मंत्री राजेंद्र सोनी कर रहे हैं। कार्यक्रम में अभाविप के संयोजक रामेंद्र सिंह और विहिप के धर्म प्रसार प्रमुख अंगद सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। 15 जुलाई को दोपहर 3 बजे शुरू हुई यात्रा 25 जुलाई तक चलेगी। यात्रा के दौरान ददराउवा धाम, मैहर धाम और चित्रकूट धाम समेत अन्य तीर्थस्थलों का श्रद्धालु दर्शन करेंगे।

सभासदों ने बोर्ड बैठक का किया बहिष्कार

तहसीलदार वैशाली अहलावत को ज्ञापन सौंपते सभासद। अमृत विचार

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : नगर पंचायत बेलहरा में अध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी की कार्यशैली को लेकर विवाद गहरा गया है। मंगलवार की बोर्ड बैठक का सभी सभासदों ने बहिष्कार कर दिया। सभासदों ने तहसीलदार वैशाली अहलावत के माध्यम से एसडीएम कार्तिकेय सिंह को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि अध्यक्ष और अधिशाषी अधिकारी मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं। इस मौके पर नितिन वर्मा, सुभाष जायसवाल, संत कुमार, सर्वजीत, मृदुल शुक्ल, मोहम्मद इस्तियाक, नसीर खान सहित सभी सभासद उपस्थित थे।

एसपी रावत संगठन के कैंप में 12 लोगों ने किया रक्तदान

शिविर में रक्तदान करता युवक। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : जिला चिकित्सालय में स्व. एसपी रावत सामाजिक ग्रामीण संगठन ने 22वां रक्तदान शिविर आयोजित किया। शिविर में 20 से अधिक लोगों ने पंजीकरण कराया। इनमें लेखपाल साकेत रावत, डॉ. वी.पी. राज, गोमती प्रसाद, विनय रावत समेत कई लोग शामिल थे। इनमें से 12 लोगों ने रक्तदान किया। समाजसेवी पवन जैन, रमेश चंद्र आदि ने रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाया। शिविर के आयोजन में डॉ. मनीष यादव, पंकज कुमार वर्मा व स्टाफ ने योगदान दिया। संगठन प्रमुख गीता साकेत ने बताया कि यह उनके संगठन का 22वां रक्तदान शिविर था।

बांटो और राज करो की नीति नहीं चलेगी

मांगों के समर्थन में प्रदर्शन करते सेवानिवृत्त कर्मचारी। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : सेवानिवृत्त कर्मचारी व पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने गन्ना संस्थान में धरना प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष बाबूलाल वर्मा के नेतृत्व में करीब 350 वरिष्ठ नागरिकों ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने सात प्रमुख मांगें रखीं। जिलाध्यक्ष बाबूलाल वर्मा ने कहा कि पेंशनर्स पांच लाख वोटरों के घर के मुखिया हैं। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष एसपी सिंह और प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पवन कुमार वर्मा सहित कई कर्मचारी संगठनों ने भी धरने का समर्थन किया। प्रदर्शनकारियों की ओर से जिलाधिकारी प्रतिनिधि और नायब तहसीलदार सदर को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के महामंत्री अशोक सोनी, डॉ. ओम प्रकाश वर्मा, उपाध्यक्ष सर्वजीत यादव समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

चकबंदी कार्यों का करें समयबद्ध निस्तारण

निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते डीएम। अमृत विचार

अमृत विचार : कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने चकबंदी विभाग की समीक्षा बैठक की। बंदोबस्त अधिकारी ने बताया कि जनपद में प्रथम चक्र की चकबंदी प्रक्रिया 6 गांवों में और द्वितीय चक्र की प्रक्रिया 35 गांवों में चल रही है।

जिलाधिकारी ने चकबंदी प्रक्रिया को अनावश्यक रूप से लंबा न खींचने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूरे किए जाएं। बछराजमऊ, बबुवापुर, सलेमाबाद, ओदार, बहरौली, खुज्जी, कुडीन और खण्डसरा सहित अन्य गांवों में धारा 24 के तहत कब्जा परिवर्तन एक सप्ताह में पूरा करने को कहा। समीक्षा बैठक में चकबंदी न्यायालयों में लंबित आपत्तियों, अपीलों और निगरानियों की वर्षवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी पीठासीन अधिकारियों से लंबित प्रकरणों की प्रगति जानी। उन्होंने कहा कि राजस्व वादों की तरह चकबंदी वादों के निस्तारण में भी तेजी लाई जाए। 3 वर्ष और 5 वर्ष से अधिक समय से लंबित वादों की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने प्रस्तुत कार्ययोजना के अनुसार निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी संजय कुमार विश्वास, चकबंदी अधिकारी बी.के. मिश्रा, सुरेश कुमार शर्मा, सहायक चकबंदी अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

किसानों को मिले उचित दर पर खाद : डीएम

बाराबंकी, अमृत विचार : खरीफ फसलों की बुवाई के मद्देनजर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को जिलास्तरीय उर्वरक समिति की बैठक हुई। जिला कृषि अधिकारी राजित राम ने उर्वरकों की वर्तमान उपलब्धता व वितरण की जानकारी दी। डीएम ने बैठक में निर्देश दिए कि कोई भी कंपनी किसी अन्य उत्पाद की टैगिंग के साथ उर्वरक की आपूर्ति या बिक्री न करे। थोक विक्रेताओं को भी निर्देशित किया गया कि फुटकर विक्रेताओं को निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर अथवा टैगिंग के साथ उर्वरक न दें। डीएम ने अनावश्यक भंडारण और जमाखोरी पर भी पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश दिए।जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि किसानों को उनकी भूमि और फसल की आवश्यकता के अनुसार ही उर्वरक बिक्री की जाएगी।



श्रद्धालुओं को न हो कोई परेशानी:मंडलायुक्त

मंडलायुक्त और आईजी ने सावन मेले की तैयारियों का लिया जायजा, अधिकारियों को दिये निर्देश

निरीक्षण

संवाददाता, रामनगर, बाराबंकी

लोधेश्वर महादेवा परिसर में व्यवस्थाओं का जायजा लेते कमिश्नर व आईजी।

अमृत विचार : लोधेश्वर महादेव मंदिर में सावन मेले की तैयारियों का मंगलवार को मंडलायुक्त गौरव दयाल और पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने निरीक्षण किया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

मंडलायुक्त और आईजी ने जलाभिषेक के लिए लगाई गई बैरिकेडिंग का निरीक्षण किया। अभरण सरोवर पर जल की उपलब्धता की जानकारी ली। सुरक्षा के मद्देनजर विद्युत पोलों पर सुरक्षा कवच लगाने के निर्देश दिए गए। करंट से बचाव के लिए विद्युत विभाग को एक्सपर्ट टीम के साथ सतर्क रहने को कहा गया। स्नान घाटों और पार्किंग स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने मेला क्षेत्र में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। इस दौरान डीएम शशांक कुमार त्रिपाठी और एसपी अर्पित विजय वर्गीय ने व्यवस्थाओं की जानकारी दी। कमिश्नर और आईजी ने डीएम और एसपी सहित विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान लोधेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। निरीक्षण के दौरान एएसपी विकास चंद्र त्रिपाठी, सीएमओ अवधेश कुमार, अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड शशिकांत सिंह आदि थे।

भूमि अधिग्रहण पूरा होते ही कॉरिडोर के कार्य में आएगी तेजी

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि लोधेश्वर महादेव कॉरिडोर के निर्माण के लिए 200 करोड़ रुपये की मंजूरी मिल गई है। मंडलायुक्त ने कहा कि लोधेश्वर महादेव मंदिर लाखों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है। सावन मास में सोमवार को विशेष रूप से विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। जिला प्रशासन ने मेले की व्यवस्था की है। उन्होंने बताया कि प्रशासन को कुछ खामियां मिली हैं। इन्हें दूर करने के निर्देश दिए गए हैं। भूमि अधिग्रहण का कार्य पूरा होते ही कॉरिडोर के विकास कार्य को गति दी जाएगी। कॉरिडोर बनने से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।

उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी की जिला अस्पताल में मौत

बाराबंकी, अमृत विचार : हैदरगढ़ कोतवाली में दर्ज किशोरी से दुष्कर्म के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे कैदी की सोमवार को जिला अस्पताल में मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया गया है। रायबरेली के थाना शिवगढ़ के गांव कुम्भी निवासी माताफेर रावत (55) को किशोरी से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई थी। फरवरी 2020 से वह जेल में बंद था। सोमवार सुबह कैदी की तबीयत बिगड़ गई। उसे जेल अस्पताल से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सिपाही की बाइक समेत दो वाहन चोरी

बाराबंकी, अमृत विचार : अलग-अलग स्थानों से चोरों ने एक सिपाही की बाइक और एक स्कूटी चोरी कर ली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

पहली घटना थाना लोनीकटरा क्षेत्र की है। त्रिवेदीगंज प्रतिनिधि के अनुसार जिला अमरोहा थाना रजबपुर ग्राम भटपुर माफी के रहने वाले प्रिंस कुमार इस समय लोनीकटरा थाना में सिपाही हैं। वह रिश्तेदार की बाइक लाए थे। यह बाइक 12 जुलाई की रात ग्राम मंगलपुर स्थित किराये के कमरे के बाहर खड़ी थी। जहां से वह चोरी हो गयी। दूसरी घटना नगर कोतवाली क्षेत्र की है, जहां प्रमोद कुमार बाजपेयी निवासी मोहननगर ने अपनी एक्टिवा 7 जुलाई को निबलेट तिराहा मॉडल शॉप नंबर 5 के सामने खड़ी की थी। लौटने पर स्कूटी गायब मिली।

मंत्री नितिन अग्रवाल का स्वागत करते इं. जयदीप सिंह व अन्य लोग।

आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल का स्वागत

बाराबंकी : अमृत विचार : उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष और राज्य के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल का मंगलवार को बाराबंकी के गोंडा मोड़ पर स्वागत किया गया। संगठन के जिलाध्यक्ष इंजी. जयदीप सिंह के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वागत समारोह में महामंत्री भूपेंद्र शुक्ला, उपाध्यक्ष अरुण रावत, वीरेंद्र वर्मा, कृपा शुक्ला और अमरेश शुक्ला, कोषाध्यक्ष मयंक, ऋषि कालरा और संगठन मंत्री विशाल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद मंत्री नितिन अग्रवाल जयदीप सिंह, भूपेंद्र शुक्ला, अमरेश शुक्ला और वीरेंद्र वर्मा के साथ गोंडा गए। वहां उन्होंने केंद्रीय मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के आवास पर उनके पिता के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मंत्री ने इस अवसर पर संगठन की एकजुटता पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

18 घंटे गुल रही 50 गांवों की बिजली

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : रामसनेहीघाट डिवीजन में सोमवार शाम से मंगलवार सुबह तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। मोहम्मदपुर कीरत के पास हाईवोल्टेज लाइन का तार टूट जाने से यह समस्या उत्पन्न हुई।

बिजली की आपूर्ति सोमवार शाम 4 बजे से मंगलवार सुबह 10 बजे तक बंद रही। इससे बड़ेला, नारायणपुर, मोहम्मदपुर, कीरत, सादुल्लापुर, भोजपुर, लोखडिहा, भवनियापुर और कल्यानपुरवा समेत 50 गांवों के लगभग 70 हजार लोग प्रभावित हुए। इस संबंध में एसडीओ सर्वेश कुमार ने बताया कि टूटे तार की मरम्मत कराने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।

मौके पर से कब्जा हटवाती राजस्व टीम। अमृत विचार

गौ आश्रय स्थल की जमीन से हटाया कब्जा

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : गौ आश्रय स्थल के निकट चरागाह की सुरक्षित जमीन पर गांव के कुछ लोगों ने धान की रोपाई कर कब्जा कर लिया था। ग्राम प्रधान की शिकायत पर डीएम ने पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम से तत्काल जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया। नवाबगंज तहसील की मानपुर ग्राम पंचायत स्थित गौआश्रय स्थल के निकट चरागाह के लिए जमीन सुरक्षित पड़ी हुई है। इस जमीन पर गौआश्रय स्थल के मवेशियों के लिए केयर टेकर द्वारा हरे चारे की फसल उगाई जाती थी। जिस पर गांव के ही बच्चूलाल व रामसुफल ने जमीन को ट्रैक्टर से जोत कर धान लगा लिया। ह ग्राम प्रधान रेनू देवी ने इसकी जानकारी पुलिस को दी लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। प्रधान ने डीएम को अवगत कराया। इस पर डीएम के निर्देश पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराया गया।

रहस्यमय परिस्थितियों में दो युवतियां लापता

बाराबंकी, अमृत विचार : दरियाबाद और फतेहपुर थाना क्षेत्रों से दो युवतियों के लापता होने की खबर सामने आई है। दोनों घटनाओं में परिजनों ने अपनी बेटियों के अचानक गायब हो जाने को लेकर अपहरण की आशंका जताई है।

पहली घटना दरियाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव की है, जहां 23 वर्षीया युवती 13 जुलाई की शाम अपने घर से लापता हो गई। काफी खोजबीन और रिश्तेदारी में पता करने के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। दूसरी घटना कोतवाली फतेहपुर क्षेत्र की है, जहां एक 20 साल की युवती एक कॉलेज में पढ़ाई करती है। वह बीती 12 जुलाई को सुबह कॉलेज जाने के बाद वापस नहीं लौटी।

पिता के अनुसार, उन्होंने रोज की तरह बेटी को कॉलेज छोड़ा था, लेकिन दोपहर में जब संपर्क नहीं हुआ तो कॉलेज जाकर पता किया, जहां से पता चला कि युवती कॉलेज आने के बाद चली गई थी। दोनों ही मामलों में परिजनों ने संबंधित थानों में तहरीर देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

दुराचार के दोषी को आजीवन कारावास

बाराबंकी, अमृत विचार : करीब सात साल पहले दुराचार के प्रकरण में न्यायालय ने दोषसिद्ध आरोपी को उम्रकैद व 51 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। थाना सतरिख पर पंजीकृत दुराचार व एससीएसटी एक्ट के मुकदमे से सम्बन्धित अभियुक्त विनोद यादव को न्यायालय विशेष न्यायाधीश एससीएसटी कोर्ट ने दोषसिद्ध करार दिया और आजीवन कारावास व 51 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया। 17 जनवरी 2019 को थाना सतरिख क्षेत्रान्तर्गत रहने वाली वादिनी ने विनोद यादव के विरुद्ध डरा-धमकाकर दुष्कर्म करने की सूचना पुलिस को दी थी।

लक्ष्य पर निशाना साधते तीरंदाज। अमृत विचार

तीरंदाजी में खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

बाराबंकी, अमृत विचार : जिलास्तरीय जूनियर वर्ग तीरंदाजी बालक प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। उद्घाटन जिला ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष अजय रावत ने किया। रिकर्व 70 मीटर में केडी बाबू स्टेडियम प्रथम, बाबा गुरुकुल एकेडमी द्वितीय, बाबा गुरुकुल आर्चरी एकादमी तृतीय रही। कंपाउंड 50 मीटर में जीआईसी प्रथम, केडी बाबू स्टेडियम द्वितीय, बाबा गुरुकुल एकेडमी तृतीय, इंडियन 40 मीटर में जीआईसी प्रथम, केडी बाबू स्टेडियम द्वितीय, बाबा गुरुकुल एकेडमी तृतीय रही। प्रतियोगिता का समापन वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. विवेक वर्मा की उपस्थिति में हुआ।

10 किलो गांजा के साथ चार गिरफ्तार

बाराबंकी: अमृत विचार : थाना जैदपुर पुलिस ने 4 तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 10 किलो गांजा, एक कार, 4 मोबाइल व नकदी बरामद की है।

जैदपुर पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर मंगलवार को अंकुर कुमार निवासी शिवकटरा थाना चकेरी, उदय वर्मा निवासी गीतानगर थाना काकादेव कानपुर, शाहिद अली निवासी सरायनगर, नसीर आलम निवासी कोठी को सतरिख रोड हरख से गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से से 10 किलो गांजा, एक कार, चार एंड्राइड मोबाइल व 10,070 रुपये नकद बरामद किये गये।

सहूलियत | आईटी मॉडर्नाइजेशन 2 .0 का बाराबंकी डिवीजन में हुआ शुभारंभ

डाक विभाग में ग्राहकों को मिलेगी त्वरित सुविधा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

आईटी मॉडर्नाइजेशन 2 .0 का शुभारंभ करतीं डाक अधीक्षक बाराबंकी मण्डल किरण सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार : बाराबंकी डिवीजन में डाक विभाग की आईटी मॉडर्नाइजेशन 2.0 परियोजना का शुभारंभ हो गया। डाक अधीक्षक किरण सिंह ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया।

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की विशेष सहभागिता में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। उत्तर प्रदेश सर्कल के मुख्य पोस्टमास्टर जनरल लखनऊ और पोस्टमास्टर जनरल मुख्यालय परिक्षेत्र लखनऊ का भी इस परियोजना को सफल बनाने में विशेष प्रयास रहा। यह योजना पूरे मंडल और सर्कल में प्रभावी रूप से लागू की जा रही है। नई परियोजना का इंटरफेस सरल और यूजर फ्रेंडली है। इससे कर्मचारियों को काम करने में आसानी होगी। साथ ही आम जनता को भी त्वरित सेवाएं मिल सकेंगी। डाक विभाग ने इस बार खुद सॉफ्टवेयर विकसित किया है। पहले थर्ड पार्टी से सॉफ्टवेयर बनवाया जाता था, जिसमें सुरक्षा संबंधी कमियां थीं। आईटी मॉडर्नाइजेशन 2.0 में कई प्रक्रियाओं को एक साथ जोड़ा गया है। इससे काम में दोहराव नहीं होगा। सेवाएं तेज होंगी और ग्राहकों का काम बिना देरी के पूरा होगा। यह डिजिटल इंडिया की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से बीएन मिश्रा सेवानिवृत्त डाक अधीक्षक, ध्रुव तिवारी सहायक अधीक्षक मुख्यालय, मोहसिन सहायक अधीक्षक बाराबंकी उपमण्डल, सुधीर सिंह निरीक्षक फतेहपुर उपमण्डल, हिमांशु मिश्रा निरीक्षक रामनगर उपमण्डल, संतोष कुमार सिंह वरिष्ठ मैनेजर आईपीबी ब्रांच बाराबंकी, आनन्द कुमार श्रीवास्तव, पोस्टमास्टर प्रधान डाकघर बाराबंकी व अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।



रामार्पित महाविद्यालय गाजीपुर
बाराबंकी, निकट -कोटवा सड़क
(सम्बद्ध – डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय – अयोध्या)
आवश्यकता है
स्नातक स्तर विज्ञान संकाय–प्रवक्ता पद
विषय
- भौतिक विज्ञान (02 पद)
- रसायन विज्ञान (02 पद)
- जन्तु विज्ञान (02 पद)
- वनस्पति विज्ञान (02 पद)
- गणित (02 पद)

योग्यता एवं वेतनमान
यू0जी0सी0 एवं विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन 15 दिन के अन्दर ई–मेल अथवा उपस्थित होकर महाविद्यालय में जमा कर सकते है।
वेबसाइट
https://www.ramarpitmahavidyalaya.com
ई–मेल
ramarpit.mahavidyalaya@gmail.com
मो0नं0 : 9005494856, 7800236000

अमृत विचार
www.amritvichar.com

बच्ची पर पलटा आटो, मौत

घर के बाहर खेलते समय हुई घटना, चालक वाहन समेत फरार

रफ्तार की मार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : सवारियों से लदा बेकाबू आटो घर के बाहर खेल रही बच्ची पर पलट गया। वाहन के नीचे दबने से बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गयी। उपचार के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

सतरिख थाना क्षेत्र के रहने वाले नवरंग चौहान की छह वर्षीया पुत्री शशि कुमारी अपनी मां के साथ सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम झलिहा में अपने नाना प्यारेलाल चौहान के घर आयी थी। मंगलवार को दिन में करीब साढ़े तीन बजे वह घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान उधर से गुजर रहा तेज रफ्तार ऑटो अनियंत्रित होकर उसके ऊपर पलट गया। 10 सवारियों से लदे आटो के नीचे दबकर वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। हादसे के बाद चालक ने तुरंत ऑटो को सीधा किया और फरार हो गया। घटना के समय घर के लोग बाहर थे। पड़ोसी घायल बच्ची को लेकर स्थानीय क्लीनिक पर ले गये। यहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दुर्घटनाओं में चार लोग घायल, एक की हालत गंभीर

बाराबंकी, अमृत विचार : हैदरगढ़ प्रतिनिधि के अनुसार मंगलवार दोपहर बारा टोल प्लाजा के निकट एक कार ने बाइक सवार राम निरंजन वर्मा (42) को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने कार को पुलिस को सौंप दिया। घायल को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं, सोमवार रात बछरावां चौराहे पर दो बाइकों की भिड़ंत में विकास, दीपक निवासी बारीखेरा और रोहन निवासी कोटवा मोहम्मद रायबरेली घायल हो गए थे। सभी को सीएचसी ले जाया गया।

हादसे में घायल बच्चे की इलाज के दौरान मौत

बाराबंकी, अमृत विचार : सड़क हादसों में घायल मासूम समेत दो लोगों की उपचार के दौरान मौत हो गयी। फतेहपुर प्रतिनिधि के अनुसार सोमवार को फतेहपुर क्षेत्र में शारदा नहर पुल के पास एक ट्रैक्टर ने बाइक सवार परिवार को टक्कर मार दी थी। इस हादसे में सीतापुर के थाना महमूदाबाद के गुलरामऊ निवासी जफर अली, उनकी पत्नी सोना (27), बेटे इस्माइल (5), बेटी इंषा (10) और आयत (2) घायल हो गए। सभी को सीएचसी ले जाया गया, जहां से गंभीर हालत में इस्माइल और इंषा को ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। मंगलवार को इलाज के दौरान इस्माइल की मौत हो गई।

चोरों ने स्कूल और घर को बनाया निशाना

संवाददाता, त्रिवेदीगंज, बाराबंकी

अमृत विचार : चोरों ने सरकारी स्कूल व घर को निशाना बनाया और गैस सिलेंडर, राशन के अलावा मेंथा ऑयल, नकदी जेवर लेकर फरार हो गए।

लोनीकटरा के शिवपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक आलोक कुमार शुक्ला ने स्कूल मे चोरी की एफआईआर दर्ज कराई। उन्होने बताया कि सोमवार की सुबह विद्यालय में प्रवेश किया तो कार्यालय एवं एक अन्य कक्ष का ताला टूटा पाया। यह घटना स्पष्ट रूप से रात में हुई प्रतीत होती है। थाना लोनीकटरा के बलाखेड़ा गांव निवासी राजाराम रावत के घर की बाउंड्री वॉल फांदकर अंदर घुसे चोरों ने कमरे के बक्से में रखी बीस हजार की नकदी, पचास लीटर मेंथा ऑयल सहित दो महिलाओं की करीब दो लाख के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए। घटना के समय घर के पुरुष सदस्य करीब पांच सौ मीटर दूर बने अहाते में जानवरों की रखवाली के लिए सो रहे थे। मंगलवार की सुबह जानकारी होने पर मामले की शिकायत पुलिस से की है। थानाध्यक्ष अभय कुमार मौर्य ने बताया कि विद्यालय में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है वहीं दूसरी चोरी की जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व भी लगातार एक माह के अंदर लगभग चार विद्यालयों के अतिरिक्त लोगों के घरों से चोरी की कई घटनाएं चोर अंजाम दे चुके हैं लेकिन अभी तक पुलिस चोरों तक नहीं पहुंच सकी है।

दहेज के लिए विवाहिता की किडनी बेचने की कोशिश

बाराबंकी, अमृत विचार : दहेज के लिए एक विवाहिता की किडनी बेचने की कोशिश की गई। असफल ससुराल वालों ने दूसरी शादी की धमकी देते हुए विवाहिता को घर से भगा दिया। यह सब शादी के तीन माह के अंदर ही हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शहर कोतवाली क्षेत्र में खैरातखाना बेगमगंज की नेहा की शादी बीती 16 अप्रैल को लखनऊ के अमीनाबाद निवासी कमल से हुई थी। नेहा के अनुसार, पति, जेठ दीपक, सास पूनम, तीनों ननद और बहनोई राकेश द्वारा सोने के गहनों व दो लाख की अतिरिक्त दहेज की मांग की जाने लगी। तो उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। या गया। नेहा ने आरोप लगाया कि ससुराल वालों ने उसकी किडनी बेचने की साजिश रची। उसे जबरन अस्पताल ले जाया गया। विरोध किया तो जान से मारने की धमकी भी दी।

सार-संक्षेप

प्राकृतिक खेती अपनाएं किसान : श्याम बिहारी

कार्यक्रम में अभियान की शुरुआत करते अतिथि। अमृत विचार

देवा, बाराबंकी, अमृत विचार : देवा मेला ऑडिटोरियम में 'आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता ने किसानों से प्राकृतिक खेती अपनाने और राष्ट्र निर्माण में भागीदारी करने की अपील की। 15 लाख की मशीनें 3 लाख रुपये में दी जा रही है। कार्यक्रम में एससी/एसटी आयोग के अध्यक्ष बैजनाथ रावत ने भी संबोधित किया। उद्यान विभाग के सदस्य अजीत कुमार सिंह ने योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की।

एसडीएम ने सुनी फरियाद, कार्रवाई का दिया निर्देश

बाराबंकी, अमृत विचार : शहर कोतवाली क्षेत्र में एक महिला की जमीन पर कब्जे के प्रयास में जुटे दबंगों ने मां-बेटी को जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर एसडीएम ने पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जैदपुर के पाराडीपू गांव की केवलावती का आरोप है कि ग्राम शुक्लाई में पति सालिकराम ने 2007 में ब्रजलाल से एक बैनामा कराया था। पति की 2018 में मौत हो गई। जमीन पुत्र सुनील कुमार और केवलावती के नाम दर्ज हो गई। इस जमीन पर विनोद कुमार द्वारा अवैध निर्माण कार्य कराया जा रहा है। महिला की शिकायत पर एसडीएम आनन्द कुमार तिवारी ने कोतवाल को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

सीएचसी के सामने झोलाछाप, विभाग अनजान

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार: जनपद के ग्रामीण क्षेत्र खासकर, साण्डा इलाके में सबसे अधिक झोलाछाप होने के बावजूद विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में भी स्वास्थ्य महकमे को शटर उठने का इंतजार है।

स्वास्थ्य विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप विभागीय आईने से ढूंढे नहीं मिल रहे। बावजूद साण्डा इलाके में ग्रामीणों का शोषण जारी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सामने अल्ट्रासाउण्ड सेंटर है। ग्रामीणों का दावा है कि गर्भवती महिलाओं की जांच में नियमों की अनदेखी की जाती है। इसी के करीब कुछ दवा वितरण केंद्र हैं। जहां रोजाना कई झोलाछाप उपचार करते हुए देखे जा सकते हैं। बीते दिनों में ऐसे ही शटर के पीछे ऑपरेशन के दौरान गजनीपुर निवासी प्रिया और गर्भस्थ शिशु दोनों की मौत हो गई थी। ऐसे में झोलाछाप लखीमपुर खीरी निवासी रौशन तिवारी के विरुद्ध रपट भी दर्ज हुई। लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ कागजी घोड़े दौड़ाए गए। सीएचसी अधीक्षक साण्डा डॉ. अनिल सचान बताते हैं कि शटर बंद है तो जांच कर पाना मुश्किल हो पा रहा है, खुलने के बाद ही पता चलेगा कि ऑपरेशन करने वाला कौन था। आसपास फैले झोलाछाप के समूहों को लेकर इनका कहना है कि सबकुछ सामान्य है, संक्रमण तो हर वर्ष होता चला आया है।

इसी शटर के पीछे झोलाछाप ने किया था ऑपरेशन। अमृत विचार

शटर के बाहर दीवार में खूंटी के सहारे मरीज को चढ़ता ग्लूकोज। अमृत विचार

अल्ट्रासाउंड के नाम पर शोषण: गांव वासी सुरेश, रामनरेश और शमशुल का दावा है कि साण्डा से लगे करीब सौ गांव के लोग सीएचसी साण्डा में ही आते हैं। चूंकि यहां पर अल्ट्रासाउण्ड की व्यवस्था नहीं है। बाहर से जांच कराना मजबूरी है। इसी मजबूरी का फायदा उठाकर ग्रामीणों का शोषण किया जाता है।

सांडा क्षेत्र में संक्रमण की चपेट में छोटे-छोटे बच्चे और युवा भी आते रहे हैं। इलाके की नैंसी गुप्ता और खुशनुमा सहित कई और दम तोड़ चुके हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग पूर्व में कई गांव में स्वास्थ्य शिविर अभियान के रूप में लगा चुका है।

: बताते हैं कि केंद्र के भीतर सीवीसी, एलएफटी, केएफटी की जांच होती है, फिर भी कई बार मरीजों को बाहर जांच कराए जाते देखा जा सकता है।

झोलाछाप के विरुद्ध चल रहा है अभियान

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साण्डा में अल्ट्रासाण्ड की सुविधाओं को स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। पूर्व में हुई प्रसूता की मौत को लेकर भी जांच बिठाई जा चुकी है। नोडल टीम लगातार झोलाछाप के विरुद्ध अभियान चला रही है

-**डॉ. सुरेश कुमार**, मुख्य चिकित्साधिकारी।

करोड़ों का हेरफेर करने वाले की तलाश तेज

कसेगा शिकंजा

- **सहारनपुर में दर्ज हुआ है पुराने शहर वासी चर्चित रसूखदार पर अभियोग**

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार : फर्जी दस्तावेजों के सहारे हुए करोड़ों के घोटाले की जांच सहारनपुर से चलकर सीतापुर तक आ पहुंची है। ऐसे में देर शाम विभागीय अधिकारियों के अलावा खुफिया विभाग सूत्र और स्रोत दोनों ही खंगालता रहा।

बता दें कि सहारनपुर में जीएसटी का बड़ा घोटाला हुआ है। इस मामले की जांच-पड़ताल हुई तो पता चला कि मास्टर माइण्ड सीतापुर जनपद के कोतवाली नगर स्थित पुराना शहर वासी जाहिद है, जिसके द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर 5.62 करोड़ रुपये की बोगस सप्लाई की गई। गंभीर प्रकरण में सहारनपुर में जाहिद उर्फ जैद के विरुद्ध केस दर्ज हुआ। जांच का क्रम बढ़ा तो राज्य कर विभाग की ओर से इनपुट सीतापुर साझा किया गया। इसी के बाद स्थानीय इकाई और स्थानीय अभिसूचना इकाई दोनों ही सक्रिय हो गईं। पुराने शहर में आवाजाही से लेकर आरोपी के स्रोत भी खंगाले जाने लगे।

सूत्रों की मानें तो केस दर्ज होने के बाद से ही आरोपी भूमिगत हो गया है। उसके मोबाइल फोन नंबर भी बंद बताये जा रहे हैं।

हालांकि फर्म के पते ठिकाने के आधार पर देर शाम से ही शिकंजा कसना शुरू हो गया है।

निकाह से पहले रफूचक्कर हो गया दूल्हा

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार: नगर के मोहल्ला ठठेरी टोला निवासी अमन पुत्र हनीफ की शादी कस्बे के एक मोहल्ले में तय हुई थी। निश्चित तारीख के बावजूद बारात नहीं पहुंची। बताते हैं कि विवाद बढ़ने पर दूल्हा फरार हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

लड़की के पिता के मुताबिक, कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री का प्रेम प्रसंग अमन पुत्र हनीफ के साथ लगभग 3 वर्षों से चल रहा था। 27 जून को मोहल्ले के ही लोगों के मध्य सुलह समझौता हुआ था कि 15 जुलाई को निकाह होगा और बारात लाने की बात तय हुई थी। मंगलवार को विवाह की सारी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं, लेकिन दूल्हा अमन घर से फरार हो गया। इसी के बाद विवाद बढ़ गया। ऐसे में परिजनों ने बारात लाने से इनकार कर दिया। कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने इस मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

बाइक की टक्कर से बालक गंभीर, युवक भी घायल

पिसावां। पिसावां थाना क्षेत्र के मैनिया गांव में घर के बाहर खेल रहे 8 वर्षीय अरमान को तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार हेमराज और उसका साथी राजू भी गिरकर घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों ने तीनों घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिसावां पहुंचाया। डॉ. पूर्णिक पटेल और फार्मासिस्ट अवनीश कुमार सिंह ने सभी को प्राथमिक उपचार दिया।

खंभा लगाने से मना किया तो पीटा

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : निंमौची गांव के बाहर खेत में बिजली खंभा लगाने से मना करने पर खेत मालिक की जमकर पिटाई की गई। घटना को लेकर वादी पक्ष की तहरीर पर केस दर्ज हो गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निंमौची निवासी नवनीत बाजपेई के मुताबिक, बिना उसके खेत में प्रमोद कुमार, प्रदीप कुमार व रामगुलाम आ गए। आरोप है कि निजी ट्यूबवेल के लिए बिजली का खंबा खेत में लगाने लगे। इस बात को लेकर जब उन्होंने विरोध किया तो विपक्षियों ने मारपीट की। जाते समय उसके खेत में दबंग खंभे भी लगा गए। कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज हो गया है।

मुख्य मार्ग पर जलभराव से परेशानी

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : विकासखंड क्षेत्र के ग्राम सुल्तानापुर शाहपुर में मुख्य मार्ग पर भरे गंदे पानी से परेशान ग्रामीणों ने जनसुनवाई के माध्यम से मुख्यमंत्री, जिला अधिकारी को पत्र भेजकर मार्ग से गंदे पानी की निकासी की मांग की। चेतावनी देते हुए कहा गया है कि यदि 20 जुलाई तक समस्या का समाधान नहीं हुआ तो 21 जुलाई को ग्रामीण धरना देंगे। क्षेत्र के ग्राम टांडा खुर्द, टांडा कला, खपूरा, मुसैती करमुल्लापुर के सिद्धगोपाल, शिवम मिश्रा, रामेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, शिव प्रताप, नवनीत मिश्रा, चमन मिश्रा, सुनील कुमार, वीरेंद्र कुमार, उजागर लाल, आशीष वर्मा सहित अन्य ग्रामीणों ने जनसुनवाई व प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि ग्राम सुल्तानपुर शाहपुर में टांडा कला संपर्क मार्ग पर तालाबों पर अवैध कब्जा होने के कारण जल निकासी व्यवस्था न होने से बरसात का पानी मार्ग पर भरा हुआ है।

पूर्वोत्तर रेलवे

शुद्धि-पत्र

ई-निविदा सूचना सं० -DYCE-CON-LJN-EPC-04-2025 जो दिनांकः 30-07-2025 को 11:00 बजे खुलनी थी, वह अब दिनांकः 14-08-2025 को 11:00 बजे खोली जायेगी। इस सूचना का शुद्धिपत्र *http://ireps.gov.in* वेबसाइट पर भी लोड कर दिया गया है।

उप मुख्य इंजीनियर/निर्माण-I
मुजाधि/डब्लू-160 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यो के लिये ई-निविदा वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती हैः-

क्रम सं.-1, निविदा सं.: वमंविइं-टीआरडी-लजं-ओटी-163, कार्य का विवरणः पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल में मौजूदा SCADA प्रणाली में साइबर सुरक्षा का कार्यान्वयन। ई-निविदा बन्द होने की तिथि व समयः 11-08-2025 व 15:00 बजे, ई-निविदा खुलने की तिथि व समयः 11-08-2025 व 15:30 बजे, अनुमानित लागतः ₹ 6,92,00,000/-, बयाना राशिः ₹ 4,96,000/-, निविदा मूल्यः ₹ 0.00, कार्य सम्पादन की अवधिः 06 माह।

नोटः (1) इस निविदा के विरूद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। **(2)** विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट *http://www.ireps.gov.in* को देखें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/टीआरडी
मुजाधि/विद्युत-91 लखनऊ

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यॉंत्रिक इंजीनियर/रिपेयर, यॉंत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती हैः-

निविदा संख्याः EL-MWS-GKP-2025-26-08, कार्य का विवरणः रिवायरिंग ऑफ डिफेक्टिव पावर पैनल, इनवर्टर पैनल एण्ड डिफेक्टिव/डैमेज्ड वायरिंग ऑफ ए०सी० कोचेज ऑब्टेन्ड ड्यूरिंग पी०ओ०एच० इन मैकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर। अनुमानित लागतः ₹ 25,98,893.53, बयाने की राशिः ₹ 52,000/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः ₹ 0.00, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि सेः 12 महीना।

• आन लाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 05-08-2025 समय 13:00 बजे तक। • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य यॉंत्रिक इंजीनियर/रिपेयर(कार.)
मुजाधि/विद्युत-89 गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय हजरतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई-निविदा सूचना संख्या	1186-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ दिनांक 14.07.2025
कार्य का नाम	लखनऊ मंडल के अंतर्गत विभिन्न रेलवे कॉलोनियों में स्थित विभिन्न प्रकार के रेलवे आवासो की विद्युत परिसंपत्तियों की मरम्मत एवं रखरखाव का कार्य
अनुमानित लागत	रु.1,01,91,976.91/- (एक करोड़ एक लाख इक्यानवे हजार नौ सौ छिहत्तर रूपये एवं इक्यानवे पैसा)
ई-निविदा की कीमत	शून्य
बयाना राशि	रु. 2,01,000/- (दो लाख एक हजार रूपये मात्र)
कार्य पूर्ण करने की अवधि	12 माह
ई-निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि	दिनांक 08.08.2025 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हजरतगंज, लखनऊ के कार्यालय में।
प्रस्ताव की वैधता	ई-निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन।
उत्तर रेलवे की वेबसाइट	अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर चैक की जा सकती है।

सूचना सं0 1186-वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता-उत्तर रेलवे-लखनऊ
दिनांक : 14.07.2025 2142/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी राही, रायबरेली।

पत्रांक:- 1184/क्षेत्र पंचायत/निविदा-निर्माण कार्य/2025-26 दिनांक:- 15/07/2025

कार्यालय ज्ञाप

अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पंत्र संख्या 989/ख0वि0अ0/लेखा0/निविदा/2025-26 दिनांक 23.06.2025 द्वारा क्षेत्र पंचायत राही में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्यो हेतु आंमत्रित की गयी निविदा को एतदद्वारा अपरिहार्य कारणो से निरस्त किया जाता है।

(गौरी राठौर)
खण्ड विकास अधिकारी
राही-रायबरेली।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

मेरे आधार कार्ड में सतेन्द्र सिंह लिखा है जबकि शैक्षिक अभिलेखों में योगेंन्द्र सिंह है। दोनों ही नाम मेरे है, लेकिन योगेन्द्र सिंह सत्य व सही नाम है। मुझे अब योगेन्द्र सिंह के नाम से जाना जाये। **योगेन्द्र सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह, सदरपुर, बिबिया जलालपुर, कन्नौज।**

सूचना

मैं **श्रीमती मिठाना पत्नी स्व. नन्दराम ग्राम पूरे नवरंग, पोस्ट व थाना व तहसील लालगंज, जनपद रायबरेली** की मूल निवासिनी हूं। मेरी छह संतानों में सबसे छोटा पुत्र अमित कुमार और छोटी बहू शालिनी के दुर्व्यवहार और अमानवीय कृत्यों से तंग आकर अपने सारे रिश्ते नाते समाप्त करते हुए मैं अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रही हूं। अमित कुमार और शालिनी के किसी भी कृत्य से मैं या मेरे परिवार का कोई सदस्य जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना

सूचित हो कि मै **सुशील कुमार द्विवेदी पुत्र स्व0 रामआसरे द्विवेदी व श्रीमती सुधा देवी पत्नी सुशील कुमार द्विवेदी निवासीगण ग्राम भड़ावल, थाना डेरापुर, जिला कानपुर देहात।** मेरे चार पुत्र है क्रमशः मनोज कुमार, रोहित कुमार, नितिन कुमार व नितीश कुमार सभी की शादी हो गयी है। मेरा बड़ा पुत्र मनोज कुमार व पुत्रवधू निशा देवी आये दिन कुछ ना कुछ घटनाये कारित करती रहती है और अपराधी किस्म के लोगों को घर बुलाती है जिससे हम पति-पत्नी को उक्त लोग भला बुरा कहते हैं। मेरे पुत्र मनोज कुमार व पुत्रवधू निशा देवी के गलत आचरण से हम लोग संतुष्ट नहीं है इनके द्वारा कोई भी गलत कार्य किया जायेगा तो उसकी जिम्मेदारी मेरे पुत्र मनोज कुमार व पुत्रवधू निशा देवी की होगी। अतः हम दोनों पति-पत्नी पुत्र मनोज कुमार एवं पुत्रवधू निशा देवी को इनके गलत आचरण के कारण अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र इबरार अहमद व उसकी पत्नी जैनब आये दिन मुझे व मेरी पत्नी साफिया बानो को प्रताड़ित करते हैं। जिससे परेशान होकर मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से पुत्र इबरार और उसकी पत्नी जैनब को बेदखल करता हूं। इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेनदेन या लिखापढ़ी के ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुझसे व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। - **मो. यूसुफ पुत्र स्व. सुबराती, ग्राम नबीगंज विशुनपुर सारा पोस्ट नेवादा, थाना रौनाही, अयोध्या।**

सूचना

सूचित हो कि मैं **बनवारी लाल पुत्र राजाराम निवासी-म0न0-6 सिठौली खुर्द थाना-गोसाईगंज मोहनलालगंज जनपद-लखनऊ उत्तर प्रदेश** का हूं, मैने अपने पुत्र आलोक यादव बहू पूजा यादव पत्नी आलोक यादव के गलत चाल-चलन एवं लड़ाई-झगड़े से तंग होकर अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है आज से आलोक यादव व पूजा यादव के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी।

सूचना

सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र जयकुमार को उसके गलत चालोचलन व गलत आचरण के चलते अपने चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। इनके द्वारा भविष्य में कोई गलत कृत्य किया जाता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इससे मेरा या मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **ओमप्रकाश मौर्या पुत्र स्व0 हरिनारायन ग्राम खड़ता थाना मलिहाबाद जिला लखनऊ**

रहस्य, श्रद्धा और चमत्कार का केंद्र है बागेश्वर नाथ मंदिर

शिवलिंग की गहराई अब तक नहीं पता कर सके अंग्रेज, दिन में तीन बार बदलता है शिवलिंग का रंग, सावन में उमड़ते हैं भक्त

आशुतोष अग्निहोत्री, इमलिया
सुल्तानपुर, सीतापुर

अमृत विचार: हरगांव-महोली मार्ग से लगभग पांच किलोमीटर भीतर बसे बगचन गांव में स्थित बागेश्वर नाथ मंदिर आस्था, चमत्कार और रहस्य का अद्भुत संगम है। सावन माह में यहां श्रद्धालुओं का रेला उमड़ता है। इस मंदिर की विशेषता यह है कि यहां स्थित शिवलिंग दिन में तीन बार रंग बदलता है और अब तक उसकी गहराई का पता नहीं चल सका है।

मान्यता है कि वर्षों पूर्व राजा लोने सिंह के टीले के समीप खुदाई के दौरान यह शिवलिंग प्रकट हुआ था। जब अंग्रेजों ने इसे हटाने की कोशिश की, तो असफल रहे। ग्रामीणों ने इसके चारों ओर चबूतरा बनवाना शुरू किया, लेकिन जितना चबूतरा बनता, उतना ही शिवलिंग का आकार बढ़ जाता। यह चमत्कार देखकर ग्रामीण में आश्चर्य से भर उठे।

अंग्रेजों ने खुदाई कर उसकी गहराई जानने का प्रयास किया, लेकिन वे भी असफल ही रहे। करीब 25 वर्षों से सेवा में लगे पुजारी स्वामी रामस्वरूप ब्रह्मचारी बताते हैं कि शिवलिंग दिन में सुबह, दोपहर और रात्रि तीन बार अपना रंग बदलता है, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र है। मंदिर की एक और रहस्यमयी बात यह भी है कि पहले सुबह कपाट खुलने से पहले ही शिवलिंग पर जलाभिषेक व पूजन हो जाया करता था। यह कैसे होता था, यह रहस्य आज भी नहीं सुलझ सका है। यहां दूर-दराज से श्रद्धालु जल भरने और पूजा करने आते हैं। उनका विश्वास है कि इस जल से उनके जीवन की पीड़ाएं दूर होती हैं।

मंदिर में स्थापित शिवलिंग। अमृत विचार

बगचन गांव स्थित बागेश्वर नाथ मंदिर। अमृत विचार

शिवलिंग की बदलती है आभा

करीब 25 सालों से मंदिर में सेवाएं दे रहे पुजारी स्वामी रामस्वरूप ब्रह्मचारी के मुताबिक शिवलिंग का रंग दिन में तीन बार बदलता है, प्रभात में हलका गुलाबी, दोपहर में सफेद और रात्रि में गहरा काला दिखाई देता है। यह दृश्य श्रद्धालुओं में आस्था और चमत्कार का भाव पैदा करता है।

अंग्रेज भी रह गए थे हैरान

ब्रिटिश शासनकाल में अधिकारियों ने जब शिवलिंग की गहराई जानने के लिए खुदाई कराई तो मजदूर थक गए, लेकिन शिवलिंग का अंत नहीं मिला। आखिरकार खुदाई रोक दी गई और उसे वहीं पूजास्थल घोषित कर दिया गया।

प्राण-प्रतिष्ठा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु। अमृत विचार

शिव परिवार की हुई प्राण-प्रतिष्ठा

संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार : सिविल लाइंस स्थित भगवान चित्रगुप्त मंदिर परिसर में बने शिव मंदिर में शिव परिवार की प्राण-प्रतिष्ठा का त्रिदिवसीय धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। आयोजन भगवान चित्रगुप्त परिवार द्वारा आयोजित कराया गया। आयोजन के दौरान नगर के अनेक श्रद्धालुओं एवं गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की। प्रथम दिवस में जलाधिवास एवं हवन-पूजन हुआ। द्वितीय दिवस में अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास तथा पुनः हवन-पूजन किया गया। वहीं, तृतीय दिवस पर स्नान, शयन, शृंगार के उपरांत शिव परिवार की शास्त्रोक्त विधि से नगर भ्रमण, देवालय दर्शन और अंत में मूर्ति स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा कर प्रसाद वितरण का आयोजन हुआ।

शहर और गांव में बिजली

गुल, लो वोल्टेज ने सताया

कई स्थानों पर ट्रांसफार्मर की कम क्षमता ने रुलाया

तारों को दुरुस्त करता लाइनमैन।

बिना दस्तानों के तारों की मरम्मत करते विद्युतकर्मी। अमृत विचार

अमृत विचार टीम, सीतापुर

शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या ने बाधा पहुंचाई। कई स्थानों पर क्षमता से कम ट्रांसफार्मर से बिजली देर तक गुल रही। हालांकि, लो वोल्टेज को दूर करने के लिए विद्युत विभाग की टीम अलग-अलग स्थानों पर मरम्मत के कार्य करती रही।

शहर से जुड़े भगवानपुर फीडर से जुड़े चक्करघर, भगवानपुर में बिजली गुल रही। पुराना शहर में जर्जर और खस्ताहाल तारों के चलते दिन भर बिजली गुल रही। कस्बा वासी तनवीर, हबीब उर रहमान, कमरुल, राशिद, वसीक, नफीस सहित अन्य लोगों का कहना है कि ट्रांसफार्मर कम क्षमता है। ऐसे में कई बार बिजली गुल हो जाती है। क्षमता से अधिक लोड होने के कारण कई बार ट्रांसफार्मर फुंक जाते हैं। जिससे आम जान को परेशानी होती है। यहीं हाल ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिला। यहां भी कई बार ट्रांसफार्मर फुंकने से लोगों की समस्याएं बढ़ जाती हैं। अधीक्षण अभियंता रामशब्द का कहना है कि कुछ स्थानों पर ट्रांसफर्मर क्षमता को देखते हुए बदला जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में खासकर रामपुर मथुरा के कई स्थानों पर तार भी बदले जा रहे हैं।

तंबौर में रोजमर्रा के कारोबार पर असर

तंबौर पावर हाउस से जुड़े ग्रामीण इलाकों में भी रविवार को बिजली न रहने से जनजीवन प्रभावित रहा। माहोली रोड, सुरैचा, टिकौली समेत दर्जनों गांवों में लोगों के साथ श्रद्धालु भी दिनभर पेयजल के लिए इधर-उधर भटकते रहे। बिजली न होने से मोबाइल चार्ज नहीं हो सके, पंखे और कूलर बंद होने से लोग गर्मी में बेहाल रहे। किसान रमेश, सुरेश, गोवर्धन ने बताया कि ट्यूबवेल से सिंचाई ठप हो गई। ग्रामीणों ने बिजली विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए वैकल्पिक व्यवस्था की मांग की है। बिजली बहाली को लेकर विभाग की ओर से कोई समय तय नहीं किया गया था।

खैराबाद में दिन भर रहा बिजली संकट

खैराबाद में माखूपुर सहित अन्य स्थानों पर बिजली संकट देखने को मिला। दिन में ट्रिपिंग के बीच कारोबार पर असर पड़ा। कई स्थानों पर लगातार ट्रिपिंग के चलते घरेलू कामकाज भी बाधित रहे। पूर्व चेयरमैन जलीस अंसारी का कहना है कि कई स्थानों पर ट्रांसमफार्मर क्षमता से कमजोर हैं। ऐसे में लोगों परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

कारगिल सैनिकों के लिए 23 को विशेष कार्यक्रम

सीतापुर, अमृत विचार: कारगिल विजय दिवस की स्मृति में जिले में भूतपूर्व सैनिकों के लिए एक शिविर आयोजित होगा। कमांडर राजीव कुमार पाठक, जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम 7वीं कुमाऊं बटालियन द्वारा 23 जुलाई को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य पूर्व सैनिकों के अद्वितीय साहस, त्याग और राष्ट्रसेवा को सम्मानित करना है। साथ ही, पेंशन, पुनर्वास, रोजगार, कौशल विकास, स्वास्थ्य सेवाओं, स्पर्श पोर्टल आदि से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए विशेष जनसंपर्क शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।

कमलापुर सहकारी समिति में यूरिया का टोटा, किसानों में उबाल

कमलापुर, सीतापुर

अमृत विचार: कमलापुर साधन सहकारी समिति में यूरिया की किल्लत से किसानों में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिला। समिति में ताला लटका मिला और सचिव मौके से नदारद थे। समिति पहुंचे नाराज किसानों ने प्रदर्शन करते हुए जिम्मेदारों पर लापरवाही के गंभीर आरोप लगाए। बढ़ते हंगामे के बीच एसडीएम सिधौली ने लेखपाल को मौके पर जाकर जांच करने का आदेश दिया।

विकास खंड कसमंडा के कमलापुर साधन सहकारी समिति में यूरिया की कमी होने से मंगलवार आक्रोशित दर्जनों किसान समिति पहुंचे और विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। आक्रोशित किसानों ने बताया कि जहां सरकारी समिति से उन्हें समय पर और तय दर पर खाद नहीं मिल रही है, वहीं प्राइवेट दुकानों में यूरिया 350 से 400 रुपये और डीएपी 1600 रुपये तक में बेची जा रही है। इस कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक लगातार कई दिन से किसान समिति के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन दरवाजे पर ताला लटका रहता है। सचिव दिलीप अवस्थी से संपर्क करने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। ऐसे में किसान खाद की कालाबाजारी के शिकार हो रहे हैं। बढ़ते हंगामे के बीच सिधौली उपजिलाधिकारी राखी वर्मा ने क्षेत्रीय लेखपाल शरद को मौके पर भेजकर जांच कराने के निर्देश दिए।

कमलापुर साधन सहकारी समिति पर यूरिया न होने पर विरोध जताते किसान।

> खाद वितरण में अनियमितता की शिकायत गंभीर है। मैंने मौके पर लेखपाल को भेजा है। दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। किसानों को किसी भी हाल में परेशान नहीं होने दिया जाएगा।
> -राखी वर्मा, एसडीएम सिधौली

जिसके बाद मौके पर पहुंचे लेखपाल ने किसानों को उनकी समस्या का निदान का हवाला देते हुए किसी तरह शांत कराया।

प्राइवेट दुकानों में ऊंचे दामों पर खादः यूरिया की सरकारी दर 266 रुपये प्रति बोरी है, लेकिन किसानों का आरोप है कि प्राइवेट दुकानों में यह 350 से 400 रुपये में बेची जा रही है। डीएपी की कीमत 1350 रुपये तय है, पर दुकानों पर यह 1600 रुपये तक बिक रही है।

बारिश की बूंदों ने दी राहत, धान-गन्ने को फायदा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

अमृत विचार: बारिश की बूंदों ने आमजन के अलावा किसानों को राहत दी है। खिले चेहरों के बीच किसानों ने धान की रोपाई की है।

24 घंटों के बीच जनपद के कई स्थानों पर रुक-रुककर बारिश हुई। मंगलवार सुबह हुई बारिश ने आमजन को राहत दी। फिर दिन भर बदली छाई रही। कुछ देर की हुई बारिश ने किसानों को राहत दी। पहला, रामपुर मथुरा, शुकुलपुरवा सहित अन्य स्थानों पर किसान धान की रोपाई करते मिले। किसान राममनोरथ, आयुष तिवारी, तेजभान यादव, शिवकुमार मौर्य आदि ने बताया कि बारिश ने धान और गन्ने की फसल को लाभ पहुंचाया है। यदि मौसम ऐसा ही रहा तो बेहतर उत्पादन की उम्मीद है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. सतेंद्र सिंह का कहना है कि धान की सिंचाई की समस्या हल हुई। ऐसे में जड़ पकड़ने की प्रक्रिया बेहतर हो गई है। गन्ने की तनों को भी वृद्धि मिलेगी।

धान की रोपाई करते किसान। अमृत विचार

मेंथा में सड़न की आशंका

कृषि वैज्ञानिक के मुताबिक, मेंथा की फसल में अत्यधिक नमी से सड़न की आशंका बन जाएगी। परवल, लौकी, टमाटर आदि की फसल में जलभराव और पत्तियों की गलन से नुकसान हो सकता है।

सार-संक्षेप

निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना, 21 तक करें आवेदन

सीतापुर, अमृत विचार : जनपद के पिछड़ा वर्ग के इंटरमीडिएट उत्तीर्ण बेरोजगार युवक-युवतियों के लिए अच्छी खबर है। उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा ओ-लेवल एवं सीसीसी कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के तहत निशुल्क प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी श्री रवि शंकर गिरि ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 21 जुलाई तक विभागीय वेबसाइट https://obccomputertraining.upsdc.gov.in पर जाकर जनसुविधा केंद्र, साइबर कैफे या निजी इंटरनेट केंद्रों के माध्यम से स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अब तक 425 आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हो चुके हैं। चयनित अभ्यर्थियों को जनपद में स्थित संस्थानों (जो एनआईईएलआईटी से मान्यता प्राप्त हैं) में गुणवत्तापूर्ण कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

चोरी करने वाले तीन जहरखुरान गिरफ्तार

कोतवाली देहात पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और बरामद माल। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता सीतापुर, अमृत विचार : जहरखुरान गिरोह का पर्दाफाश करते हुए कोतवाली देहात पुलिस ने तीन शातिरों को गिरफ्तार किया। इनके पास से चोरी का माल बरामद हुआ है। क्षेत्राधिकारी सदर विशाल गुप्ता ने बताया है कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान नैपालापुर निवासी शहबान, इलाके के सक्सेना गली निवासी राजन और रसूलगंज के बबलू पुत्र मनीराम के रूप में हुई है। पुलिस का दावा है कि आरोपी के कब्जे से ई रिक्शा, टीन शेड, गोल पाइप सहित अन्य सामान बरामद हुआ है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि 11 जुलाई को बेहड़ा मार्ग पर एक ई-रिक्शा चालक को कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर बेहोश किया गया और उसका ई-रिक्शा व अन्य सामान चोरी कर लिया था, बरामद माल वहीं का है।

अलग- अलग स्थानों से पकड़े गए 11 वारंटी

सीतापुर, अमृत विचार : एसपी अंकुर अग्रवाल के निर्देश पर वांछित व वारंटियों के विरुद्ध अभियान चला। कार्रवाई में 11 आरोपी गिरफ्तार किये गए। बिसवां से हरेश, मिश्रिख से ललित श्रीवास्तव, कमलापुर से चंदा, रामकोट से छोटेलाल, महमूदाबाद से उमेश, लहरपुर से अरमान को गिरफ्तार किया। रामपुर कला से संजय, इशरत, हरगांव से रोज अली, छैलू, रेउसा से पप्पू, रामकिशोर को जेल भेजा।

पीसीएल फाउंडेशन के किया रक्तदान

सीतापुर, अमृत विचार : पीसीएल फाउंडेशन की ओर रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। संस्था के संचालक प्रदीप ने बताया कि रक्तदान करने वालों में प्रदीप दूबे, रमेश राही, ज्ञानेंद्र मिश्रा, पियूष राही सहित 29 से अधिक लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान रक्तदाताओं को जागरूक किया। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष विनीत दीक्षित सहित अन्य उपस्थित थे।

सड़क किनारे बने रैनकट से हो रहे हादसे

पहला, अमृत विचार : जनपद के बिसवां-महमूदाबाद मार्ग पर बारिश के कारण सड़क किनारे बड़े बड़े रैन कट बन गए हैं। जिसके कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। इसके अलावा मुख्य मार्ग पर झाड़ियां भी उग आई हैं, जिससे जरा सी चूक जान लेवा साबित हो रही है। शिकायतों के बावजूद समस्याओं का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों ने रैन कट सही करवाने की मांग की है।

बिसवां-महमूदाबाद मार्ग पर सड़क किनारे बना कट।

कीमत से अधिक यूरिया बिकने पर बिफरे किसान

बिसवां, सीतापुर : भाकियू की मासिक पंचायत में किसानों की समस्याओं पर चर्चा हुई। अध्यक्षता शिवराज सिंह पटेल ने की। एसडीएम बिसवां को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार उमाकांत त्रिपाठी को सौंपा गया। पत्र में सहकारी समितियों पर डीएपी, एनपीके यूरिया की उपलब्धता कराने एवं प्राइवेट खाद की दुकानों पर कीमत से अधिक यूरिया की बिक्री करने पर रोक लगाने, ग्राम सभा बिसेंडा में मंझिया, दौलतपुर के जर्जर रास्ते को सही कराने, ग्राम सभा रामकुंड में ग्राम समाज की जमीन पर लगे पेड़ों को ग्राम प्रधान द्वारा प्रशासन की मिली भगत से कटवा कर बेचे जाने, प्राइवेट स्कूलों में ड्रेस व किताबों के नाम पर अभिभावकों से की जा रही धन उगाही को रोकने आदि की मांग की गई। इस अवसर पर वीरेंद्र वर्मा, सुभाष बाजपेई, शिवम वर्मा, मोहित सिंह, अनुरुद्ध बाजपेई, अजय सिंह, अभय प्रताप आदि मौजूद रहे।

टप्पेबाजों ने महिला को बनाया निशाना

मिश्रिख, सीतापुर : कस्बा मिश्रिख के ब्लॉक कार्यालय के सामने अज्ञात लुटेरों ने एक महिला को निशाना बनाकर उसके पास से गहने एवं नगदी पार कर दी। बताते चलें कि मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जशरथपुर निवासी प्रेमा देवी (40) अपने घर से इंडियन बैंक जा रही थी। रास्ते में 2 अज्ञात व्यक्तियों ने उसे झांसे मे लेकर एवं तंत्र मंत्र का जाल फेंककर उसके पास से सोने के गहने सहित कुछ नगदी पार कर दी एवं मौके से फरार हो गए। प्रेमा ने आरोप लगाया है कि अज्ञात व्यक्तियों ने उससे तंत्र मंत्र की बात करके एवं उसका समय खराब होने की बात कहकर उसे अपने झांसे में ले लिया और उससे गहने एवं नगदी पार कर दी। महिला का कहना है कि कुछ देर के लिए वह अपनी सुध बुध खो बैठी थी। बाद में मानसिक संतुलन सही होने पर महिला अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी बात बताई, इसके बाद महिला ने अपने भतीजे के साथ पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। कोतवाल अरविंद सिंह ने बताया केस दर्ज किया गया है।

मानसिक रोगी ने किया दुष्कर्म का प्रयास, केस

सदरपुर, सीतापुर: सदरपुर थाना इलाके में मानसिक रोगी पर नौ वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म के प्रयास का आरोप है। ग्रामीणों ने युवक को लात-घूंसों से बुरी तरह पीटा। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर इलाज के लिए भेजा और पूरे मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

सदरपुर निवासी आरोपी मुख्तार (32) पुत्र साबिर मानसिक रोगी बताया जा रहा है। आरोप है कि नौ वर्षीय बालिका के साथ युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़ित पक्ष के मुताबिक बालिका एक ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र के पास शौच के लिए गई थी। आरोप है कि मानसिक रोगी उसको देख कर उसके पास आ गया और दुष्कर्म का प्रयास करने लगा। बालिका द्वारा शोर मचाने पर लोग इकट्ठा हो गए और उस मानसिक रोगी युवक को लात-घूंसों से पिटाई की, सूचना के बाद पहुंची पुलिस युवक को थाने ले आई और उसकी हालत को गंभीर देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। सदरपुर थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया है कि आरोपी के विरुद्ध दुष्कर्म के प्रयास और पास्को एक्ट की धाराओं में अभियोग दर्ज किया गया है। ग्रामीणों की पिटाई से घायल आरोपी को इलाज के लिए भेजा गया है।

सांसद ने राहुल गांधी को भेजा पत्र

सीतापुर, अमृत विचार : पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई हत्याकांड प्रकरण एक बार फिर सुर्खियों में है। महोली इलाके के सेवानिवृत्त फौजी को 55 दिनों तक पुलिस कस्टडी में रखने के दावे को आगे बढ़ाते हुए कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और सीतापुर सांसद ने राहुल गांधी को पत्र भेजा है। पत्र दिल्ली तक पहुंचने के बाद माना जा रहा है कि पत्रकार हत्याकाण्ड एक बार फिर तूल पकड़ सकता है। बता दें कि पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या के मामले में कई लोगों से पूछताछ की गई थी। इसको लेकर सेवानिवृत्त फौजी विमल कश्यप ने पुलिस पर 55 दिनों तक कस्टडी में रखकर प्रताड़ना का आरोप लगाया, जो हाईकोर्ट तक पहुंचा था। तूल पकड़ते मामले में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने महोली पहुंचकर फौजी और उनके परिवार से मुलाकात की। प्रकरण एक बार फिर सुर्खियों में है। कारण, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और सीतापुर सांसद राकेश राठौर ने राहुल गांधी को पत्र लिखा है।

एसडीआरएफ टीम से जानकारी लेते सांसद राकेश राठौर। अमृत विचार

दूसरे दिन भी नहीं मिला नहर में डूबा युवक

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला मीरा टोला से निकलकर शारदा नहर में छलांग लगाने वाले युवक का दूसरे दिन भी गहरे पानी में पता नहीं चल सका। हादसे की खबर पाकर सांसद सीतापुर ने भी पहुंचकर परिवार के लोगों से मुलाकात की। बता दें कि मीरा टोला निवासी रफीक अंसारी का 27 वर्षीय युवक सोमवार को शारदा सहायक नहर में गहरे पानी में समा गया। छलांग लगाने की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस के अलावा एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और गहरे पानी में एसडीआरएफ की टीम ने तलाश की। लेकिन दूसरे दिन भी उसका पता नहीं चल सका। सूचना मिलने पर कांग्रेस सांसद राकेश राठौर और नगर पालिका चेयरमैन हाजी जावेद पहुंचे, परिवार से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। बता दें कि शारदा नहर में लापता हुए युवक की तलाश में लहरपुर से महमूदाबाद तक भारी संख्या में लोगों द्वारा गहरे पानी में तलाश की जाती रही। उधर, कई स्थानों पर भारी संख्या में लोग नहर किनारे देखे गए।

प्रमाण पत्र के साथ स्वास्थ्य कर्मचारी। अमृत विचार

बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मिला सम्मान

लहरपुर, सीतापुर, अमृत विचार : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एम्बुलेंस 102 में एमटी द्वारा सुरक्षित प्रसव और 108 में बेहतर रिस्पांस टाइम के लिए अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई ने एमटी और पायलटों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. अरविंद बाजपेई ने गर्भवती महिलाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाते समय प्रसव पीड़ा होने पर सुरक्षित नॉर्मल डिलीवरी कराने में एमटी वसीम व पायलट अनिल को व रिस्पांस टाइम के लिए अश्वनी शुक्ला, गणेश प्रसाद, प्रशांत कुमार, मोहनलाल, मेराज व सलमान को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को लेकर प्रशंसा की और उन्हें प्रशस्ति पत्र व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर एंबुलेंस प्रभारी अभिषेक अवस्थी, बीपीएम गौरव सक्सेना, बीसीपीएम मनोज वर्मा आदि रहे।

रेल इंजन की चपेट में आने से महिला की गयी जान

नेरी, अमृत विचार: महोली कोतवाली क्षेत्र के नेरी रेलवे स्टेशन के पास रेल इंजन की चपेट में आकर एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी की है। लोगों के मुताबिक, 45 वर्षीय महिला अचानक रेल इंजन के सामने आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस के पहुंचने पर जांच पड़ताल के दौरान महिला के पास से एक आधार कार्ड मिला है। जिसमें नाम रीता पत्नी रामखेलावन निवासी पाल्हापुर थाना मैगलगंज जनपद खीरी लिखा हुआ हैं। फिलहाल पुलिस ने नाम पते के आधार पर जांच-पड़ताल कर रही है।

वित्तविहीन शिक्षकों ने सीएम से की मुलाकात

सीतापुर, अमृत विचार: माध्यमिक वित्तविहीन शिक्षक महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने सीएम योगी आदित्यनाथ से उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान शिक्षकों ने शिक्षकों, प्रबंधकों एवं कर्मचारियों की समस्याओं को उनके समक्ष रखा। प्रतिनिधिमंडल के साथ उप्र विधान परिषद के सदस्य उमेश द्विवेदी, इं. अवनीश कुमार सिंह एवं सुरेंद्र चौधरी भी रहे। महासभा के सदस्यों ने बताया प्रदेश भर के वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक अत्यल्प मानदेय पर कार्य कर रहे हैं। सीएम ने कहा सरकार विद्यालयों के सुगम संचालन एवं शिक्षकों के कल्याण को गंभीर है। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा राजकीय, एडेड तथा संस्कृत विद्यालयों के लिए विभिन्न योजनाएं, जैसे प्रोजेक्ट अलंकार चलाई जा रही हैं। सुझाव दिया कि जैसे अन्य विद्यालयों को गैर-उपयोगी भूमि के व्यावसायिक प्रयोग की छूट दी गई है उसी प्रकार वित्तविहीन विद्यालयों को भी आय के वैकल्पिक स्रोतों की दिशा में छूट दी जा सकती है। इस पर उमेश द्विवेदी ने दोबारा वित्तविहीन शिक्षकों की स्थितियों का उल्लेख करते हुए उनके स्थायी समाधान की मांग की जिस पर सीएम ने सकारात्मक रुख दिखाते हुए कहा सरकार इस विषय पर विचार कर रही है। प्रतिनिधि मण्डल में पंकज पाण्डेय, दिनेश सिंह, लालकृष्ण प्रताप सिंह, गंगा प्रसाद पांडेय, पुष्पेंद्र तिवारी रहे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलते शिक्षक। अमृत विचार

अमृत विचार
www.amritvichar.com

शराब पीने के बाद पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला

मृतका के पिता के तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज, पति गिरफ्तार

संवाददाता, शुकुल बाजार, अमेठी

अमृत विचार। शुकुल बाज़ार थाना क्षेत्र के पूरे नजरअली गांव से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। सोमवार की रात करीब 12 बजे मामूली विवाद के बाद शराब के नशे में धुत एक पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से डंडों से पिटाई कर दी, पत्नी पर तब तक लाठी बरसाई जब तक कि वह मर नहीं गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजकुमार गौतम पुत्र जगदम्मा रैदास और उसकी पत्नी प्रेमलता (38) ने देर रात एक साथ शराब का सेवन किया। नशे में धुत होने के बाद किसी बात को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई जो जल्द ही हिंसक हो गई। गुस्से में बेकाबू राजकुमार ने प्रेमलता की डंडों से बुरी तरह पिटाई कर दी। घायल अवस्था में परिजनों ने प्रेमलता को शुकुल बाजार सीएचसी अस्पताल पहुँचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही शुकुल बाजार पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन बोले, हर रोज होता था झगड़ा राजकुमार की बहन पायल ने बताया कि उसका भाई, पत्नी और बच्चों के साथ अलग घर में रहता था। दोनों के बीच पहले भी आए दिन झगड़े होते रहते थे।

घटना के बाद रोते- बिलखते परिजन व इनसेट में प्रेमलता की फाइल फोटो।

थाना अध्यक्ष अभिनेश कुमार ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों ने शराब पी रखी थी और उसी के बाद विवाद हुआ। मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर पति राजकुमार के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आरोपी पति को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

भाजपा नेता पर पत्नी ने किया चाकू से हमला

शुकुल बाजार अमेठी अमृत विचार। ऊंचगांव गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष मोहम्मद कलीम किदवई पर उनकी पत्नी समा ने चाकू से हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि यह हमला पहली शादी की बात छिपाने को लेकर हुआ। घटना में भाजपा नेता गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उन्हें ट्रामा सेंटर जगदीशपुर में भर्ती कराया गया है। मूल रूप से निहालगढ़, जगदीशपुर निवासी मोहम्मद कलीम कुछ समय से अपनी दूसरी पत्नी समा के साथ ऊंचगांव में रह रहे थे। जानकारी के अनुसार, उन्होंने अपनी पहली पत्नी को तलाक दे दिया था, लेकिन यह बात समा से छिपाई गई थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था। मंगलवार को विवाद इतना बढ़ गया कि समा ने गुस्से में आकर उन पर चाकू से कई वार कर दिए। हमले में मोहम्मद कलीम के गले और पैर पर गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में उन्होंने खुद ही अपने रिश्तेदारों को फोन कर मदद मांगी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने मौके से चाकू बरामद कर समा को हिरासत में ले लिया है। पूछताछ में समा ने आरोप लगाया कि मोहम्मद कलीम ने पहली शादी की बात छिपाकर निकाह किया और अब उन्हें लगातार धमकियां दे रहे थे। समा का कहना है कि उसने आत्मरक्षा में यह कदम उठाया। थानाध्यक्ष अभिनेष कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से मौखिक रूप से जानकारी ली गई है और घायल का बयान दर्ज किया गया है। अभी तक किसी पक्ष की ओर से लिखित तहरीर नहीं दी गई है। मामले की जांच की जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

भूमि विवाद मे चले लाठी-डंडे, 11 घायल

जगदीशपुर, अमेठी, अमृत विचार। जमीनी विवाद को लेकर लम्बे समय से चले आ रहे विवाद में दो पक्षों में लाठी-चल गए जिसमें 11 लोग घायल हो गए। कोतवाली क्षेत्र के काचनाव गांव निवासी दान बहादुर व रमेश कुमार के बीच लम्बे समय से जमीनी विवाद चला आ रहा है, जो कहासुनी के दौरान मारपीट मे बदल गया। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर लाठी-डंडो से हमला कर दिया। दोनों पक्षों के बीच हुए संघर्ष में एक पक्ष से विपिन चौहान, रामा, बाबादीन, आदित्य, दान बहादुर, राम धनी व दूसरे पक्ष से रमेश कुमार, गया प्रसाद, प्रेमा देवी, जीतेन्द्र कुमार, राहुल कुमार घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी मे भर्ती कराया जहां रामधनी व रामा को जिला रेफर किया गया है।

सैनिक स्कूल से गायब हुए दोनों छात्र बिहार में मिले

संवाददाता, गौरीगंज, अमेठी

अमित विचार। सैनिक स्कूल गौरीगंज से सोमवार को गायब हुए कक्षा 7 के दो छात्र देशदीपक निवासी बलिया, उत्तर प्रदेश और अमरनाथ निवासी अरवल, बिहार को पुलिस ने बिहार से सकुशल बरामद कर लिया है। दोनों छात्र बिहार के जहानाबाद जिले में अपने एक दोस्त से मिलने गए थे। कोतवाली क्षेत्र गौरीगंज के कौहार में सैनिक स्कूल बना हुआ है। हाउस मास्टर पुनीत ने सोमवार को कोतवाली गौरीगंज में तहरीर दी कि देशदीपक और अमरनाथ को अंतिम बार सोमवार दोपहर एक बजे स्कूल परिसर के नालंदा ब्लॉक के पास देखा गया था। थाना प्रभारी श्याम नारायण पांडे ने बताया कि लोकेशन ट्रेस करने पर पता चला कि दोनों छात्रों की आखिरी मोबाइल लोकेशन वाराणसी में पाई गई। सूचना मिलते ही एक उपनिरीक्षक और दो आरक्षियों की टीम को वाराणसी रवाना किया गया। वहां जांच के दौरान यह जानकारी मिली कि दोनों छात्र वाराणसी से जहानाबाद, बिहार चले गए हैं, जहां उनका एक परिचित दोस्त रहता है। स्थानीय पुलिस की सहायता से अमेठी पुलिस ने दोनों छात्रों को जहानाबाद से सकुशल बरामद कर लिया। थाना प्रभारी श्याम नारायण पांडे ने पुष्टि करते हुए बताया कि, दोनों छात्रों को सुरक्षित बरामद कर लिया गया है और उन्हें उनके परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया चल रही है।

संदिग्ध परिस्थिति में नवविवाहिता की मौत

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। मुंशीगंज थाना क्षेत्र के कनकसिंहपुर गांव में नवविवाहिता अंजली चौरसिया (22) की सोमवार रात ससुराल में संदिग्ध हालात में मौत हो गई। शव पंखे पर साड़ी के फंदे से लटकता मिला। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। नगरडीह मजरे इस्माइलपुर निवासी राकेश चौरसिया की बेटी अंजली की शादी 12 फरवरी 2025 को कनकसिंहपुर निवासी युवक से हुई थी। अंजली के चाचा सुरेश चौरसिया का आरोप है कि विवाह के कुछ ही दिन बाद से ही दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित किया जा रहा था। सोमवार रात को हुई उसकी मौत की जानकारी परिजनों को मंगलवार सुबह दी गई। परिवार वालों ने आरोप लगाया कि मांग पूरी न होने पर अंजली की गला दबाकर हत्या की गई और बाद में फंदे से लटका दिया गया। कोतवाली प्रभारी एसके त्रिपाठी ने बताया कि अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। जांच की जा रही है।

ईवीएम वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

गौरीगंज, अमेठी अमृत विचार। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजय चौहान ने मंगलवार को तहसील गौरीगंज परिसर स्थित ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस (स्ट्रांग रूम) का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, स्ट्रांग रूम, रिजेक्टेड यूनिट कक्ष और वीवीपैट कक्ष का गहन अवलोकन किया। उक्त वेयरहाउस में अमेठी, गौरीगंज, तिलोई और जगदीशपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की ईवीएम और वीवीपैट मशीनें सुरक्षा के दृष्टिकोण से लॉक कर सुरक्षित रखी गई हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न हो और सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण की जाए।

सार-संक्षेप

तालेश्वर शिवधाम में जवाबी कीर्तन का आयोजन

कीर्तनकारा कमलेश्वरी कंचन।

खीरों, रायबरेली, अमृत विचार। सावन मास के प्रथम सोमवार पर मथुराखेड़ा मजरे खीरों के तालेश्वर शिवधाम में देर रात जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। इसमें छतरपुर मध्यप्रदेश की प्रसिद्ध कीर्तनकारा कमलेश्वरी कंचन और कानपुर के कीर्तनकार सचदेवा शरारती के मध्य जबर्दस्त जवाबी मुकाबला हुआ। तालेश्वर बाबा जन कल्याण समिति द्वारा आयोजित जवाबी कीर्तन कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व विधायक राकेश प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर एडवोकेट राजेन्द्र त्रिपाठी, शैलेन्द्र त्रिपाठी, रावेन्द्र त्रिपाठी, दिनेश गुप्ता, अवध नरेश यादव, पंजाबी सिंह, कांग्रेस की नेता सुधा द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

मां-बेटी की हत्या के मामले में एक आरोपी को उम्रकैद

रायबरेली, अमृत विचार। कोर्ट ने नसीराबाद थाना क्षेत्र में करीब चार साल पहले चोरी के दौरान मां,बेटी की हत्या करने के एक मामले में दोषसिद्ध होने पर एक आरोपी को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही 29 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया। वहीं पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में एक महिला आरोपी को बरी कर दिया।यह फैसला कोर्ट संख्या चार के अपर सत्र न्यायाधीश अमित कुमार पांडे ने सुनाया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले एडीजीसी (क्रिमिनल) देवकांत शुक्ला के मुताबिक मामले की रिपोर्ट नसीराबाद थाना क्षेत्र के हाजीपुर निवासी जमीलअहमद ने दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार 30 सितम्बर 2020 की रात जब वादी घर पर नहीं था।तभी चोरी करने के लिए घर में घुसे कुछ लोगों ने पत्नी सफीकुननिशा व बेटी खुशी उर्फ तमन्ना बानो के सिर पर सरिया व राड से वार कर दिया,जिससे पत्नी की मौके पर व बेटी की अस्पताल में मौत हो गई ।पुलिस ने विवेचना के बाद नसीराबाद थाना क्षेत्र के हाजीपुर निवासी सैफ उर्फ इमरान व साबिरा के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की ।कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार आरोपी सैफ उर्फ इमरान को उम्रकैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में साजिश की आरोपी साबिरा को बरी कर दिया।

सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा गंभीर

महराजगंज, रायबरेली, अमृत विचार। मंगलवार दोपहर को सोथी गांव निवासी ज्ञान सिंह (38) स्कूटी से थुलवासा जा रहे थे। तभी थुलवासा चौकी क्षेत्र के याकूबगंज के पास रायबरेली की तरफ से आ रहे तिवारीपुर मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला निवासी मोटरसाइकिल सवार नीरज (30) से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। घटना में सोथी निवासी ज्ञान सिंह और दूसरा बाइक सवार नीरज गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस व पुलिस ने दोनों को सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने ज्ञान सिंह को मृत घोषित कर दिया। वही दूसरे बाइक सवार नीरज को गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। कोतवाल जगदीश यादव ने बताया कि मृतक ज्ञान सिंह के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दूसरे घायल का जिला अस्पताल में इलाज जारी है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

हक के लिए कोटेदारों ने बुलंद की आवाज, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जिलाध्यक्ष शिव कुमार पाठक और जिला उपाध्यक्ष कल्याण शंकर मिश्रा के नेतृत्व में कोटेदारों ने वर्तमान समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। पहले विकास भवन में एकत्र हुए। इसके बाद पैदल मार्च करे हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। साथ ही समस्याओं के निस्तारण किए जाने की मांग की।

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद।

पत्रांकः-एस0एस0ए0/के0जी0बी0वि0स्टाफचयन/4083-88 /2025-26 दिनांकः-15.07.2025

प्रेस विज्ञप्ति

शासनादेश संख्याः 1553/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 11.12.2020 एवं महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा उ0प्र0 लखनऊ के पत्रांक-के0जी0बी0वी0/11308/2022-23 दिनांक 14.02.2023, पत्रांकः के0जी0बी0वी0/1121/2023-24 दिनांक 25.04.2023 एवं पत्रांकः के0जी0बी0वी0/1790/2023-24 दिनांक 12.05.2023 के अनुपालन में जिलाधिकारी महोदय की अनुमति उपरान्त जनपद मुरादाबाद में संचालित 09 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अस्थायी रूप से सृजित संविदा आधारित शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक कर्मियों के चयन हेतु इच्छुक, अर्ह, योग्य महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुरादाबाद में निर्धारित प्रारूप पर निर्धारित शर्तो के अधीन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आवेदन पत्र स्वीकार करने की अन्तिम तिथि दिनांक 02.08.2025 की सांय 05:00 बजे होगी। निर्धारित तिथि के बाद अथवा साधारण डाक से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों स्वीकार नही होगे। एक से अधिक पदों के लिये पृथक-पृथक आवेदन प्रेषित किया जाये। रिक्तियों का विवरण निम्नवत् है-

क्र सं	पदनाम	विषय	कुल पद	आरक्षण श्रेणी: अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनु0 जाति	मानदेय	अनिवार्य शैक्षिक एवं प्रशिक्षण अर्हता
1	पूर्णकालिक शिक्षिका	विज्ञान	03	01	01	01	24200.00 प्रतिमाह	जेड0बी0सी0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्रा0 स्तर की टी0ई0टी0
		गणित	02	01	00	01	24200.00 प्रतिमाह	पी0सी0एम0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्रा0 स्तर की टी0ई0टी0
		भाषा (हिन्दी एवं संस्कृत)	03	02	01	0	24200.00 प्रतिमाह	हिन्दी एवं संस्कृत से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्रा0 स्तर की टी0ई0टी0
		अंग्रेजी	03	02	00	01	24200.00 प्रतिमाह	अंग्रेजी विषय से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्रा0 स्तर की टी0ई0टी0
2	अंशकालिक शिक्षिका	स्काउट गाईड एवं शारीरिक शिक्षा	01	00	01	0	10780.00 प्रतिमाह	बी0पी0एड0/सी0पी0एड0/डी0पी0 एड0 आदि उपाधि
		कम्प्यूटर	03	02	01	00	10780.00 प्रतिमाह	प्रशिक्षित स्नातक के साथ PGDCA/BCA/B.SC, कम्प्यूटर सांइस अथवा स्नातक सहित DOEACC या समकक्ष संस्था से ओ0 लेबल या ए लेबल डिप्लोमा आदि
		कला,क्राफट एवे संगीत	01	01	00	00	10780.00 प्रतिमाह	सम्बन्धित विषय में स्नातक उपाधि सहित प्रशिक्षण उपाधि होगी तथा गृह शिल्प की शिक्षिका का पद कला,क्राफट एवं संगीत के पद के अर्न्तगत ही माना जायेगा।
3	उर्दू शिक्षिका	उर्दू	02	01	01	00	14520.00 प्रतिमाह	बी0ए0 उर्दू विषय से तथा एल0टी0 या बी0टी0 या बी0एड0 या अन्य समकक्ष शिक्षा अथवा शिक्षण में डिग्री या डिप्लोमा।
4	लेखाकार		01	01	00	00	12100.00 प्रतिमाह	वाणिज्य विषय में स्नातक तथा एम0एस0आफिस पर कार्य का ज्ञान अनिवार्य होगा। डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से कम्प्यूटर शिक्षा में ओ0 लेवल डिप्लोमा अथवा समकक्ष अन्य योग्यत की दशा में अभ्यर्थी को चयन में वरियता दी जायेगी।
5	रसोईया		02	01	01	00	7590.00 प्रतिमाह	कक्षा 08 उत्तीर्ण
6	सहायक रसोईया		08	05	00	03	5693.00 प्रतिमाह	कक्षा 08 उत्तीर्ण
7	चपरासी		01	01	00	00	6325.00 प्रतिमाह	कक्षा 08 उत्तीर्ण
8	चौकीदार		03	03	00	00	6325.00 प्रतिमाह	कक्षा 08 उत्तीर्ण
	योग		33	21	06	06		

चयन हेतु आवश्यक निर्देश/अर्हता।

⇒ शैक्षिक पदो के लिए, प्रशिक्षित उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण को सम्मिलित किया जायेगा (मान्यता सम्बन्धी पत्र आवश्य संलग्न करें।)

⇒ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक वर्ष 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित हो रहे है, उन शिक्षकों द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में प्रदेश के किसी भी जनपद में आवेदन करने पर, उन्हें चयन हेतु शैक्षिक अर्हता में शासनादेश संख्या के0जी0बी0वी0/3-2/1916/2013-14 दिनांक 29.07.2013 के पूर्व कार्यरत शिक्षिकों के लिए टी0ई0टी0 की अर्हता अनिवार्य नही होगी।

⇒ पूर्णकालिक शिक्षिका, मुख्य रसोईया एवं सहायक रसोइया का पद पूर्णकालिक होगा। इन्हें विद्यालय परिसर में रहना अनिवार्य होगा।

⇒ कस्तूरबा गाधी बालिका विद्यालयों में सभी पदों पर संविदा के आधार पर नवीन नियुक्ति हेतु अनिवार्य रूप से महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा।

आयु-

⇒ समस्त स्टाफ की न्यूनतम आयु 01 अप्रैल 2025 को 25 वर्ष होगी।

⇒ समस्त स्टाफ की अधिकतम आयु 01 अप्रैल 2025 को 45 वर्ष से अधिक न हों।

⇒ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो निर्धरित अर्हता रखते हों किन्तु शैक्षिक वर्ष 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित हो जा रहे हों, उन शिक्षकों द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में आवेदन करने पर, उन्हे चयन हेतु आयु सीमा में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में कार्यरत रहने की अवधि के समतुल्य छूट प्रदान की जायेगी, किन्तु प्रतिबन्ध यह है कि सम्बन्धित शिक्षक/शिक्षिका की आयु 60 वर्ष से अधिक न हो।

⇒ कस्तूरबा गांधी बलिका विद्यालयों में सेवा हेतु समस्त स्टाफ की अधिकतम आयु 60 वर्ष होगी।

आरक्षण-

⇒ राज्य सरकार के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार आरक्षण देय होगा।

चरित्र-

⇒ किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालिया व्यक्ति चयन के लिए अर्ह नही होगे। चयन समिति अभ्यर्थी के चरित्र के सम्बन्ध में यथोचित समाधान करेगी।

चयन प्रकिया-

⇒ कस्तूरबा गांधी बलिका विद्यालयों के ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित हो रहे है, उनके द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयें में रिक्तियों के सापेक्ष होने वाले नवीन चयन में प्रदेश के किसी भी जनपद में आवेदन करने पर उन्हे कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयें में की गयी सेवा अवधि के प्रत्येक सम्पूर्ण शैक्षिक वर्ष के लिए 02 प्रतिशत अतिरिक्त भारांक दिया जायेगा, किन्तु अधिकतम भारांक 30 प्रतिशत से अधिक नही होगा।

⇒ कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका, उर्दू शिक्षिका एवं लेखाकार के पद पर चयन सीधे मैरिट के आधार पर किया जायेगा। पूर्णकालिक शिक्षिका, अंशकालिक शिक्षिका, उर्दू शिक्षिका एवं लेखाकार के पद हेतु अभ्यर्थी के चयन के लिये भारांक के अंकों का निर्धारण निम्न प्रकार किया जायेगा।

क्र.सं.	परीक्षा/उपाधि का नाम	गुणवत्ता अंक
1	हाईस्कूल	परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x10/100
2	इण्टरमीडिएट	परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x10/100
3	स्नातक उपाधि	परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x20/100
4	प्रशिक्षण उपाधि	परीक्षा में प्राप्तांक का प्रतिशत x30/100
5	भारांक क0गां0बा0वि0 में शिक्षक के रूप में कार्यरत् अनुभव	प्रत्येक पूर्ण अध्यापन वर्ष के लिये 2 अंक, अधिकतम 30 अंक तक जो भी कम हो

⇒ रसोईया एवं सहायक रसोइया का पद पूर्णकालिक होगा तथा इनका साक्षात्कार 50 अंको का होगा, जिसमें शारीरिक क्षमता हेतु 20 अंक पाक विद्या के ज्ञान हेतु 20 अंक तथा अनुभव हेतु 10 अंक निर्धारित होगें।

⇒ चपरासी एवं चौकीदार का साक्षात्कार 50 अंको का होगा, जिसमें शारीरिक स्वास्थ हेतु 25 अंक तथा सामान्य ज्ञान हेतु 25 अंक निर्धारित होगें।

अन्य-

⇒ आवेदन पत्र प्रेषण हेतु पता-कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कोर्ट रोड, मुरादाबाद।

⇒ ऐसे शिक्षक/शिक्षिका जो शैक्षिक सत्र 2020-21 में नवीन संविदा से वंचित हो रहे है द्वारा सम्बन्धित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य है।

⇒ प्रत्येक शैक्षिक सत्र में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के समस्त पद मानव संसाधन विकास मंत्रालय भारत सरकार की प्रोजेक्ट अप्रूवल बैठक में दिये निर्देश के अधीन होंगे। तत्क्रम में विद्यालयों में कार्यरत् शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों का कार्य एवं व्यवहार संतोषजनक पाये जाने की दशा में आगामी सत्र हेतु जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदनोपरान्त नवीन संविदा की जायेगी एवं संविदा का सेवा अनुबन्ध 11 माह 29 दिन के लिये किया जायेगा

⇒ अभ्यर्थी द्वारा आवदेन पत्र के साथ निर्धारित स्थान पर नवीनतम् पासपोर्ट साइज की स्व प्रमाणित फोटो चस्पा किया जायेगा। आवेदन पत्र के साथ रू 40/-का डाक टिकट लगे 02 लिफाफे जिस पर अपना नाम, पता स्पष्ट लिखा हो संलग्न करना अनिवार्य है तथा लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम स्पष्ट रूप से अंकित किया जायेगा।

⇒ एक लिफाफे में केवल एक ही आवेदन पत्र स्वीकार किया जायेगा। एक लिफाफे में एक से अधिक आवेदन पत्र भेजने पर सभी आवेदन पत्र निरस्त कर दिया जायेगें।

⇒ विज्ञप्ति के निर्धारित आवेदन पत्र प्रारूप में कोई भी परिवर्तन/परिवर्धन अमान्य होगा। आवेदन पत्र में उल्लिखित सूचनाओं में कोई परिवंर्तन स्वीकार नहीं होगा। सभी सूचनायें निर्धारित स्थान पर स्वच्छता से अंकित की जायेगी। आवेदन पत्र में किसी प्रकार की कटिग/ओवर राइटिंग की दशा में अभ्यर्थी के आवेदन पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा और न ही इसकी सूचना अभ्यर्थी को दी जायेगी।

⇒ सभी आवेदन पत्र पजीकृत डाक के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे तथा पंजीकृत डाक द्वारा विलम्ब से आवेदन पत्र प्राप्त होने की दशा में विभाग जिम्मेदार नहीं होगा।

⇒ रिक्तियों की संख्या आवश्यकतानुसार घट-बढ़ सकती है तथा किसी भी पद या समस्त पद के लिए विज्ञापन निरस्त करने का सर्वाधिकार अध्यक्ष जिला स्तरीय चयन समिति के पास सुरक्षित होगा। इसमें किसी भी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

नोट-1-प्रकाशित विज्ञिप्त में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि पायी जाती है तो चयन की सम्पूर्ण कार्यवाही शासनादेश सं0-1553/65-5-2020 दिनांक 11.012.2020 के अधीन रहेगी।

2-के0जी0बी0वी0 चयन में कतिपय रिट याचिकाऐं मा0 न्यायालन में लम्बित होने के कारण उक्त सम्पूर्ण चयन प्रकिया मा0 न्यायलय के आदेशों के अधीन होगी।

(हर्ष वर्धन कपिल)
प्र0 जिला समन्वयक (बालिका शिक्षा)
समग्र शिक्षा, मुरादाबाद।

(विमलेश कुमार)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
मुरादाबाद।

आवेदन पत्र का प्रारूप

1 आवेदित पद का नाम्-------------------------
(सम्बन्धित विषय सहित जिस पद पर आवेदन किया गया है।)

स्व प्रमाणित नवीनतम फोटो चस्पा करें

2. अभ्यर्थिनी का नाम---
3 .पिता का नाम---
4. पति का नाम---
5. स्थायी पता ग्राम/मोहल्ला/मजरा वार्ड----------------पोस्ट------------जनपद-------------
पिन कोड्--------------------------------
6. पत्र व्यवहार का पता पता ग्राम/मोहल्ला/मजरा वार्ड-------------पोस्ट-----------जनपद-----------
पिन कोड------------------------
7. दूरभाष्/मोबाइल न0-------------------------------------
8. लिंग--
9. आरक्षण ---(अद्यतन जारी प्रमाण पत्र संलग्न करें)
10. जन्म तिथि (हाईस्कूल के प्रमाण पत्र के आधार पर) अंको में-----------------------------------
जन्म तिथि (हाईस्कूल के प्रमाण पत्र के आधार पर) शब्दों में -----------------------------------
01 अप्रैल 2025 को आयु वर्ष --------------माह --------------दिन------------------
11. शैक्षिक योग्यताः-

क्र0. सं0	शैक्षिक योग्यता	संस्था/बोर्ड विश्वविद्यालय का नाम	विषय	उत्तीर्ण वर्ष	प्राप्तांक	पूर्णाक	प्रतिशत
1	हाईस्कूल						
2	इण्टरमीडिएट						
3	स्नातक						
4	प्रशिक्षण						
5	उ0प्र0 स्तर की टी0ई0टी0 विवरण का उल्लेख करें						
6	कम्प्यूटर डिग्री/डिप्लोमा						
7	अनुभव						
8	कक्षा-8						

संविदा नवीनीकण से वंचित रहने पर के0जी0बी0वी0 में कार्यरत रहने का अनुभव

क्र0सं0	के0जी0बी0वी0 का नाम	जनपद का नाम	पद एव विषय	कब से	कब तक

घोषणा

मैं-------------पुत्र/पुत्री/पत्नी---------- यह घोषणा करता/करती हूँ कि आवेदन पत्र में उक्तवत् दिया गया विवरण मेरी जानकारी के अनुसार पूर्णतया सत्य है। इसमें किसी प्रकार का तथ्यगोपन नहीं किया गया है। यदि जॉच में कोई तथ्य/संलग्न प्रमाण पत्र फर्जी अथवा कूट रचित प्रकार का पाया जाता है तो जनपदीय समिति द्वारा लिया गया निर्णय मुझे मान्य होगा। मैं किसी प्रकार का वाद किसी भी न्यायालय में दाखिल नहीं करूंगा/करूंगी
दिनांक-
स्थान-

हस्ताक्षर अभ्यर्थिनी का पूरा नाम

एक नजर

सर्पदंश से किशोर की मौत

बछरावां, रायबरेली। थाना क्षेत्र के अंतर्गत सब्जी गांव निवासी रामानंद पुत्र विद्या शंकर बीती रात तखत पर सो रहा था। इसी दौरान सर्प ने उसे डस लिया। परिजनों द्वारा झाड़ फूंक करने के लिए कई स्थानों पर ले जाया गया। जिससे उसकी हालत और बिगड़ गई। इसके बाद उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मारपीट का मुकदमा दर्ज

लालगंज, रायबरेली। कोतवाली लालगंज क्षेत्र के रिसालपुर लोटनहा निवासी अंबिका प्रसाद पुत्र छंगालाल ने बदई का पुरवा निवासी बीनू पुत्र शंकर लाल और राजकुमारी पत्नी बीनू के खिलाफ मारपीट किये जाने के बाबत मुकदमा पंजीकृत कराया है। अंबिका प्रसाद ने लालगंज पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि विपक्षीगणो से उनकी पुरानी रंजिश चल रही है जिसके चलते उसे मारापीटा है और जान से मारने की धमकी दिया है। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच की जारही है।

चोरी से पेड़ काटने की शिकायत

लालगंज, रायबरेली। कोतवाली लालगंज क्षेत्र के मुबारकपुर बाजार गांव की महिला शांती देवी पत्नी भोला कुशवाहा ने पूरे बैजू मजरे मुबारकपुर गांव के राजेश कुशवाहा, सर्वेश कुशवाहा और रामकुमार कुशवाहा के खिलाफ लालगंज पुलिस में आधा हरा नीम का पेड़ काटने की शिकायत की है। महिला की माने तो पूरे बैजू गांव में पारिवारिक पुस्तैनी नीम का पेड़ था। आधा नीम का पेड़ प्रति पक्षी गणों ने चोरी से काट लियाहै। जब पेड़ काटने के बाबत एतराज जताया गया तो गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। महिला ने पुलिस हेल्प डिस्क लालगंज में शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है।

करंट से मोर की मौत

ऊंचाहार, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के बाहरपुर मजरे ईश्वरदासपुर गांव निवासी भूपेंद्र सिंह के खेत के ऊपर से एचटी लाइन गुजरी हुई है। मंगलवार की दोपहर एक मोर बिजली के तारों पर बैठ गया। इसी दौरान उसमें संचालित करंट की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई।।

ग्रामीणों ने विद्यालय मर्जिंग पर दर्ज कराया विरोध

दीनशाह गौरा, रायबरेली अमृत विचार। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार शाखा दीनशाह गौरा के पदाधिकारी अध्यक्ष शैलेश पांडे के नेतृत्व में जनसंवाद कार्यक्रम के तहत ग्राम पुराना पुरवा पहुंचे। पुराना पुरवा के ग्रामवासियों व अभिभावकों ने विद्यालय बंद करने पर गहरा रोष व्यक्त किया और कहा कि हमारे बच्चे एक किमी से अधिक दूर कैसे जा पाएंगे? बच्चों को शिक्षा से वंचित किया जा रहा है जो कि असंवैधानिक है। गौरा अध्यक्ष शैलेश पांडे ने बताया कि यह आरटीई एक्ट का उल्लंघन है। महामंत्री अखिलेश कुमार ने कहा बच्चों को शिक्षा के अधिकार से वंचित नही किया जा सकता। इसके अलावां जनपदीय पर्यवेक्षक व जिला कोषाध्यक्ष यादवेंद्र प्रताप सिंह, संरक्षक त्रिलोकी शरण सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरुणेंद्र सिंह चौहान, उपाध्यक्ष दिनेश मिश्र, श्याम सिंह आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

विद्यालय बंद होने से अभिभावकों का प्रदर्शन

खीरों, रायबरेली। विकास क्षेत्र के गांव कुटकुरी में स्थित प्राथमिक विद्यालय को शासन के निर्देशों के अनुसार पास के प्राथमिक विद्यालय देवगांव से जोड़ दिया गया है। जिससे अभिभावकों और बच्चों में काफी आक्रोश है। मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेशीय नेतृत्व के तीन दिवसीय कार्यक्रम के निर्देशानुसार प्राथमिक विद्यालय कुटकुरी में एक जन आन्दोलन गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्लाक अध्यक्ष नीरज हंस, सूर्य प्रसाद, पंकज कुमार, रुपरानी आदि लोग मौजूद रहे।

छापेमारी से खाद विक्रेताओं में हड़कंप, सात को नोटिस

जिला कृषि अधिकारी ने की कार्रवाई, साधन सहकारी समित समेत कई दुकान मिलीं बंद

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। जिले में खाद की कालाबाजारी को रोकने के लिए शासन के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय ने सोमवार को हरचंदपुर, बछरावां समेत कई जगह पीसीएफ, साधन सहकारी समितियों व दुकानों में छापेमारी की। इसमें कई जगह गड़बड़ी मिली। साधन सहकारी समितियों व दुकानों के बंद होने के साथ ही कैशमेमो मानक के अनुरूप नहीं मिलने पर संबंधित सात लोगों को नोटिस जारी किया गया है।

जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय ने मेसर्स पाण्डेय खाद भंडार गंगागंज का निरीक्षण किया। यहां पर कैशमेमो मानक के अनुरुप नहीं मिला। वहीं पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र गंगागंज में सबकुछ सही रहा। जांच के दौरान साधन सहकारी समिति

खाद के स्टाक के बारे में जानकारी लेते जिला कृषि अधिकारी अखिलेश पाण्डेय।

▸▸ **कहीं कहीं पर कैशमेमो नहीं मिले मानक के अनुरूप**

शोरा बंद मिला। बगल में पीसीएफ के केंद्र प्रभारी और किसानों ने बताया कि कुछ देर पहले सचिव कहीं चले गए। इस पर जिला कृषि अधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसके बाद मेसर्स गुप्ता ट्रेडर्स कठवारा पहुंचे। यहां पर पुराना स्टाक और बिक्री रजिस्टर प्रयोग में मिला। इस पर उन्होंने कार्यालय से नया स्टाक और बिक्री रजिस्टर बनवाने के लिए कहा। साथ ही किसानों का मोबाइल नंबर भी पंजीकृत करने को कहा। निरीक्षण के दौरान मौर्या ट्रेडर्स कठवारा में बंद मिला। दुकान का नाम भी अंकित नहीं था। बगल के कारखाने में पूछने पर पहले विक्रेता ने मना कर दिया। बाद में उसने स्वीकार किया की दुकान उसी की है। शटर खोलकर निरीक्षण करने पर 116 बोरी यूरिया स्टाक में मिली। जिला कृषि अधिकारी ने भ्रमित करने पर दुकानदारों को कड़ी फटकार लगाई। साथ ही दस्तावेजों को सही कराने के लिए निर्देशित किया। वहीं न्यू मौर्या बीज भंडार हरचंदपुर विक्रेता संजय मौर्या उपस्थित नहीं मिले। साधन सहकारी समिति हरचंदपुर खुली मिली, लेकिन आसपास गंदगी मिलने पर नाराजगी जताई। मौजूद कर्मचारी ने बोर्ड चोरी होने की बात कही। मेसर्स मीरा ट्रेडर्स प्यारेपुर, पीसीएफ कृषक सेवा केंद्र बन्नावां में केंद्र और गोदाम बंद मिला। इस पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। द्वारिका प्रसाद द्विवेदी खाद एवं बीज भंडार बछरावां कैशमेमो निर्धारित प्रारूप पर नहीं मिला। द्विवेदी ट्रेडर्स चुरुवा चौराहा बछरावां में उर्वरक बिक्री केंद्र, साधन सहकारी समिति नीमटीकर बछरावां में बंद मिला। दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इफको किसान सेवा केंद्र महराजगंज रोड बछरावां सही मिला। इसी तरह नवीन खुशहाली किसान सेवा केंद्र कुंदनगंज, यादव बीज भंडार एवं कीटनाशक केंद्र कुंदरगंज, न्यू शुक्ला खाद भंडार हरचंदपुर में मिली खामियों को जल्द दूर कराने के निर्देश दिए।

सार-संक्षेप

एसडीएम ने शहीद की पत्नी को किया सम्मानित

डलमऊ, रायबरेली। 1971 भारत-पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध में शहीद रामकुमार की पत्नी को एसडीएम ने मंगलवार को सम्मानित किया। डलमऊ तहसील क्षेत्र के अमरहा मजरे गंज बरेड़वा गांव निवासी शहीद रामकुमार ने वीरता का परिचय देते हुए दुश्मनों को काफी करारा जवाब दिया था। शहीद की पत्नी अरुणा देवी को एसडीएम डलमऊ अहमद फरीद खान ने अंग वस्त्र एवं माला पहनकर सम्मानित किया। शहीद की पत्नी अरुणा देवी ने उप जिला अधिकारी डलमऊ को बताया कि उसके पास राशन कार्ड नहीं है और पानी की समस्या हो रही है। जिस पर एसडीएम ने ने तत्काल खाद्य एवं पूर्ति निरीक्षक को राशन कार्ड बनाने एवं खंड विकास अधिकारी को पानी से संबंधित हो रही समस्या का निदान कराने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल उमाकांत, डलमऊ लेखपाल हरिओम त्रिपाठी, ग्राम प्रधान समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

शहीद की पत्नी को सम्मानित करते एसडीएम अहमद फरीद खान।

मंदिर का जीर्णोद्धार, मंत्रोच्चारण के साथ शिव दरबार स्थापित

शिवगढ़, रायबरेली। शिवगढ़ थाना परिसर स्थित भोलेनाथ मंदिर के जीर्णोद्धार किया गया। इसके बाद सावन मास के प्रथम सोमवार को मंदिर में रुद्राभिषेक एवं शिव शक्ति विराट यज्ञ के पश्चात संगमरमर से निर्मित भव्य एवं आकर्षक शिव दरबार की प्रतिमा स्थापित की गई। यह आयोजन पूरी भक्ति भावना से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ विधि विधान पूर्वक किया गया। ज्ञात हो कि वर्तमान शिवगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विंध्य विनय ने पदभार ग्रहण करने के बाद न सिर्फ थाना परिसर के कायाकल्प का संकल्प लिया था, बल्कि थाना परिसर स्थित शिव मंदिर के जीर्णोद्धार की जिम्मेदारी अपने कंधों पर संभाली। थाना प्रभारी के सार्थक प्रयासों से थाना परिसर में आगंतुक कक्ष का कायाकल्प, वृक्षारोपण, साफ-सफाई सहित अन्य विकास कार्य कराए गए हैं। सोमवार को हवन पूजन, मंत्रोच्चारण के साथ भगवान भोलेनाथ, मां पार्वती, विघ्न विनाशक गणेश जी, भगवान कार्तिकेय सहित शिव दरबार प्रतिमा की स्थापना की गई। इस मौके पर थाना प्रभारी विंध्य विनय, उप निरीक्षक बाबू सिंह, धर्मेंद्र सिंह, उपेंद्र नेवात कांस्टेबल कावेंद्र सिंह, अतुल सिंह, शिवकुमार आदि उपस्थित रहे।

स्थापित शिव दरबार।

अघोषित बिजली कटौती ने उड़ाई नींद, आंदोलन की दी चेतावनी

लालगंज, रायबरेली

अमृत विचार। विद्युत वितरण खंड के अधिकारियों के द्वारा सरकार के निर्देशों के तहत बिजली आपूर्ति ना होने समेत अन्य समस्याओं को लेकर स्थानीय लोगों ने मोर्चा खोल दिया। नाराज लोगों ने आंदोलन की चेतावनी देते हुए उप जिला मजिस्ट्रेट लालगंज को सौपा है। उप जिला मजिस्ट्रेट मिथिलेश त्रिपाठी ने समस्याओं के समाधान कराने की बात कही है।

सुशील शुक्ला, देवेश अग्निहोत्री, शेर बहादुर सिंह ने एसडीएम को बताया कि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ और विद्युत मंत्री एके शर्मा के द्वारा पावर सब स्टेशनों को पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जा रही है, लेकिन लालगंज सब स्टेशन के जिम्मेदार अधिकारियों अधिशासी अभियंता व उपखंड अधिकारी के द्वारा सही तरीके से पर्यवेक्षण न किए जाने के चलते लोगों को बिजली रोस्टर के अनुसार नहीं मिल रही है। इससे लोगों नाराजगी बढ़ती जा रही है। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने कहा है कि सरकार के नियम के अनुसार जो भी रोस्टर है उसके अनुसार उपभोक्ता को बिजली दी जाए। बिजली देने के बाद ट्रिपिंग की समस्या होती है उसे भी दूर किया जाए। सरकार के आदेश के अनुसार अधिशासी अभियंता और उपखंड अधिकारी के कार्यस्थल लालगंज में निवास करने और फोन रिसीव करने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति करने की मांग की है।

व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने एसडीएम से मांग करते हुए कहा कि प्रत्येक दिन और रात बिजली विभाग के किसी अधिकारी की ड्यूटी निश्चित रहे जो आकस्मिक बिजली की खराबी को कर्मचारी लगाकर दूर करा सके। इस मौके पर अनंत विजय सिंह, विकास तिवारी, अवनीश पांडे, रणविजय सिंह, चंदन त्रिवेदी, उमेश बहादुर सिंह, मोहम्मद परवेज, विजय सिंह, रोहित सोनी, शिवम गुप्ता, मृत्युंजय बाजपेई, कौशलेंद्र कंचन आदि मौजूद रहे।

बिजली की समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपते लोग।

विद्युत उपकेन्द्र के उपकरण खराब, अंधेरे में 50 हजार की आबादी

खीरों, रायबरेली, अमृत विचार। विकास क्षेत्र खीरों के अन्तर्गत स्थित विद्युत उपकेन्द्र कलुआखेड़ा के यार्ड में लगे उपकरण मंगलवार को सुबह खराब हो गए। जिससे इस उपकेन्द्र की लगभग पचास हजार से अधिक की आबादी के सामने बिजली का संकट खड़ा हो गया। एक ओर जहां खेतों में धान की रोपाई कर रहे किसानों में मायूसी छा गई। वहीं उपभोक्ताओं के सभी काम बन्द हो गए। उमस भरी गर्मी में उपभोक्ताओं का भी बुरा हाल है। उल्लेखनीय है कि खीरों क्षेत्र के गांव कलुआखेड़ा में स्थित विद्युत उपकेन्द्र से क्षेत्र की लगभग पचास हजार से अधिक की आबादी को विद्युत आपूर्ति दी जाती है। उपकेन्द्र के कर्मचारियों ने बताया कि मंगलवार को सुबह लगभग साढ़े आठ बजे उपकेन्द्र के यार्ड में लगी सीटी और पीटी जल गई हैं। जिससे आपूर्ति बाधित हो गई है। किसान रघुनाथ, हरीराम, छविनाथ, शिवकुमार, अवधेश कुमार, जगन्नाथ आदि ने बताया कि इस समय धान की रोपाई चल रही है। जब खेत पलेवा कर रोपाई के लिए तैयार हो गए हैं। ऐसे में विद्युत आपूर्ति न मिलने से यदि खेत सूख गया तो उस खेत में रोपाई असम्भव है। उपखण्ड अधिकारी खीरों अनमोल डागौर ने बताया कि उपकेन्द्र कलुआखेड़ा के यार्ड में लगी सीटी और पीटी खराब हो गई हैं। जिन्हे बदलकर नए उपकरण लगाए जा रहे हैं। उपकरणों के इंस्टाल होते ही आपूर्ति बहाल कर दी जायेगी।

डीएम के प्रयास से पंजाब से जारी हुआ मृत्यु प्रमाण पत्र

मृतक आश्रित महिला श्रीमती को मुख्यमंत्री आवास योजना और निराश्रित पेंशन योजना का प्रमाण पत्र देती डीएम हर्षिता माथुर। अमृत विचार

संवाददाता, रायबरेली, अमृत विचार। पंजाब के एक भट्ठा में काम करने गए श्रमिक की मौत के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र को भटक रहे परिवार को आखिरकार राहत मिल गई। डीएम हर्षिता माथुर द्वारा किए गए विशेष प्रयास के कारण पंजाब से मृतक का मृत्यु प्रमाण जारी कर दिया गया। मंगवार को जिलाधिकारी ने मृतक की पत्नी को आवास, पेंशन समेत अन्य प्रमाण पत्र देकर आगे भी मदद काभरोसा दिलाया।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने अपने कार्यालय कक्ष में पंजाब में मुक्तसर साहिब जिले में भट्टे पर मजदूरी करने वाले मृतक रतिपाल की आश्रित पत्नी श्री मती को मुख्यमंत्री आवास योजना (सामान्य) व महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित निराश्रित महिला पेंशन योजना का प्रमाण-पत्र दिया। मृतक रतिपाल ग्राम चीखरी का निवासी था। वह पंजाब के मुक्तसर साहिब जिले में भट्टे पर मजदूरी करने गया था, जहां पर दुर्घटना की वजह से अक्टूबर 2023 में उसकी मौत हो गई थी। संपूर्ण समाधान दिवस लालगंज में निराश्रित महिला ने जिलाधिकारी से मिलकर अपनी बात प्रार्थना पत्र के माध्यम से रखी। इसके बाद जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विशेष प्रयास करते हुए मृतक का मृत्यु प्रमाण पत्र पंजाब से जारी कराया। साथ ही जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा को निर्देश दिया कि निराश्रित महिला को सरकारी योजनाओं का तत्काल लाभ दिलाया जाए। इसके लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी ने मुख्यमंत्री आवास योजना व निराश्रित महिला पेंशन योजना के अंतर्गत आच्छादित कराते हुए सरकारी योजनाओं के लिए आवश्यक कार्रवाई की। साथ ही उनके दो बच्चों प्रियंका और देवांश की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार की ओर से पांच हजार की सहायता राशि की कार्यवाही पूर्ण कराई। सरकार से मिले लाभ और डीएम के प्रयास की हर कोई प्रशंसा कर रहा है।

वरिष्ठ नागरिक एमपी पाल को किया गया सम्मानित

वरिष्ठ नागरिक समिति के पदाधिकारियों के साथ एमपी पाल।

रायबरेली। मोती लाल नेहरू स्टेडियम में वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति, भारत सेवक समाज व नगर पालिका की ओर से 90 वर्ष पूर्ण करने वाले एमपी पाल को दीर्घायु होने की बधाई व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। अभिनंदन समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन लाल सोनकर ने कहा कि अच्छी जीवनशैली के कारण पाल जी ने लम्बी उम्र पायी है और आज भी सक्रिय हैं। मैं आपका अभिनन्दन करता हूं। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के मुख्य संरक्षक केएन मिश्रा ने श्री पाल की प्रशंसा करते हुए दीर्घायु होने की शुभकामनाएं दी। समारोह में अध्यक्ष गिरीश चंद्र मिश्र, महासचिव अरविंद श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राजाराम मौर्य, भारत सेवक समाज के अध्यक्ष शिव नारायण सोनी, योग गुरु डॉ आरपी सिंह, संरक्षक नवल किशोर बाजपेई, जय शंकर बाजपेई, सीएल कनौजिया, राम सनेही यादव, केके पांडे, जिला क्रीड़ा अधिकारी पुरुषोत्तम ने एमपी पाल को जन्म दिन की बधाई दी। इस दौरान सभी ने माला पहनाकर सम्मानित किया। गीतकार शिव बहादुर सिंह दिलवर और राम नरेश यादव ने अवधी गीत सुनाया। सभा में एमपी पाल के पुत्र राजेन्द्र पाल व प्रदीप कुमार ने उनकी जीवन शैली पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन पूर्व प्रधानाचार्य शिव नारायण सोनी ने किया।

पागल सियार के काटने से युवक की मौत

खीरो, रायबरेली, अमृत विचार। थाना क्षेत्र के गांव बरवलिया गांव में मंगलवार की सुबह एक युवक की मौत हो गई। परिजनों का कहना है लगभग 15 दिन पूर्व मृतक खेतों में काम कर रहा था। तभी एक पागल सियार ने उसे काट लिया था। काफी इलाज के बाद भी कोई फायदा नहीं हुआ। बरवलिया निवासी श्री केशन ने बताया कि उनके बेटे राजेश कुमार (24) को 15 दिन पूर्व खेतों में काम करते समय एक पागल सियार ने काट लिया था। युवक की हालत बिगड़ने पर सीएचसी खीरों लाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। लेकिन हालत में सुधार न होने पर उसे मेडिकल कालेज लखनऊ रेफर कर दिया गया था। इलाज के दौरान हालत खराब होने पर डाक्टरों ने सोमवार की रात मेडिकल कालेज से उसे घर भेज दिया। परिजन मृतक राजेश को लेकर सोमवार की रात लगभग 11 बजे घर पहुंचे। मंगलवार को सुबह लगभग साढ़े आठ बजे उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के पिता की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

राजेश कुमार (फाइल फोटो)।

टेंडर को लेकर बवाल, बीडीओ ने की पूरी टेंडर प्रक्रिया निरस्त

रायबरेली, अमृत विचार। मंगलवार को राही विकास खण्ड परिसर में टेंडर को लेकर बवाल हो गया। टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से राज्य वित्त एवं केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत विभिन्न विकास कार्यों को कराए जाने की योजना थी। फिलहाल ठेकेदारों में टेंडर डालने को लेकर उपजे विवाद के कारण यह टेंडर प्रक्रिया निरस्त कर दी गई। इस दौरान ठेकेदारों ने बीडीओ राही पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ब्लाक परिसर में गहमा-गहमी होने पर पुलिस बल भी मौजूद रही। दरअसल यह मामला राही विकास खण्ड परिसर में मंगलवार को टेंडर कराए जाने का है। यह पूरी प्रक्रिया बीडीओ राही गौरी राठौर की उपस्थिति में सम्पन्न कराने की तैयारी थी। इस टेंडर को समय से सम्पन्न कराए जाने की सारी गतिविधियां भी पूरी कर ली गई थी। ब्लाक परिसर में अधिकारियों की मौजूदगी में कराई जा रही टेंडर प्रक्रिया के दौरान ठेकेदारों में गहमा-गहमी शुरू हो गई। ठेकेदारों ने बीडीओ राही पर आरोप लगाया है कि इस टेंडर के माध्यम से किसे काम करना है और किसे नहीं। इसीलिए बीडीओ टेंडर का विरोध कर रही हैं। बीडीओ का इसी मामले से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें ठेकेदार व बीडीओ बात करते हुए साफ नजर आ रहे हैं। इस संबंध में बीडीओ गौरी राठौर ने बताया कि टेंडर डालने का समय बीत जाने के बाद भी जबरदस्ती टेंडर डालने का प्रयास किया जा रहा था। ऐसी परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए इसे निरस्त कर दिया गया है।

बाइक सवार बदमाशों ने सेल्समैन से 60 हजार रुपये लूटे

खीरों, रायबरेली, अमृत विचार। सोमवार की देर रात लगभग साढ़े दस बजे देशी शराब की दुकान बंद कर घर जा रहे एक सेल्समैन से बाइक सवार बदमाशों ने 60 हजार रुपये लूट लिए। इतना ही नहीं उससे मोबाइल, दुकान और स्कूटी की चाबी भी ले लिया। खीरों-निहस्था मार्ग पर फिरोजाबाद गांव के सामने की है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास काफी खोजबीन की। लेकिन बदमाश का कुछ पता नहीं चल सका। थाना क्षेत्र के रामपुर मिल्किन मजरे लोदीपुर निवासी राहुल कुमार ने बताया कि खीरों-निहस्था मार्ग पर स्थित गांव फिरोजाबाद के पास रनापुर पहरौली निवासी राधेश्याम साहू पुत्र स्व. मुन्ना साहू का देशी शराब का ठेका है। इसमें वह सेल्समैन का काम करता है। सोमवार को रात लगभग साढ़े दस बजे दुकान बंद करके स्कूटी से अपने घर रामपुर मिल्किन जा रहा था। जैसे ही दुकान से लगभग 100 मीटर आगे पहुंचा। तभी दो बाइकों पर सवार छह बदमाशों ने घेरकर रोक लिया। मेरी कनपटी से तमंचा सटाकर 60 हजार रुपयों से भरा बैग, मोबाइल के साथ दुकान और स्कूटी की चाबी छीनकर फरार हो गए। घटनास्थल से लगभग 500 मीटर दूर भागकर तालेश्वर मंदिर में चल रहे जवाबी कीर्तन कार्यक्रम में मौजूद लोगों को घटना की जानकारी दी। वहां उपस्थित लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास काफी खोजबीन की। लेकिन पुलिस बदमाशों तक पहुंचने में असफल रही। प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पुलिस बल भेजा गया। बदमाश घटना कारित कर फरार हो गए थे। घटनास्थल, दुकान व आसपास लगे सीसी कैमरों के फुटेज की जांच की जा रही है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

रिश्वत का पैसा लौटाने के मामले में ग्राम पंचायत अधिकारी निलंबित

संवाददाता, अमावां, रायबरेली, अमृत विचार। आवास स्वीकृत के नाम पर ली गई रिश्वत का पैसा लौटाने के मामले में जिला विकास अधिकारी ने ग्राम पंचायत अधिकारी को निलंबित कर दिया है। खंड विकास अधिकारी की जांच में ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा रिश्वत लिए जाने की पुष्टि हुई। जिसे वापस करते समय शूट किया गया वीडियो सही पाया गया। खंड विकास अधिकारी की जांच रिपोर्ट पर निलंबन की कार्रवाई की गई है। ग्राम पंचायत अधिकारी के निलंबन की कार्रवाई से ब्लाक कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है।

ब्लॉक में तैनात ग्राम पंचायत अधिकारी अमरेश नारायण यादव के पास विकास क्षेत्र के ओनई जंगली गांव का भी चार्ज था, जहां निवासी एक युवक द्वारा आवास का लाभ दिलाए जाने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी को रिश्वत दी थी लेकिन उसे आवास का लाभ नहीं मिला कुछ दिन पहले ग्राम पंचायत अधिकारी के गांव पहुंचने पर उसने रिश्वत में दिए गए रूपयों को वापस करने की बात कही थी जिसे ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा वापस कर दिया गया। लेकिन रूपयों के लौटने के दौरान किसी ने वीडियो शूट कर लिया और वायरल कर दिया। ग्राम पंचायत अधिकारी द्वारा रिश्वत का पैसा लौटाने का मामला सुर्खियों में आने पर खंड विकास अधिकारी ने मामले की जांच की और गांव के लोगों से पूछताछ के दौरान रिश्वत के रुपए लौटाने का मामला सही साबित हुआ। खंड विकास अधिकारी की जांच रिपोर्ट पर जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार ने मंगलवार की शाम को ग्राम पंचायत अधिकारी अमरेश नारायण यादव को निलंबित कर दिया है। ग्राम पंचायत अधिकारी के निलंबन के बाद से विकास विभाग के कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इस संबंध में बीडीओ संदीप सिंह ने बताया गांव में की गई जांच के दौरान मामला सही पाया गया। जांच आख्या पर जिला विकास अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायत अधिकारी अमरेश नारायण यादव को निलंबित कर दिया गया है।

जिला अस्पताल के डॉक्टर पर मरीज को निजी अस्पताल भेजने का आरोप

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ **लखनऊ से शव लेकर पहुंचे परिजनों ने जिला अस्पताल में किया प्रदर्शन**

▸▸ **सीएमएस ने परिजनों की मांग पर गठित की जांच टीम**

अमृत विचार। जिला अस्पताल से रेफर की गई एक बीमार महिला की लखनऊ के एक निजी हास्पिटल में मौत हो गई। महिला की मौत से आक्रोशित परिजनों ने जिला अस्पताल के डॉक्टर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। यही नहीं लखनऊ से शव लेकर लौटे परिजनों ने जिला अस्पताल परिसर में शव रखकर प्रदर्शन भी किया। इस दौरान परिजनों ने डॉक्टर के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

भदोखर थाना क्षेत्र के मुंशीगंज की रहने वाली रामपती को बीमारी की हालत में इमरजेंसी लाया गया था। इमरजेंसी में उसकी हालत न सुधरने पर ईएमओ ने उसे भर्ती कर लिया। काल-डे पर आए डा. रूद्रांश मिश्रा ने रोगी महिला का उपचार किया। इस दौरान उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उन्होंने उसे एम्स रायबरेली रेफर कर दिया। परिजन बीमार रामपती को 108 एम्बुलेंस से लखनऊ ट्रामा सेंटर लेकर पहुंचे। जिला अस्पताल में शव रखकर प्रदर्शन कर रहे परिजनों ने बताया कि जिस समय वह ट्रामा सेंटर पहुंचे तभी डा0 रूद्रांश का उसके पास फोन आया। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर के बताने के अनुसार लखनऊ के एक निजी अस्पताल में मरीज को भर्ती कराया गया था, जहां उसके मरीज की मृत्यु हो गई। परिजनों का आरोप है कि बिना धनराशि जमा कराए शव देने से मना कर दिया। परिजनों का यह भी आरोप है कि यदि डा. रूद्रांश उसे वहां न भेजते तो शायद उनके रूपये खर्च न होते और न ही उनके मरीज की मौत होती। परिजनों ने डॉक्टर पर कमीशनबाजी का आरोप लगाया है। इस संबंध में सीएमएस डा. पुष्पेन्द्र कुमार ने बताया कि परिजनों की मांग पर जांच टीम गठित कर दी गई। मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा उसके विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

लेखपालों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

लालगंज, रायबरेली। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले तहसील लालगंज के लेखपाल सोमवार को दोपहर दो बजे तक न्यायिक कार्यों से विरत रहकर अपनी मांगो को लेकर आंदोलित रहे। लेखपाल संघ के मंत्री उमाकांत तिवारी ने बताया कि हापुड़ में जिलाधिकारी द्वारा की गयी उत्पीड़नात्मक कार्यवाही से लेखपाल सुभाष मीणा की मौत हो गयी जिससे सभी लेखपाल आहत हैं। इसको लेकर लेखपालों ने मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भेजा है। इस मौके पर लेखपाल सर्वेंद्र कुमार, प्रियम पांडेय, मनमोहन पांडे, दीपक यादव, ऋषिकांत आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

आक्रोश — उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने ज्ञापन देकर बंद करने की मांग

गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के खिलाफ शिक्षक संघ ने खोला मोर्चा

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। बेसिक शिक्षा विभाग से बिना किसी मान्यता लिए शहर से लेकर गांव तक संचालित हो रहे विद्यालयों को बंद करने के लिए मंगलवार को उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने ज्ञापन दिया। बीएसए को ज्ञापन देकर संगठन ने मांग की कि इनका संचालन अभियान चलाकर बंद कराया जाए ताकि परिषदीय विद्यालयों में संख्या में बढोत्तरी हो सकें।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं जिला सरंक्षक समर सिंह ने कहा कि परिषदीय विद्यालयों का मर्जर कम संख्या वालों का किया जा रहा है। वर्तमान में अपने विभाग में स्कूलों के विलय, सरप्लस शिक्षकों का चिन्हांकन आदि का कार्य बहुत तीव्र गति से चल रहा है। पूरा शिक्षक समाज अभूतपूर्व अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने कहा कि परिषद के शिक्षा निदेशक ने पत्र जारी करके गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों के विरुद्ध कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। इस आदेश का अनुपालन कराना आवश्यक है। यदि अमान्य विद्यालयों को बंद कराया जाता है और उसमें पढ़ने वाले बच्चे परिषदीय विद्यालयों को मिल जाएं तो समीपवर्ती कई परिषदीय विद्यालय पुनर्जीवित हो सकेंगे।

जिला महामंत्री सियाराम सोनकर ने कहा कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को एक पत्र प्रेषित करके गैर मान्यता प्रसप्त विद्यालयों को बंद कराने के लिए कहा गया है। खण्ड शिक्षा अधिकारी छापेमारी करके ऐसे विद्यालयों का संचालन बंद करा सकते हैं। इस मौके पर कोषाध्यक्ष शिवशरण सिंह, हरिकेश यादव, साधना शर्मा, सुनीता सिंह, राकेश पटेल, सुरेन्द्र वर्मा, सुनील यादव, शिवकुमार सिंह, लालबहादुर यादव, मेराज अहमद, रविप्रकाश श्रीवास्तव, चन्द्र प्रकाश, धर्मेंद्र वर्मा, सुनील मिश्र, शिवेंद्र सिंह, शिवप्रताप मौर्य आदि उपस्थित रहे।

गैर मान्यता प्राप्त विद्यालयों को बंद कराने के लिए बीएसए कार्यालय के सामने एकत्र जूनियर शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

फायरिंग करते वीडियो वायरल

ऊंचाहार, रायबरेली। क्षेत्र में एक युवक का अवैध असलहे से फायरिंग करते वीडियो वायरल हो रहा है। सरेशाम इस तरह से हुई हवाई फायरिंग के वीडियो ने क्षेत्र में दहशत फैला दी है। पुलिस मामले में छान बीन कर रही है।मामला ऊंचाहार कोतवाली कोतवाली क्षेत्र का है। मंगलवार को वायरल हुए वीडियो में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि एक युवक कुछ पी रहा है और दूसरे हाथ से अवैध असलहे से हवाई फायरिंग करते हुए नजर आ रहा है। वीडियो में नजर आ रहा युवक क्षेत्र के एक कांग्रेस नेत्री का पुत्र बताया जा रहा है। कोतवाल संजय कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो कब का है और वीडियो में दिख रहा युवक कौन है इन सब बिन्दुओं पर गहनता से जांच की जा रही है।

विद्यां ददाति विनयं विनयाद् याति पात्रताम्।
पात्रत्वात् धनमाप्नोति धनात् धर्मं ततः सुखम्।।

ज्ञान विनम्रता प्रदान करता है, विनम्रता से योग्यता आती है और योग्यता से धन प्राप्त होता है, जिससे व्यक्ति धर्म के कार्य करता है और सुखी रहता है।

संपादकीय

नवाचार का केंद्र

दुनिया आज जब आर्थिक अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है, भारत मजबूत और स्थिर नेतृत्व के साथ वैश्विक मंच पर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। यह यात्रा आसान नहीं थी, परंतु 140 करोड़ भारतीयों की मेहनत, आकांक्षा और आत्मविश्वास की अभिव्यक्ति है। भारत एक दशक पहले कई आर्थिक चुनौतियों और नीतिगत जटिलताओं से जूझ रहा था। केवल एक दशक में भारत ने ब्रिटेन को पछाड़कर 2023 में पांचवां स्थान प्राप्त किया और 2025 में जापान को पीछे छोड़कर चौथे स्थान पर आ गया। आईएमएफ और वर्ल्ड बैंक ने भी इस उपलब्धि की पुष्टि की। 2025 में आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का सकल घरेलू उत्पाद 4.19 ट्रिलियन डालर तक पहुंच गया है और भारत ने जापान जैसे विकसित देश को पीछे छोड़ दिया है। इस प्रगति की नींव में कई संरचनात्मक सुधार रहे मेक इन इंडिया ने निवेशकों का विश्वास लौटाया और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में भारत की रैंकिंग 142 से घटकर 63 पर पहुंची। 2015 में शुरू की गई डिजिटल इंडिया मुहिम ने भारत को डिजिटल नवाचार का केंद्र बना दिया। जनधन, आधार और डीबीटी जैसे मिशनों ने करोड़ों लोगों को वित्तीय प्रणाली से जोड़ा और भ्रष्टाचार पर रोक लगाई। 2023-24 में भारत का कुल निर्यात 824.9 अरब डॉलर तक पहुंचा-जो आईटी, फार्मा, रत्न-आभूषण, कृषि और इंजीनियरिंग क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन का परिणाम है।

भारत अब 'दुनिया की फार्मेसी' और एक ग्लोबल टेक पावर हाउस के रूप में जाना जाता है। प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत 2024 तक 53.13 करोड़ से अधिक बैंक खाते, उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 11 करोड़ से अधिक गैस कनेक्शन, और आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से 50 करोड़ से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुरक्षा दी गई। यह दिखाता है कि भारत का आर्थिक विकास समावेशिता पर आधारित है। आज भारत को पूरी दुनिया स्थिरता, नवाचार और अवसरों के केंद्र के रूप में देख रही है। वैश्विक विश्लेषकों का अनुमान है कि अगर यह रफ्तार बरकरार रही तो भारत 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। भारत की यह उपलब्धि सिर्फ एक आर्थिक सफलता नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के सामूहिक प्रयासों, आकांक्षाओं और आत्मबल की जीत है।

अब नौकरी ही नहीं बिजनेस भी करेगा बिहार

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

यह भी याद रखा जाए कि बिहार में निजी क्षेत्र का निवेश भी होने लगा है। पिछले साल दिसंबर में बिहार की राजधानी पटना में आयोजित इनवेस्ट समिट के दौरान अडानी समूह, सन पेट्रोकेमिकल्स और कई अन्य बड़ी-छोटी कंपनियों ने राज्य में 1.81 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने का वादा किया।

अभी कुछ समय पहले मुंबई से पटना की फ्लाइट में साथ की सीट में एक नौजवान लैपटॉप पर काम कर रहा था। फिर हमारी बातचीत होने लगी। उसने बताया कि वो शेयर मार्केट एक्सपर्ट है और पटना से अपना दफ्तर चलाता है। उसके स्टाफ में आठ लोग हैं। उसका काम के सिलसिले में मुंबई आना-जाना लगा रहता है। उसने यह भी कहा कि एक दौर में वो और उसके बहुत सारे दोस्त सरकारी नौकरी करना चाहते थे। पर फिर लगा कि अब कुछ अपना करना चाहिए। कारण था सरकारी नौकरियां घट रही हैं और उन्हें पाना भी आसान नहीं है। दरअसल ये बिहार में बड़े स्तर पर हो रहा है। बिहारी नौजवान अब अपना कारोबार शुरू करने के बारे में सोचने लगे और उस दिशा में बढ़ रहे हैं। वे कारोबारी दुनिया में बेहतर कमा रहे हैं।

यह भी याद रखा जाए कि बिहार में निजी क्षेत्र का निवेश भी होने लगा है। पिछले साल दिसंबर में बिहार की राजधानी पटना में आयोजित इनवेस्ट समिट के दौरान अडानी समूह, सन पेट्रोकेमिकल्स और कई अन्य बड़ी-छोटी कंपनियों ने राज्य में 1.81 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने का वादा किया। यह निवेश नवीकरणीय ऊर्जा, सीमेंट, खाद्य प्रसंस्करण और विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में होगा। इससे पहले 2023 में आयोजित पहले निवेशक सम्मेलन में बिहार में 50,300 करोड़ रुपये के निवेश का वादा मिला था।

सन पेट्रोकेमिकल्स 36,700 करोड़ रुपये ऊर्जा परियोजनाओं, जैसे पंप हाइड्रो और सौर संयंत्रों में निवेश करेगी। अडानी समूह, जो राज्य में सबसे बड़ा निजी निवेशक है, ने लगभग 28,000 करोड़ रुपये निवेश करने का वादा किया है। यह निवेश एक अत्याधुनिक थर्मल पावर प्लांट स्थापित करने, सीमेंट उत्पादन क्षमता बढ़ाने, खाद्य प्रसंस्करण और लॉजिस्टिक्स व्यवसायों के विस्तार में किया जाएगा।



बिहार के उद्योग जगत पर नजर रखने वाले जानते हैं कि यहां से ही अनिल अग्रवाल (वेदांता समूह), आर.के. सिन्हा (एसआईएस सिक्योरिटी), संप्रदा सिंह एल्केम लैबोरेटरीज, आनंद कुमार (सुपर 30) जैसे बड़े कारोबारी निकले। इस सूची में कुछ नाम और भी शामिल किए जा सकते हैं और आने वाले समय में यह सूची बहुत लंबी होगी क्योंकि अब बिहारी नौजवान बदलने लगा है। उसे सरकार का साथ भी मिल रहा है।

यकीन मानिए, बिहार अब आर्थिक पुनर्जागरण की मिसाल बनता जा रहा है। हाल ही में पटना में आयोजित एक विशेष औद्योगिक संवाद में देश की 55 आईटी और इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनियों ने हिस्सा लिया। ये कंपनियां राज्य में निवेश की संभावनाएं टटोल रही थीं। ड्रोन, डेटा सेंटर, सोलर उपकरण, लैपटॉप निर्माण और सॉफ्टवेयर सेवाओं से जुड़ी कंपनियों ने जिस उत्साह से बिहार की नई नीतियों की सराहना की, वह बताता है कि राज्य अब 'लालटेन' से 'लैपटॉप' की ओर तेजी से बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा निवेशकों के लिए 70 प्रतिशत तक प्रोत्साहन राशि देने की नीति, सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था और निवेशकों के साथ संवाद की तत्परता ने उद्योग जगत को आकर्षित किया है। इस बार बदलाव केवल कागजों तक सीमित नहीं है, बल्कि ज़मीन पर भी दिखने लगा है। बिहार में आर्थिक चेतना का एक नया अध्याय निवेशकों की भागीदारी से भी खुल रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़े बताते हैं कि बीते पांच वर्षों में बिहार में शेयर बाजार में निवेश करने वाले लोगों की संख्या 0.7 लाख से बढ़कर 52 लाख हो गई है। यह 68 गुना की वृद्धि न केवल देश में सबसे अधिक है, बल्कि यह दर्शाता है कि अब राज्य की जनता आर्थिक निर्णयों को लेकर अधिक जागरूक और आत्मनिर्भर होती जा रही है। यही नहीं, म्यूचुअल फंड में बिहार के निवेशक 89 प्रतिशत हिस्सा इक्विटी योजनाओं में लगा रहे हैं, जो यह संकेत देता है कि उन्हें बाजार की चाल और लाभ-हानि की समझ अब बेहतर हो चुकी है।

बिहार के उद्योग जगत पर नजर रखने वाले जानते हैं कि यहां से ही अनिल अग्रवाल (वेदांता समूह), आर.के. सिन्हा (एसआईएस सिक्योरिटी), संप्रदा सिंह एल्केम लैबोरेटरीज, आनंद कुमार (सुपर 30) जैसे बड़े कारोबारी निकले। इस सूची में कुछ नाम और भी शामिल किए जा सकते हैं और आने वाले समय में यह सूची बहुत लंबी होगी क्योंकि अब बिहारी नौजवान बदलने लगा है। उसे सरकार का साथ भी मिल रहा है। विश्व विख्यात आई सर्जन और दिल्ली एम्स के राजेन्द्र प्रसाद आई सेंटर के पूर्व डायरेक्टर डॉ. राजवर्धन आजाद कहते हैं कि दरअसल मीडिया में कुछ लोग बिहार को लेकर नकारात्मक खबरें पेश करना अपना धर्म समझते हैं। इससे राज्य की सही तस्वीर सामने ही नहीं आ पाती। इस मानसिकता को बदलने की जरूरत है। बिहार में शिक्षा और सेहत के क्षेत्र में लगातार बेहतर काम हो रहा है। अब उद्योग जगत को भी प्रोत्साहन मिल रहा है। देखिए इस बदलाव के कई आयाम हैं। एक तो यह कि अब सरकारी नौकरी को ही एकमात्र विकल्प मानने की मानसिकता में कमी आई है। दूसरा, यह कि डिजिटलीकरण और मोबाइल एप आधारित वित्तीय सेवाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंच बना ली है। जेरौडा, ग्रो और अपस्टाक्स जैसे प्लेटफॉर्म्स ने न केवल जानकारी को सहज बनाया है, बल्कि निवेश को भी सरल बना दिया है। आज समस्तीपुर का एक छोटा कारोबारी और दरभंगा की एक गृहिणी म्यूचुअल फंड में निवेश कर रही है। यह बदलाव छोटे दिख सकते हैं, लेकिन जब इन्हें करोड़ों लोगों की आदत में शुमार कर लिया जाए, तो इसका प्रभाव देश की पूरी आर्थिक संरचना पर पड़ता है। बिहार के इस बदलाव का संबंध शिक्षा और सूचना तक पहुंच से भी है। बीते एक दशक में राज्य में उच्च शिक्षा संस्थानों की संख्या में वृद्धि हुई है। स्मार्टफोन और इंटरनेट ने ग्रामीण युवाओं को वैश्विक दुनिया से जोड़ा है। सोशल मीडिया और यूट्यूब जैसे माध्यमों ने जानकारी को लोकतांत्रिक बना दिया है। अब वित्तीय निर्णय केवल विशेषज्ञों का क्षेत्र नहीं रहा। आम जनता भी शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड, बीमा और टैक्स प्लानिंग जैसी चीजों में रुचि ले रही है। यह समझना भी जरूरी है कि भारत की आर्थिक उन्नति केवल जीडीपी के आंकड़ों या बाजार सूचकांकों से नहीं मापी जा सकती। यह बदलाव तब स्थायी और प्रभावी होगा, जब देश के सभी हिस्से इस विकास में समान भागीदार बनें। बिहार जैसे राज्य, जिनकी दशकों तक विकास दर कम रही, यदि तेजी से ऊपर उठते हैं तो यह भारत के लिए सामाजिक संतुलन और क्षेत्रीय न्याय का संकेत भी होगा।

यह जरूरी है कि नीति निर्धारण में बिहार जैसे राज्यों को केवल लाभार्थी के रूप में नहीं, बल्कि साझेदार के रूप में देखा जाए। उनकी समस्याएं, संरचनात्मक बाधाएं, कौशल विकास की जरूरतें, और औद्योगिक आधारभूत ढांचे की कमी को दूर करने के लिए केंद्र और राज्य मिलकर काम करें।

व्यंग्य

अथश्री पौधारोपण कथा

आषाढ़ सावन की रिमझिम फुहारों के बीच प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी पौधारोपण उत्सव मनाया गया। स्कूल, कॉलेज, सार्वजनिक क्षेत्र के पार्क में पौधारोपण की औपचारिकता निभाई गई। धरती की छाती चीरकर करोड़ों की संख्या में पौधे रोपित किए गए। प्रकृति और पर्यावरण के प्रति गंभीर विचार गोष्ठियां हुई। कुछ राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपने अपने चहेते मंत्रियों, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को पौधारोपण हेतु आमंत्रित किया। फोटो सेशन भी हुए। एक एक पौधे को अनेक समाजसेवियों ने धरती माता को सौंपा। धरती माता को पौधा समर्पित करते हुए पौधे के संरक्षण एवं संवर्धन का दायित्व निभाने की गुहार लगाई गई। पौधा एक, पौधे को रोपने वाले अनेक की तर्ज पर पौधा रोपने का अभिनय किया। कुछ सामाजिक संस्थाओं के कर्णधारों ने अति उत्साह दिखाया, पुष्पित पल्लवित पुराने पौधे के पास बैठकर हो फोटो खिचवाया। ऐसे में उस माली को फोटो सेशन स्थल से दूर ही रखा गया, जिसने वास्तव में पौधा रोपित किया था। मौलिकता यहां भी कृत्रिम प्रपंचों से सम्मुख हार गई। बहरहाल एक दिन में करोड़ों पौधे रोपने का कीर्तिमान स्थापित किया गया। समाचार पत्रों में ई मीडिया और सोशल मीडिया पर पौधारोपण से जुड़े अनेक फोटो प्रसारित किए गए। वन विभाग को यह दायित्व सौंपा गया था, कि वह डिमांड के अनुरूप सप्लाई करे, पौधों का लेखा जोखा सही से रखे, आंकड़ों में कोई त्रुटि न हो। वन विभाग ने ऐसा ही किया। अपने महाविद्यालय में इसी क्रम में सैकड़ों की संख्या में पौधे मंगाए गए, प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उन्हीं के हाथों में पौधारोपण की व्यवस्था सौंपी गई, जिन्हें पौधारोपण का विशेषज्ञ माना जाता है। महाविद्यालय के समूचे स्टाफ ने बढ़ चढ़ कर पौधारोपण समारोह में भाग लिया।

किसी ने एक पेड़ मां के नाम पर रोपित किया, किसी ने बेटे के नाम पर, यानि जाकी रही भावना जैसी, उसने रोपी पौध ही वैसी। विगत बीस बरस से ऐसा ही हो रहा है। सैकड़ों पौधे रोपे जाते हैं, एक दिन माली से उन पर पानी का छिड़काव कराया जाता है। फिर तीसरे दिन पौधे को सींचने की प्रक्रिया की जाती है, तदुपरांत सप्ताह में एक बार पौधे पर पानी का छिड़काव होता है और महीना होते-होते पौधे की तरफ से मुंह मोड़ लिया जाता है। पौधा यदि बेशर्म हुआ तो बिना उचित सिचाई के भी खड़ा रहेगा अन्यथा संरक्षण के अभाव में अवसाद में चला जायेगा, अपनी सुध बुध खोकर आत्महत्या करने हेतु विवश हो जाएगा।

बहरहाल हर बरस यही होता है, यदि ऐसा न होता, तो पौधा रोपण के कीर्तिमान बनने के उपरांत पौधों के अपने पैरों पर खड़ा रहने के कीर्तिमान भी बन जाते, किन्तु लगता है कि पौधारोपण होता ही कीर्तिमान बनाने के लिए है। किसी को न पौधों से सरोकार है, न उनके संरक्षण से।

सुधाकर आशावादी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

बहरहाल हर बरस यही होता है, यदि ऐसा न होता, तो पौधा रोपण के कीर्तिमान बनने के उपरांत पौधों के अपने पैरों पर खड़ा रहने के कीर्तिमान भी बन जाते, किन्तु लगता है कि पौधारोपण होता ही कीर्तिमान बनाने के लिए है। किसी को न पौधों से सरोकार है, न उनके संरक्षण से। केवल पौधारोपण में अपने फोटो सेशन से सरोकार होता है। फोटो खिचवाया और सोशल मीडिया पर चस्पा कर दिया। पौधारोपण के लिए आवंटित की गई धनराशि को पौधारोपण में कम और उदरपूर्ति में अधिक खर्च करके समारोह की औचारिकता पूरी कर ली।

बहरहाल सरकारी विभाग इसी कार्यप्रणाली से ही गतिशील रहते हैं। कुछ पौधे धरती पर रोपित करते हैं और कुछ कागजों पर। हर वर्ष यही कथा दोहराई जाती है और कीर्तिमान स्थापित करने के प्रमाणपत्र बांट दिए जाते हैं।

संदिग्ध विश्वविद्यालयों की फर्जी शिक्षा

पिछले दिनों स्पेशल टास्क फोर्स ने हापुड़ की मोनाड यूनिवर्सिटी में चल रहे फर्जी डिग्री घोटाले का भंडाफोड़ कर बड़ी कार्रवाई की। एसटीएफ ने छापेमारी के दौरान 1372 फर्जी डिग्रियां, 262 प्रोविजनल और माइग्रेशन सर्टिफिकेट समेत अन्य कई तरह की सामग्री बरामद हुईं। जांच में पता चला कि यह गिरोह बीए, बीएड, बीए-एलएलबी, फार्मेसी, बीटेक जैसे कोर्स की फर्जी डिग्रियां बनाकर बेचता था। प्रति छात्र 50,000 से चार लाख तक वसूले जाते थे। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक तरफ फर्जी डिग्रियों के माध्यम से शिक्षा का मजाक बनाया जा रहा है तो दूसरी तरफ फर्जी विश्वविद्यालय छात्रों को ठग रहे हैं।

कुछ समय पहले यूजीसी ने देश भर में खुले कई फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की थी। इन विश्वविद्यालयों को किसी भी तरह की डिग्री देने का अधिकार नहीं है। शर्मनाक यह है कि ये विश्वविद्यालय हाल ही में पैदा नहीं हुए हैं बल्कि कई वर्षों से चल रहे हैं। सही जानकारी के अभाव में हजारों छात्र इन फर्जी विश्वविद्यालयों के भंवर में फंस जाते हैं। सवाल यह है कि कई वर्षों से चल रहे इन फर्जी विश्वविद्यालयों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है? अगर ऐसे विश्वविद्यालयों पर पहले ही कार्रवाई हो जाती तो हजारों छात्रों के भविष्य पर मंडराते खतरे को दूर किया जा सकता था। दरअसल ऐसे मामलो में हर कोई अपनी जिम्मेदारी से मुक्त होना चाहता है। यूजीसी समय-समय पर विद्यार्थियों को जानकारी देने के लिए फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची अपनी वेबसाइट पर उपलब्ध कराता रहता है। सवाल यह है कि जब यूजीसी और सरकार को फर्जी विश्वविद्यालयों की जानकारी है तो उनके संचालकों की धरपकड़ कर इन अवैध विश्वविद्यालयों को बंद क्यों नहीं कराया जाता? फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची प्रकाशित कर देने मात्र से ही यूजीसी और सरकार अपनी जिम्मेदारी से बरी नहीं हो जाते। जानकारी होते हुए भी ऐसे विश्वविद्यालयों को कार्य करते देना और उनके संचालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई न करना तो और भी बड़ा अपराध है।

रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

कुछ समय पहले यूजीसी ने देश भर में खुले कई फर्जी विश्वविद्यालयों की सूची जारी की थी। इन विश्वविद्यालयों को किसी भी तरह की डिग्री देने का अधिकार नहीं है।

यह विडंबना ही है कि आज गली-गली में निजी शिक्षा संस्थानों की बाढ़ आ गई है। इनमें से कुछ शिक्षा संस्थानों के क्रियाकलाप संदिग्ध हैं। सवाल यह है कि शिक्षा को व्यापार बनाने के लिए जिम्मेदार कौन है? नब्बे के दशक में शुरू हुई उदारीकरण की आंधी ने अन्य क्षेत्रों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। हालांकि इससे पहले भी कुछ राज्यों में उच्च शिक्षा निजी हाथों में जा चुकी थी लेकिन नब्बे के दशक में व्यापक रूप से पूरे देश में शिक्षा को निजी हाथों में सौपने का काम किया गया।

इनकी देखा देखी छोटे व्यापारी भी इस क्षेत्र की तरफ भागने लगे। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि एक के बाद एक सरकारें इसी नीति पर चलती रहीं। सभी सरकारों द्वारा धड़ल्ले से निजी एवं डीम्ड विश्वविद्यालयों को मान्यता दी जाती रही। सरकारें बार-बार ये बताती रहीं कि हमारे देश के हालात को देखते हुए अभी और विश्वविद्यालय खोले जाने की जरूरत है। इस हड़बड़ी में शिक्षा की गुणवत्ता की तरफ किसी का ध्यान नहीं गया।

आजादी के बाद कुछ हद तक शिक्षा नीति की कमजोरी को दूर करने के प्रयास किए गए लेकिन ये प्रयास पर्याप्त सिद्ध नहीं हुए। एक बार फिर शिक्षा नीति में परिवर्तन की कोशिशें हो रही हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि हमारे नीति-निर्माता शिक्षा नीति में परिवर्तन करने की हड़बड़ाहट में अपना विवेक खोकर कुछ ऐसे निर्णय ले रहे हैं जो शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को ठेस पहुंचा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या हमारा मुख्य उद्देश्य शिक्षा नीति में परिवर्तन करना है या फिर इस परिवर्तन के माध्यम से शिक्षा की कमजोरियों को दूर करना है? हमारे नीति-निर्माताओं की नीतियों एवं क्रियाकलापों को देखकर तो ऐसा लगता है कि उनका मुख्य उद्देश्य केवल शिक्षा नीति में परिवर्तन करना भर है। इस दौर में उच्च शिक्षा की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। कहने को तो शिक्षा नीति में काफी बदलाव हुए हैं लेकिन वास्तविकता यह है कि हम अभी भी लीक ही पीट रहे हैं। आज अनेक शिक्षक नवाचार को बढ़ावा देकर बेहतरीन काम कर रहे हैं लेकिन यह भी कटु सत्य है कि आज गुरु के रूप में अध्यापक की प्रतिष्ठा लगातार कम हो रही है। शिक्षा जगत में मौजूद इन विसंगतियों के बीच नई शिक्षा नीति में भी एक बार फिर निजी शिक्षण संस्थानों को अनेक तौर-तरीकों से पनपने का मौका दिया गया है। सवाल यह है कि क्या ये संस्थान शिक्षा के मूल उद्देश्य को पूरा करने की तरफ ध्यान देंगे? अब समय आ गया है कि सरकार निजीकरण की आड़ में पनपे संदिग्ध विश्वविद्यालयों और अन्य शिक्षण संस्थानों के क्रियाकलापों पर गंभीरता से ध्यान दें ताकि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य को अंधकारमय होने से बचाए जा सके।

सोशल फोरम

वोटर नहीं, नागरिकता प्रमाणित

क्या बिहार में है वोटबंदी की तैयारी? चुनाव आयोग द्वारा शुरू की गई मतदाता सूची की 'विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया' को लेकर बड़े दावे किए जा रहे हैं-जैसे यह एक सामान्य प्रक्रिया है, सबके लिए समान है, और इससे लोकतंत्र मज़बूत होगा। लेकिन हक़ीक़त कुछ और ही कहती है। इस बार पहली बार ऐसा हो रहा है कि पुरानी मतदाता सूची को पूरी तरह रद्द कर दिया गया है और नागरिकों से नए सिरे से अपना वोटिंग अधिकार साबित करने को कहा जा रहा है-वह भी उन दस्तावेज़ों के आधार पर जो बिहार की लगभग आधी जनता के पास हैं ही नहीं। जनवरी 2025 में ही एक संशोधित सूची प्रकाशित हुई थी। अगर कुछ त्रुटियां थीं तो सामान्य पुनरीक्षण से उन्हें ठीक किया जा सकता था। लेकिन अब सिर्फ एक महीने में सभी से नए फॉर्म, फ़ोटो, हस्ताक्षर और जन्म व नागरिकता प्रमाणपत्र मांगे जा रहे हैं। आयोग ने जिन 11 प्रमाणपत्रों की सूची जारी की है, उनमें से आधार कार्ड, राशन कार्ड और वोटर आईडी मान्य नहीं हैं-मतलब, जो आम लोगों के पास हैं, वो इस प्रक्रिया में बेकार हैं। इसका सबसे बड़ा असर पड़ेगा दलितों, आदिवासियों, महिलाओं, ग़रीबों और प्रवासी मज़दूरों पर-यानी उन पर जिनका वोट पहले भी कमज़ोर माना जाता रहा है। शिक्षित, शहरी और सुविधा संपन्न नागरिक शायद किसी तरह ये काग़ज़ इकट्ठा कर लेंगे, पर क्या एक ग्रामीण महिला, जिसने कभी स्कूल नहीं देखा, या एक मज़दूर जो गांव छोड़कर बाहर कमाने गया है-वो अपनी नागरिकता साबित कर पाएगा? यह तर्क कि यह सब घुसपैठियों को हटाने के लिए है, तथ्य से परे है। अगर बिहार में कोई विदेशी नागरिक हैं भी, तो वे बहुसंख्यक में नहीं हैं। इसके नाम पर ढाई करोड़ भारतीय नागरिकों के वोट कट जाने की आशंका को कैसे नज़रअंदाज़ किया जा सकता है? यह मामला सिर्फ़ वोटर लिस्ट का नहीं है। यह उस एकमात्र अधिकार का सवाल है, जो हर नागरिक को बिना भेदभाव मिला है, वोट देने का अधिकार। क्या हम एक लोकतंत्र में नागरिक हैं या बार-बार अपने ही देश में अपनी नागरिकता साबित करने वाले अनुनयकर्ता? अब सवाल सिर्फ़ यह नहीं है कि आपका नाम सूची में है या नहीं- सवाल यह है कि कहीं यह प्रक्रिया आपके मौलिक अधिकार को ही तो नहीं काट रही?

राजगोपाल सिंह वर्मा
वरिष्ठ लेखक, आगरा

- फेसबुक वॉल से

कभी-कभी अच्छी नीतियों में भी झोल निकल आता है...

मुख्य चुनाव आयुक्त टीएन शेषन को आज तक का सर्वश्रेष्ठ चुनाव आयुक्त माना जाता है। दिसंबर 1990 से दिसंबर 1966 के अपने 6 साल के कार्यकाल के दौरान उन्होंने चुनाव प्रक्रिया के नियमों और संचालन की दिशा में अनेक रचनात्मक सुधार किए थे। आज जैसी स्थिति देखने को मिल रही है, उसे लेकर टी एन शेषन साहब को याद किया जा रहा है। उनके कार्यकाल का एक बड़ा ही मजेदार रोचक वाकया याद आ रहा है, जिसमें इस संदेश को बल मिलता है कि कई बार अच्छी नीतियों में भी कुछ ऐसे झोल निकल आते हैं, जिनका तर्कोचित निराकरण करने की जरूरत महसूस होती है। आजकल तो बिहार चुनाव के मद्देनजर, जिस प्रकार से वोटर लिस्ट के पुनर्निरीक्षण की प्रक्रिया चल रही है, उससे सुप्रीम कोर्ट भी संतुष्ट नही दिखाई दे रहा। आज कोई भी दावे के साथ नहीं कह सकता कि पुनर्निरीक्षण की सामान्य प्रक्रिया, जिसे संपादित करने हेतु चुनाव आयोग को आठ से बारह महीने से ज्यादा का समय लग जाता है, उसे चुनाव आयोग, क्योंकर और कैसे एक दो माह में ही निपटा देने पर उतारू है।

विजय सिंह
रुद्रपुर, उत्तराखंड

खैर, बात टीएन शेषन की उस नीतिगत आदेश की.. जिसका अक्षरशः अनुपालन के चक्कर में मणिपुर के एक जिलाधिकारी (चुनाव अधिकारी) बेहद परेशान हो गए थे। अंततः उनकी परेशानी का निराकरण, एक पत्रकार की रिपोर्ट के बाद, टी एन शेषन के संज्ञान में आने से ही, संभव हो पाया था। दरअसल शेषन साहब ने चुनाव में धांधली रोकने हेतु जो अनेक सुधार किए थे, उसी क्रम में एक आदेश यह भी था कि जिस बूथ पर 70 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग होगी, वहां फिर से रि-पोलिंग की जाएगी। मणिपुर में एक बूथ पर 100 प्रतिशत वोटिंग देखकर वहां के जिलाधिकारी ने रि-पोलिंग कराई। पुनः 100 प्रतिशत पोलिंग देखने को मिली। जिलाधिकारी ने उक्त रि-पोलिंग को भी अमान्य कर, पुनः रि-पोलिंग कराई। इस बार भी 100 प्रतिशत पोलिंग। जिलाधिकारी ने एकबार और रि-पोलिंग के आदेश दिए। यानि कि तीसरी बार रि-पोलिंग..। इसी दौरान एक जागरूक पत्रकार ने पूरे मामले का संज्ञान लेते हुए अखबार में छाप दिया कि, "चाहे जितनी बार रि-पोलिंग करवा लो, वोट 100 प्रतिशत ही पड़ेंगे, क्योंकि उस गांव में कुल 3 वोटर ही हैं, जो वोट डाल आते हैं"। अखबार के माध्यम से जब यह बात शेषन साहब तक पहुंची, तब जाकर रि-पोलिंग की प्रक्रिया को विराम दिया गया। ऐसा भी नहीं था कि 100 प्रतिशत पोलिंग का कारण, जिलाधिकारी को समझ में नहीं आ रहा था, परंतु शेषन साहब की शख्शियत ही कुछ ऐसी थी कि उनका खौफ, अधिकारी तो क्या बड़े बड़े नेताओं के सिर चढ़कर बोलता था। जिलाधिकारी महोदय की हिम्मत ही नहीं हो रही थी कि वो सही कारण की रिपोर्टिंग, शेषन साहब को करके, मसला सुलझा लेते। ऐसा लगता है कि वो बार-बार यह सोचकर रि-पोलिंग करा रहे थे कि शायद तीन वोटरों में से कोई एक भी वोटर किसी कारण वोट न डाले तो उनकी समस्या का स्वतः निराकरण हो जाएगा। पर ऐसा हो नहीं पा रहा था। आज का समय होता तो एक वोटर को बूथ तक जाने से रोकना प्रशासन के लिए कौन सा मुश्किल होता। चुटकी बजाते समस्या हल हो जाती।

सीखने की कई विधाएं

किताबों से, अनुभवों से, संवाद से, और कभी-कभी केवल चुपचाप देख लेने भर से। यह विविधता ही मानव चेतना की सबसे बड़ी खूबी है। लेकिन दुखद विडंबना यह है कि आज का शिक्षा तंत्र या सामाजिक तर्कशास्त्र हर सीखने को एक जैसे फ्रेम में कसना चाहता है। "आपका तरीका भी उनमें से एक है"-यह वाक्य जितना विनम्र प्रतीत होता है, उतना ही गहरा व्यंग्य भी है उन पर जो अपने तरीके को ही 'अंतिम सत्य' मानकर दूसरों पर थोपना चाहते हैं। हर व्यक्ति के सोचने, समझने, सीखने और प्रतिक्रिया देने की प्रक्रिया भिन्न होती है। यह ज़रूरी नहीं कि किसी की कही बात पर सभी एक जैसी प्रतिक्रिया दें। लेकिन आज की दुनिया में, जहां भीड़ की सराहना ही 'सत्य' की कसौटी बन चुकी है, वहां भिन्न दृष्टिकोण को 'असभ्यता' या 'विद्रोह' कहा जाता है। हम यह भूल जाते हैं कि 'हर क्रिया के लिए एक ही प्रतिक्रिया' केवल मशीनों में होती है, इंसानों में नहीं। इंसानों की सोच परिस्थितियों, परिवेश, पीड़ा, अनुभव और चेतना की परतों से बनती है। यह विविधता किसी भी सजीव समाज की पहचान है, न कि खतरा। जो यह चाहते हैं कि हर विद्यार्थी एक जैसा बोले, हर नागरिक एक जैसा सोचे, हर शिक्षक एक ही भाषा में समझाए-वे दरअसल उस बहुरूपिये मानव मन की हत्या करना चाहते हैं। वे भूल जाते हैं कि जो सवाल सबके भीतर से अलग-अलग तरीके से उठते हैं, उनके उत्तर भी अलग-अलग ही होंगे। इसलिए अगर किसी ने आपके विचार से सहमति नहीं जताई, तो वह नासमझ नहीं, बल्कि एक स्वतंत्र समझ का प्रतीक हो सकता है। विरोध हमेशा दुश्मनी नहीं होता, यह उस सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसमें हम दूसरों के सत्य के साथ अपने सत्य की तुलना करते हैं। समाज को एक जैसे उत्तर नहीं चाहिए-उसे वैचारिक विविधता की ज़रूरत है। अगर हम हर प्रतिक्रिया को नियंत्रित करने लगेंगे, तो हम अंततः वही बन जाएंगे, जो सोचने की आज़ादी से डरते हैं। क्योंकि सीखना केवल उत्तर रट लेने की प्रक्रिया नहीं है, यह जानने की यात्रा है कि हर उत्तर एक जैसा नहीं होता।

प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत***
0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

एक नजर

मेला कमेटी के मंत्री के निधन पर शोक सभा

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। पठकाना रामलीला मेला समिति के वरिष्ठ मंत्री आशीष मोहन तिवारी उर्फ राजू के आकस्मिक निधन हो जाने पर मेला कमेटी की ओर से मिश्रा कोल्ड स्टोरेज में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मेला कमेटी के अध्यक्ष संजय मिश्रा बबलू ने की। इस मौके पर मेला कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने आशीष मोहन तिवारी को श्रद्धांजलि अर्पित की, तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। इस अवसर पर शशि मिश्रा, रिसी मिश्रा, अनिल पांडे पिंटू, ओम देव दीक्षित, मोनू तिवारी, अनमोल गुप्ता आदि मौजूद रहे।

जिला पंचायत की बैठक का आयोजन 18 को

हरदोई, अमृत विचार। अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत ने बताया कि जिला पंचायत, की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती की अध्यक्षता में 18 जुलाई को माध्यान्ह 12 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गयी है। उन्होंने कहा कि बैठक में केवल निर्वाचित सदस्यगणों द्वारा ही प्रतिभाग किया जायेगा, अन्य किसी व्यक्ति एवं प्रतिनिधि द्वारा बैठक में प्रतिभाग नहीं किया जायेगा।

विशेष संचारी रोग एवं दस्तक अभियान की समीक्षा आज

हरदोई, अमृत विचार। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के द्वितीय चरण की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 16 जुलाई को सायं 6 बजे स्वामी विवेकानन्द सभागार कलेक्ट्रेट में बुलाई गयी है।

किसान दिवस का आयोजन आयोजन आज

हरदोई, अमृत विचार। जिलाधिकारी अनुनय झा ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन कराया जाना शासन द्वारा प्राविधानित है। इस क्रम में माह जुलाई में आयोजित किये जाने वाले किसान दिवस का आयोजन 16 जुलाई को अपरान्ह 11 बजे से स्वर्ण जयन्ती सभागार विकास भवन में किया जाएगा।

धरती पर लौटे शुभांशु, ननिहाल व ददिहाल में खुशी

अतरौली, हरदोई

अमृत विचार। 18 दिन बाद अंतरिक्ष से भारतीय वायु सेना के कैप्टन शुभांशु शुक्ला अपने चार साथियो के साथ मंगलवार को दोपहर 3 बजे धरती पर आगमन हुआ। कैलिफोर्निया के समंदर कैप्सूल सकुशल स्लैपडाउन हुआ। पूरे भारत में जश्न का माहौल बन गया। शुभांशु के पैतृक गांव कुरौंध और ननिहाल गोनी में खुशियां मनाई गई।

टीवी पर टकटकी लगाए देखते शुभम के नाना- नानी।

लैपटॉप पर शुभम का धरती पर आना देख उत्साहित होते गांववासी। अमृत विचार

मंगलवार को अंतरिक्ष से सफल यात्रा पूरी करके वापस आ रहे अपने होनहार सितारे को देखने के लिए लोगों की निगाहें टीवी पर गड़ी रहीं। लोग दिन भर लैपटाप मोबाइल और टेलीविजन पर टकटकी लगायें रहे। अतरौली थाना क्षेत्र के गांव कोरौंध निवासी भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशू शुक्ला का ड्रैगन मंगलवार को ज्यों ही कैलीफोर्निया के समंदर पर उतरा त्यों ही गांव में लोग खुशी से उछल पड़े। कोरौंध गांव में विवेक सिंह, बचान पाण्डेय, प्रदीप मिश्रा, कृष्ण कुमार पाण्डेय, उमाशंकर पाण्डेय, बन्टी सिंह, आदर्श सिंह, रामलखन आदि लोगों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। उधर अतरौली थाना क्षेत्र के ही ग्राम गोनी शुभांशू शुक्ला के ननिहाल में नाना दिनेश तिवारी, नानी ऊषा अपने परिजनों के साथ मोबाइल पर टकटकी लगाकर देखते रहे।

सीडीओ ने बैठक में अनुपस्थित रहे बीईओ का वेतन काटने के दिए निर्देश

संवाददाता, हरदोई

बैठक

कहा- बच्चों को निपुण बनाने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं

अमृत विचार। विवेकानंद सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा की अध्यक्षता में मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग की बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों की तार फेंसिंग का कार्य जल्द कराया जाये। सौर ऊर्जा का कार्य भी जल्द कराया जाये। मिशन कायाकल्प के सभी बिन्दुओं पर संतृप्तीकरण के लिए गंभीरता से कार्य किया जाये। बच्चों को निपुण बनाने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं। सभी विकास खण्डो में सपोर्टिव सुपरविजन सुनिश्चित किया जाये। सभी विद्यालयों में नियमित सफाई करायी जाये। विद्यालयों के मर्जर के उपरांत खाली हुए विद्यालयों को आंगनबाड़ी को हैण्डओवर किया जाये। यदि भवन जर्ज़र हो तो हैण्डओवर न किया जाये। बैठक में एबीएसए हरियावां की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने एक दिन का वेतन रोकने व कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बीआरसी पर 21 जुलाई से 25 जुलाई तक लगने वाले आधार कैम्प के बारे में बच्चों के अभिभावकों को सूचित किया जाये। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बिजली चोरी रोकने के साथ जर्जर तार बदले जाएं : सांसद

दिशा की बैठक में बिजली की बदहाल व्यवस्था व परिषदीय विद्यालयों में बर्तन खरीद का मुद्दा फिर उछला

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। विवेकानंद सभागार में सांसद जय प्रकाश की अध्यक्षता व सांसद मिश्रिख अशोक रावत की सह अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में बिजली की बदहाल दशा पर चर्चा की गई। तथा विभाग की रिवैम्प योजना की बैठक नियमित कराने की बात सांसद श्री रावत ने कही।

बैठक की शुरुआत बिजली विभाग से हुई। सांसद मिश्रिख ने कहा कि दिशा के अध्यक्ष के अधीन रीवैम्प योजना की नियमित बैठक करायी जाये। अध्यक्ष ने कहा कि बैठक में दिए गए प्रस्तावों पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। जन प्रतिनिधियों को कृत कार्रवाई की पूरी जानकारी दी जाये। जिलाधिकारी ने बिजली विभाग को निर्देश दिए कि रीवैम्प योजना की बैठक अगले 15 दिन में करायी जाये। अध्यक्ष ने कहा कि विद्युत चोरी की घटनाओं को रोका जाये। जर्ज़र पोलों को ठीक किया जाये। बिजली बिल सुधार के लिए कैम्प लगवाए जाएं जिनकी सूचना जन प्रतिनिधियों को दी जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि 17 से 19 जुलाई के मध्य बिजली बिल सुधार व अन्य समस्याओं के समाधान के लिए कैम्प लगवाए जा रहे हैं। अध्यक्ष ने कहा कि विजिलेन्स की प्रभावी कार्रवाई की जाये। ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि पर कार्रवाई की जाये। मकान के ऊपर से निकलने वाली जर्जर लाइनों को ठीक किया जाये। सिंचाई विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि क्षेत्र पंचायत बैठकों में विभाग की ओर से प्रतिभाग अवश्य किया जाये। सिंचाई बंधु की बैठक की सूचना जन प्रतिनिधियों को कम से कम एक सप्ताह पूर्व अवश्य दी जाये। नहर में अवैध खनन पर प्रभावी रोक लगायी जाये।

दिशा की बैठक को संबोधित करते सांसद जय प्रकाश। अमृत विचार

विधायक बालामऊ रामपाल वर्मा, विधायिका संडीला अलका अर्कवंशी, विधायक सांडी प्रभाष कुमार ने स्कूलों में बर्तनों की खरीद के मुद्दे को रखा। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे फर्मों से बर्तन नहीं लिए जाएंगे। जल निगम (ग्रामीण) की समीक्षा में अध्यक्ष ने कहा कि परियोजना पूर्ण होने के बाद तत्काल सड़कों का पुनर्निर्माण कराया जाये। बीएसएनएल की समीक्षा में अध्यक्ष ने कहा कि नेटवर्क को बेहतर बनाया जाये। अध्यक्ष ने कहा कि कामीपुर वन रेंज को विकसित किया जाये। पीडी डीआरडीए को निर्देश दिए कि विधायक निधि व सांसद निधि के प्रस्तावों पर तेजी से कार्रवाई की जाये। उद्योग विभाग की समीक्षा में कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना से अधिक से अधिक युवाओं को लाभान्वित कराया जाये। बैठक में अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसपी नीरज कुमार जादौन, सीडीओ सान्या छाबड़ा, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह उपस्थित रहीं।

जनपद में नहीं स्थायी सीएमओ व रेडियोलोजिस्ट

हरदोई, अमृत विचार। बैठक में सदस्य विधान परिषद अशोक अग्रवाल ने कहा कि कछौना के सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस की बाउंड्री वाल बनवायी जाये। नलकूप विभाग की समीक्षा में अध्यक्ष ने कहा कि ख़राब नलकूपो को जल्द ठीक कराया जाये। लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि बोरिंग से सम्बंधित शिकायतों पर कार्रवाई की जाये। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में जिलाधिकारी ने अध्यक्ष को जनपद में स्थायी सीएमओ व रेडियोलोजिस्ट न होने के बारे में अवगत कराया। अध्यक्ष व सह अध्यक्ष ने इस बात को उचित मंच पर रखने का आश्वासन दिया। उन्होंने मेडिकल कॉलेज में एम्बुलेंस उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। कहा कि कछौना सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बाउंड्री बनवायी जाये। शिक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि जर्ज़र भवनों के ध्वस्तीकरण की कार्रवाई जल्द पूर्ण की जाये।

सड़कों के निर्माण में रखा जाए गुणवत्ता का ध्यान

लोकनिर्माण विभाग की समीक्षा में अध्यक्ष ने कहा कि सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। सह अध्यक्ष ने सिकरोहरी पुलिया के जल्द चौड़ीकरण कराने के निर्देश दिए। खनन विभाग की समीक्षा में कहा कि अवैध खनन न होने दिया जाये। मनरेगा की समीक्षा में जिलाधिकारी ने मिशन मैदान व कुओं के पुनरुद्धार के बारे में विस्तार से बताया। पशुपालन विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि पंजीकृत पाउल्ट्री फॉर्म की सूची उपलब्ध करायी जाये। नगरपालिकाओं की समीक्षा में अध्यक्ष ने कहा कि नगर निकायों में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किया जाये।

मानसिक रूप से बीमार युवक का मिला शव

हरदोई, अमृत विचार। मानसिक तौर पर बीमार रहने वाले युवक का शव पड़ोस के गांव में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने युवक के भाई को इसकी सूचना दी और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। माधौगंज थाने के गौरा निवासी गुड्डू (40) पुत्र पच्चा बचपन से ही मानसिक तौर पर बीमार रहता था। इसी वजह से उसकी शादी नहीं हुई थी। वह घर में अकेला रहता था। उसके बड़े भाई रामेश्वर ने बताया कि पांच भाइयों में गिरीश व सतीश बड़े थे, उससे छोटा गुड्डू और सबसे छोटा बब्लू है। रामेश्वर ने बताया कि उसे पुलिस ने सूचना दी कि गुड्डू का शव कंजड़न पुरवा मजरा दौलतयार पुर में पड़ा है,ऐसा लग रहा है कि सांप के काटने से उसकी मौत हुई। इधर दिल्ली से गांव पहुंचे रामेश्वर को बताया गया कि गुड्डू 2-3 दिनों से गांव में नहीं दिखाई दिए था। पुलिस ने भी सांप के काटने से मौत होना बताया है, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सारी सच्चाई सामने आने की बात कही है।

हरदोई की नव्या चुनीं गईं मिस टीन फोटोजेनिक

संवाददाता, हरदोई

आयोजन

राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के परिणाम जारी किए गए

अमृत विचार। अंतर्ध्वनि जन कल्याण समिति के तत्वावधान में 1 जून से राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित की जा रहीं ऑनलाइन प्रतियोगिताओं के आठवें सीज़न में आयोजित फोटोजेनिक प्रतियोगिता के सभी वर्गों के परिणाम घोषित कर दिए गए।

फोटोजेनिक प्रतियोगिता के परिणामों के विषय में जानकारी देते हुए आयोजक कुलदीप द्विवेदी ने बताया कि फाइनल में चारों वर्गों के प्रतिभागियों को निर्णायकों के सवालों के जवाब देने का टास्क दिया गया। तत्पश्चात सभी राउंड्स में प्रदर्शन के आधार पर 10 से 15 वर्ष के वर्ग में मिस टीन फोटोजेनिक हरदोई की नव्या देवल को चुना गया। दिल्ली की कृशा सहगल फर्स्ट रनर अप व लखनऊ की जानवी गुप्ता सेकंड रनर अप रहीं। 16 से 30 वर्ष वर्ग में मिस फोटोजेनिक शाहजहांपुर की साक्षी कश्यप चुनी गईं। फर्स्ट रनर अप हरदोई की इशिता सिंह व सेकंड रनर अप साक्षी मिश्रा चुनी गईं। मिस्टर फोटोजेनिक हरदोई के करन सिंह बने। फर्स्ट रनर अप बृजेश कुमार व सेकंड रनर अप वाहिद खान रहे। मिसेज फोटोजेनिक का टाइटल हरदोई की तनिष्ठा सिंह को मिला। फर्स्ट रनर अप धीरा शुक्ला व सेकंड रनर अप स्वाति गुप्ता रहीं। निर्णय फैशन मॉडल रागिनी दीक्षित ने दिया व संयोजन सौम्या गुप्ता व शरद कश्यप का रहा। इस अवसर पर अविनाश मिश्रा, अनुराधा मिश्रा, दीपक कपूर, अखिलेश गुप्ता, रवि किशोर गुप्ता, रज्जन सिंह, अश्वनी गुप्ता, कालिन्द्री वैश्य, पारुल तिवारी, डॉ. आशी गुप्ता, शिवांगी सिंह, नीलम राज, खुशबू टंडन, अभिषेक द्विवेदी, गौरी गौर, शशांक मिश्रा, नवल किशोर, शिवानी मिश्रा, स्मृति पांडेय, दुर्गेश अवस्थी की उपस्थिति रही।

ससुर की तहरीर पर दामाद सहित तीन पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम घुरहा निवासी विवाहिता के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर दामाद सहित तीन लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न और मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। विवाहिता के पिता जागेश्वर त्रिवेदी के अनुसार उसकी पुत्री विभा त्रिपाठी ने अपनी मर्जी से 9 फरवरी को कोतवाली क्षेत्र के अल्लाहपुर तिराहा निवासी राजेश सिंह के पुत्र वरुण के साथ विवाह किया था। विवाह के कुछ दिन बाद पुत्री का पति और सास कृष्णावती अतिरिक्त दहेज में बुलेट और सोने की चेन की मांग कर पुत्री के साथ मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। एक दिन पुत्री के पति, सास और अजीत ने उसे काफी मारपीट कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी देकर पुत्री को 26 जून को घर से भगा दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सार-संक्षेप

बिना ढका नाला। अमृत विचार

नगर में खुला पड़ा नाला दे रहा हादसे को दावत

साण्डी, हरदोई, अमृत विचार। पालिका द्वारा बनवाए गए नाले पर पत्थर न पड़े होने से कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। नगर वासियों ने इस पर पत्थर डलवाने की मांग जिला प्रशासन से की है। बताते चलें कि देव दरबार आश्रम इन्टर कालेज से इराकी के खेत तक पालिका द्वारा नाला बनवाया गया था जिसमें अधिकांश जगहों पर पत्थर नहीं पड़े हैं। ऐसे में लोगों के नाले में गिरने का खतरा बना रहता है। कुछ माह पूर्व एक बच्चा नाले में गिर गया था, हालांकि नाला सूखा होने की वजह से उसे सकुशल निकाल लिया गया था, लेकिन इन दिनों बरसात में कोई भी अनहोनी हो सकती है। मोहल्ले वालों ने जिला प्रशासन से इस नाले पर पत्थर डलवाने की मांग की है।

सडिला मसीत के भूपेंद्र को सीएम ने किया सम्मानित

टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार। बिहार सरकार में यूथ स्किल आइकॉन में श्रम संसाधन विभाग में चयनित हुए ग्राम मसीत मजरा सडिला निवासी चंद्र प्रकाश पांडेय के बेटे भूपेंद्र पांडेय को लखनऊ में मंगलवार को विश्व युवा कौशल दिवस पर आयोजित हुए कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री ने स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सीएम ने भूपेंद्र की इस सफलता पर उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

विधवा ने लगाया मारपीट करने का आरोप

टड़ियावां, हरदोई, अमृत विचार। पुलिस से शिकायत पर पीड़ितों को न्याय देने की बजाय उन्हें टरकाया जा रहा है। पुलिस की ढिलाई के चलते दिनों दिन बेवजह मारपीट जैसी घटनाएं बढ़ रही है। मामला थाना क्षेत्र के गांव नयागांव मजरा भैंसरी का सामने आया है। वहां की रहने वाली विधवा शैलेंद्री ने पुलिस को दिए प्रार्थना में कहा कि उसके पति सर्वेश की करीब 2 वर्ष पहले मौत हो चुकी है। तीन बेटियों के साथ वह जैसे तैसे जीवन यापन कर रही है। आरोप लगाया कि उसकी सास महकोरा, कुरिंद और रामहेतु उसको अक्सर प्रताड़ित कर रहे हैं। गालियां देते हुए उसको जानमाल की धमकी दे रहे। बीती 8 अप्रैल को उसने गाली गलौज करने का विरोध जताया तो पिटाई करते हुए घर से निकालने की धमकी दी। उसने आरोप लगाया है कि पुलिस को घटना के बारे में प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उधर, मामला सोशल मीडिया के एक्स पर पोस्ट होने के बाद सीओ हरियावां को जांच सौंपी गई है।

अवैध शराब के खिलाफ 24 तक विशेष अभियान

हरदोई, अमृत विचार। जिलाधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट अनुनय झा ने बताया है अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर रोक लगाने हेतु 15 से 24 जुलाई तक विशेष प्रर्वतन अभियान चलाये जाने हेतु आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों का गठन किया जाता है। डीएम ने बताया है कि अभियान की सफलता के लिए आबकारी, पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त टीमों का गठन किया गया है। प्रदेश स्तर पर संचालित टोल फ्री नम्बर 14405 तथा व्हाट्सप नम्बर 9454466019 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये ताकि आम जनता बिना किसी भय के इन नम्बरों पर अवैध मदिरा के निर्माण एवं बिक्री की सूचना दी जा सके। जिन आबकारी दुकानों पर उक्त नम्बरों को अंकित नही कराया गया है, तत्काल उन दुकानों पर उक्त नम्बरों का अंकन सुनिश्चित किया जाये। किसी भी दशा में अवैध मदिरा की तस्करी न होने पाये। उन्होंने कहा कि उक्त टीमें प्रत्येक दिवस दबिश करेगी।

युवती को फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने युवती के पिता की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पीड़ित पिता के अनुसार 13 जुलाई की शाम को 5 बजे उसकी 22 वर्षीय पुत्री को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लोनी निवासी सावन पुत्र दयाराम विवाह करने के उद्देश्य से अपने साथ बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। उसकी पुत्री घर में रखे पायल, कमर बिछुआ और नाक की बेहसर अपने साथ लेकर गई है। प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार त्रिपाठी ने बताया तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल के लिए दिया गया एमएमडीपी प्रशिक्षण

हरदोई, अमृत विचार। अहिरोरी ब्लाक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर गोंडाराव में मंगलवार को राष्ट्रीय फ़ाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत रुग्णता प्रबंधन एवं दिव्यांगता उपचार(एमएमडीपी) किट वितरित किये जाने का साथ ही इसको लेकर फ़ाइलेरिया मरीजों को प्रशिक्षित भी किया गया। एडीओ पंचायत मेवाराम ने कहा इससे बचाव की दवा खाकर ही बचा जा सकता है इसलिए मच्छर के काटने से बचें। घर व आस-पास सफाई रखें, जल जमाव न होने दें जिससे कि मच्छर न पनपें तथा सभी लोग फ़ाइलेरिया से बचाव की दवा खायें और परिवार, पड़ोस में अन्य लोगों को भी दवा खाने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर फ़ाइलेरिया निरीक्षक अरविन्द चौधरी ने फाइलेरिया प्रभावित अंगों की देखभाल के तरीके बताये और व्यायाम करके दिखाया। इस अवसर पंचायत सचिव विशाल बाबू, ज्ञान सिंह ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शकील अहमद, सहायक शोध अधिकारी घनश्याम वर्मा, पीएसपी सदस्य एवं ग्राम प्रधान तरन्नुम बानो, आशा कार्यकर्ता, मंजू देवी सीमा देवी, राजेश्वरी देवी, बिटाना देवी, सहयोगी संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च(सीफ़ॉर) के प्रतिनिधि तथा 28 फ़ाइलेरिया मरीज मौजूद रहे।

मेहनत व लगन से हर मंजिल होती है आसान : कमलावती

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। बाल विद्या भवन स्कूल में मंगलवार को मेधावियों का सम्मान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कमलावती सिंह ने किया। उन्होनें कहा कि छात्र परीक्षा का दबाव न माने बल्कि उसे एक चुनौती के रूप में स्वीकार करें। निरंतर प्रयत्नशील रहने से सफलता अवश्य मिलती है।

कहा कि निरंतर प्रयत्नशील रहकर सफलता पाना इन मेधावियों ने कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधक कीर्ति सिंह के नेतृत्व में विद्यालय सफलता के शिखर को छू रहा है उनकी दूरगामी सोच का ही परिणाम है कि शिक्षा के साथ संस्कार भी समन्वित रूप से बच्चों में संचरित हो रहे है। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने मेंधावियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि यह विद्यालय छात्रों के समग्र विकास के लिए एक उत्कृष्ट स्थान है। विद्यालय की प्रधानाचार्या कनुप्रिया ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होनें मेंधावियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की साथ ही विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए बधाई दी।

सम्मानित किए गए मेधावियों के साथ अतिथि। अमृत विचार

कार्यक्रम युवा कौशल दिवस का हुआ आयोजन

11 प्रशिक्षार्थियों को किया गया सम्मानित

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। कौशल विकास मिशन, एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में विश्व युवा कौशल दिवस का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने कहा कि आज के समय में पढ़ाई के साथ साथ हुनरमंद होना बहुत जरूरी है। इसी उद्देश्य से सरकार ने मिशन चलाया है। जिसमें युवा अपनी प्रतिभाओं के अनुसार रोजगार का चयन कर सकते है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने 11 सेवायोजित प्रशिक्षार्थियों को स्किल यूथ आईकन, जनपद के 04 उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदाता को, 03 औद्योगिक इकाईयों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। साथ ही रोजगार मेले में चयनित अभ्यर्थियों में से 11 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किया गया। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने विद्यार्थियों को कौशल विकास से जुडकर सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का लाभ उठाने के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस मौके पर कमलेश कुमार जिला विकास अधिकारी, रोहित कुमार श्रीवास्तव प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई, हरदोई, राकेश कुमार गौतम जिला कार्यकम प्रबन्धक, अरविन्द सिंह, विक्रम चौरसिया एमआईएस मैनेजर, अतिनेश कुमार, वरिष्ठ सहायक दिलीप कुमार वर्मा, वरिष्ठ सहायक, विक्रम प्रताप सिंह सहित आईटीआई स्टाफ व छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।

प्रशिक्षित फार्मेसी छात्रों से रक्तचाप की जांच कराती जिला पंचायत अध्यक्ष।

युवक की मेडिकल कॉलेज में मौत, नहीं पहुंचे परिजन

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। पुलिस ने शहीद उद्यान में बेहोश पड़े युवक को एम्बुलेंस-108 की मदद से मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां देर रात उसकी मौत हो गई। शिनाख्त होने के बाद भी पोस्टमार्टम कराने के लिए उसका कोई आगे नहीं आया। खबर लिखे जाने तक परेशान हाल पुलिस उसी के लिए सारा दिन हांफती रही।

बताया गया है कि सोमवार को एक 45 वर्षीय युवक शहीद उद्यान में बेहोश पड़ा था,वहां पहुंचे एक युवक ने यूपी-112 पर काल की,इसका पता होने पर पहुंची पुलिस ने बेहोश युवक को एम्बुलेंस-108 की मदद से मेडिकल कालेज में भर्ती कराया,जहां इमरजेंसी यूनिट में उसे खून की उल्टियां हुई,उसके बाद उसे सर्जिकल यूनिट में भर्ती कराया गया,जहां देर रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दौड़-भाग कर युवक का नाम-पता ढूंढ लिया। युवक कोतवाली शहर के चंदीपुरवा का रहने वाला था,उसका नाम लखन कश्यप पुत्र सुंदर था। शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए पुलिस मंगलवार को मेडिकल कालेज में सारा दिन हांफती रही,लेकिन खबर लिखे जाने तक उसका कोई घर वाला वहां नहीं पहुंचा था।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सड़क हादसे में खलासी की मौत व चालक घायल

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर भोर पहर ट्रक में पीछे से घुसी डीसीएम, परिजनों में मचा कोहराम

संवाददाता, औरास उन्नाव

अमृत विचार: लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार डीसीएम आगे चल रहे ट्रक में पीछे से घुस गई। इसमें डीसीएम के खलासी की मौत हो गई। वहीं चालक को भी चोटें आई हैं। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों के सुपुर्द किया।

हरियाणा प्रांत के सोनीपत जिला अंतर्गत विचाड़ा थानाक्षेत्र के जाकसी गांव निवासी दयानंद (45) पुत्र चंदर डीसीएम चालक है। उसके साथ हरियाणा के ही करनाल जिला के मुनक थानाक्षेत्र के कसीना गांव निवासी उसका रिश्ते का भतीजा 19 आशू (19) पुत्र सुरेंद्र खलासी था। सोमवार सुबह 11 बजे वे करनाल से डीसीएम में अंडे की कैरेट लादकर गोरखपुर के लिए निकले थे। तभी मंगलवार भोरपहर 4 बजे लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर थानाक्षेत्र के पंचमखेड़ा गांव के पास आगे चल रहे वाहन के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। इससे डीसीएम पीछे से उसमें घुस गई। वहीं टक्कर के बाद आगे चल रहा चालक वाहन सहित भाग निकला। इसमें आशू व दयानंद घायल हो गए। यूपीडा कर्मियों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां सीएचसी अधीक्षक डॉ. शोएब ने जांच के बाद आशू को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल दयानंद को इलाज के बाद छुट्टी दे दी। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। दोपहर बाद हरियाणा से पिता व अन्य परिजनों के आने पर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव उनके सुपर्द किया। आशु दो भाई व एक बहन में छोटा था। उसकी मां मंजीत रो-रोकर बेहाल है। हादसे के बाद एक्सप्रेस-वे पर यातायात बाधित हो गया। हाइड्रा से क्षतिग्रस्त डीसीएम को हटाकर टोल प्लाजा पर खड़ा कराया गया। तब यातायात सामान्य हुआ। एसओ भवन सिंह मौर्य ने बताया कि एक्सप्रेस-वे में हुए सड़क हादसे में डीसीएम सवार युवक की मौत हुई है। तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

आशू की फाइल फोटो।

हादसे के बाद डीसीएम को हटाती क्रेन। अमृत विचार

ई रिक्शा की टक्कर से महिला हुई घायल, उन्नाव: कानपुर के कलक्टरगंज थानाक्षेत्र के घंटाघर चौराहा निवासी विनीता (35) पत्नी मोहित सिंह का उन्नाव न्यायालय में दीवानी का वाद विचाराधीन है। मंगलवार सुबह वह पेशी पर उन्नाव कचहरी आई थी। कचहरी के सामने वह ऑटो से उतरकर अपने अधिवक्ता के चेंबर जाने के लिए सड़क पार कर रही थी। तभी उसे एक ई-रिक्शा ने टक्कर मार दी। इसमें विनीता सड़क पर गिरकर घायल हो गई और उसके पैर में गंभीर चोट आ गई। राहगीरों ने फोन से उसके परिजनों को सूचना देकर उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। जहां उसका इलाज चल रहा है।

कंटेनर की टक्कर से युवक की मौत, साथी घायल

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव, अमृत विचार : लखनऊ – कानपुर हाईवे स्थित शेखपुर नरी तिराहा के पास सोमवार देर रात तेज रफ्तार कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं हादसे उसका साथी गंभीर घायल हो गया। बहराइच थाना सिजौली के जमरिया मजरा बारीकोट गांव के रहने वाले मारुफ (22) पुत्र रऊफ अपने साथी इसी जिला व थाना के छपरिया गांव निवासी कासिम पुत्र मुराद अली हाल पता दिलीप कॉलोनी बंथर अचलगंज के साथ बाइक से कही जा रहा था। तभी सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर नरी तिराहा के पास उसकी बाइक में तेज रफ्तार कंटेनर ने टक्कर मार दी। बाइक कंटेनर में फंस सड़क पर कई मीटर तक घिसटती चली गई। हादसे में दोनों युवक गंभीर घायल हो गए। जख्मी हो गए। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घायलों को एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल की इमर्जेंसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक इलाज के बाद हैलट रेफर कर दिया। जहां देर रात मारुफ की इलाज दौरान मौत हो गई। जबकि जख्मी कासिम का इलाज चल रहा है। कोतवाली प्रभारी अवनीश सिंह ने बताया कि एक घायल की इलाज दौरान हैलट में मौत होना बताया जा रहा है। कंटेनर की तलाश में आसपास के सीसी कैमरे के फुटेज खंगालने शुरू कर दिए गए हैं।

सार-संक्षेप

पौधरोपण कर पौधों को संरक्षित कराने का दिलाया संकल्प

बच्चों के साथ पौधरोपण करते संस्था के अध्यक्ष। अमृत विचार

उन्नाव, अमृत विचार : मानव जीवन के लिए पौधे उपयोगी ही नहीं वरन स्वस्थ जीवन में सहायक भी होते हैं। हमें पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पौधे लगाने के साथ उन्हें संरक्षित रखने की जिम्मेदारी भी निभानी जरूरी है। यह बात अभ्युदय सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिन्हा ने गांव भतावां के महावीर खेड़ा स्थित गातेश्वर महादेव धाम में संस्थान द्वारा संचालित कॉपल क्लब के माध्यम से पौधरोपण से पूर्व बच्चों के साथ उपस्थित जनों को पौधरोपण व संरक्षण के लिए प्रेरित करते हुए कही। पौधरोपण के साथ ट्रीगार्ड भेंट करते हुए संस्था के संरक्षक राकेश वर्मा ने कहा कि अब इन पौधों के संरक्षण का दायित्व गातेश्वर धाम समिति व ग्रामीणों का है। गातेश्वर धाम समिति के पदाधिकारी मोहित वर्मा ने मौजूद लोगों को रोपित पौधों के संरक्षण का संकल्प दिलाया। इस दौरान संस्थान के दीपेंद्र सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, डॉ. प्रभात सिन्हा, मोहित वर्मा, प्रभाशंकर, अजय शुक्ला, छेदीलाल, फूलचंद्र राजपूत, अंकित यादव, लवकुश राजपूत, धीरज, रितिक, सुरेश यादव, अंकुर यादव, दीपेंद्र सिंह, देवा राजपूत आदि मौजूद रहे।

कार सवार चोरों ने दो घरों से पार किये मवेशी व जेवरात

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव, अमृत विचार : अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनापुर गांव में दो घरों से कार सवार चोर मवेशी समेत सोने चांदी के जेवरात व नगदी चोरी कर ले गए। पीड़ितों ने गांव के एक युवक पर चोरी में शामिल होने के आरोप लगाए हैं। पुलिस घटना की जांच कर रही है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के लखनापुर गांव निवासी सरोज पत्नी सर्वेश रावत के घर से रविवार रात 1:40 बजे कार सवार 4 लोगों ने घर से 18 हजार रुपये, सोने के टाप्स, चांदी की पायल, चांदी के मीना समेत घर में बंधी एक बकरी चोरी कर ले गये। कमला पत्नी रामआसरे ने तहरीर देकर बताया कि उसके घर के बाहर बंधे दो बकरे चोरी हुए हैं। दोनों ने गांव के एक युवक की मिलीभगत से चोरी होने का आरोप लगाया है। घटना का पूरा विडियो घर के पास लगे सीसीटीवी में कैद हो गया है। अजगैन प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

गायत्री पूजन के बाद हुआ सुंदरकांड पाठ

उन्नाव, अमृत विचार : शहर के गायत्री शक्तिपीठ में पूजन अर्चन के बाद सुंदरकांड पाठ का आयोजन अजय शुक्ला की टोली द्वारा किया गया। मंदिर के व्यवस्थापक सिद्धनाथ श्रीवास्तव ने कहा कि श्रद्धा भक्ति सेवा में सुग्रीव के सेवक राम का आश्रय पाकर हनुमान बन गए। कहा कि सभी को मंगलवार को सुंदरकांड पाठ करना चाहिए। यह रामचरित मानस का दिल है। इसीलिए इसका नाम सुंदरकांड रखा गया। सभी अंजनी लाल की जीवन शैली से प्रेरणा लेकर जीवन सुखमय बना सकते है। क्योंकि इसकी हर चौपाई मंत्र है व रामचरित मानस धर्म ग्रंथ नहीं यह मंत्रों की खान है। इस अवसर पर अजय शुक्ला, जगदेव शर्मा, ईश्वरानंद बाजपेई, कन्हैया, गौरव, तिलक श्रीवास्तव, अशोक राय, रघुनाथ त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहे।

झपकी आने पर डिवाइडर से टकराई बस, चालक और यात्री हुए घायल

संवाददाता, औरास उन्नाव

अमृत विचार: मथुरा जिला के बलदेव थानांतर्गत हसनापुर कोठी गांव निवासी नेम सिंह पुत्र सर्वनाम सिंह हाथरस डिपो की रोडवेज बस से सोमवार देररात आगरा से 18 सवारियां लेकर एक्सप्रेस-वे से लखनऊ जा रहा था। तभी मंगलवार भोरपहर औरास थानाक्षेत्र के गहाखेड़ा गांव के सामने चालक को झपकी आ गई। जिससे बस डिवाइडर से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इससे बस यात्रियों में चीख पुकार मच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। जिसमें 17 यात्रियों को हल्की चोटें आई थीं। वहीं चालक नेम सिंह को गंभीर चोट आने से उसे यूपीडा वाहन से सीएचसी औरास भेजा गया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख ट्रामा सेंटर भेज दिया। वहीं अन्य यात्रियों को दूसरी रोडवेज बस में बैठाकर गंतव्य के लिए रवाना कर दिया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त रोडवेज बस को औरास टोल प्लाजा पर खड़ा कराया गया।

एक साथ मां-बेटे का अंतिम संस्कार, हर आंख हुई नम

संवाददाता फतेहपुर चौरासी उन्नाव

फॉलोअप

फिरोजाबाद में हुए हादसे में गई थी मां-बेटे की जान

अमृत विचार: परिवार के साथ देव दर्शन कर घर लौट रहे कार सवार मां-बेटे की मौत हो गई थी। इसमें डेढ़ साल की बच्ची बाल-बाल बची थी। जबकि अन्य चार लोगों का इलाज अस्पताल में जारी है। परिजनों ने मृतकों का क्षेत्र के नानामऊ घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

क्षेत्र के गांव शकूराबाद निवासी अशोक कुमार का परिवार शनिवार को राजस्थान में खाटूश्याम और बाला जी के दर्शन करने अपनी कार से गया था। जिसमें छह लोग और एक बच्ची सवार थे। कार सवारों में अशोक की पत्नी सरलेश, उसका 25 वर्षीय पुत्र शिवम, शिवम की पत्नी सोनम, उसकी डेढ़ वर्षीय बेटी ऋषिका उर्फ रिशू, साली मोनी उर्फ मोना व चचेरा भाई शोभित और शोभित की मां रानी बैठे थे। दर्शन कर रविवार रात सभी घर लौट रहे थे। तभी भोरपहर आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर फिरोजाबाद के नसीरपुर थानांतर्गत अचानक उनकी कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। कार पलटने से उसमें सवार सभी लोग गंभीर घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए शिकोहाबाद भेजा गया। जहां से मेडिकल कालेज फिरोजाबाद रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान शिवम व उसकी मां सरलेश की मौत हो गई और अन्य घायलों का इलाज किया गया। हादसे में पत्नी व बेटे की मौत और अन्य के घायल होने की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन तुरन्त घटनास्थल के लिए रवाना हो गए और सोमवार देररात शवों को लेकर जैसे ही गांव पहुंचे तो गांव में लोगों की भीड़ लग गई। परिजनों ने मंगलवार को नानामऊ घाट पर मां-बेटे के शवों का अंतिम संस्कार कर दिया।

मां-बेटे की फाइल फोटो।

सिर कुचलकर महिला को मारने वाले हत्यारों की तलाश में जुटीं पुलिस टीमें

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। सिर कुचलकर हत्या कर फेंके गए महिला के शव के मामले में माधौगंज पुलिस वारदात की बिखरी पड़ी कड़ियों को जोड़ने में जुटी हुई है। गुमनाम हत्यारों की तलाश के लिए पुलिस की कई टीमों को लगाया गया है। सीओ बिलग्राम रविप्रकाश सिंह का कहना है कि जांच में कुछ क्लू हाथ आए है और कुछ ढूंढे जा रहें हैं। पूछताछ भी की जा रही है। जल्द ही वारदात का खुलासा कर लिया जाएगा।

बताते चलें कि सोमवार की सुबह माधौगंज थाने के माधौगंज-गौरा रोड पर इकसई गांव से पहले एक खेत में महिला का लहूलुहान शव पड़ा मिला था। महिला के शव की शिनाख्त इकसई गांव निवासी राम औतार ने अपनी पत्नी रानी उर्फ गंगा (50) के रूप में की थी। राम औतार ने बताया कि गंगा रविवार की सुबह सण्डीला के निजी हास्पिटल में भर्ती अपने भतीजे सूरज को देखने गई थी। इसके अगले दिन सोमवार को उसका शव पड़ा मिला था। रानी उर्फ गंगा के लहूलुहान पड़े शव के पास उसकी चप्पलें पड़ी हुई थीं, जबकि उसका पर्स कानों के कुंडल, पैरों से पायल और बिछाया गायब थी। केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसएचओ माधौगंज विजय कुमार ने बताया कि हत्यारों की तलाश की जा रही है। इकसई की रानी उर्फ गंगा की हत्या के दूसरे दिन मंगलवार को भी उसकी दो बेटियां ज्ञानवती और रोशनी मां की मौत पर बिलखती रहीं। 6 बेटियों में चार की शादी हो चुकी है, दो छोटी है। रविवार की सुबह रानी उर्फ गंगा ने अपनी बेटियों से जल्दी वापस लौटने का वादा कर निकली थी।

फॉलोअप

मां व बहन की जिद पर की गई शादी बन गई युवक के लिए आत्महत्या की वजह

हरदोई, अमृत विचार। पत्नी की तरफ से दर्ज कराए गए दहेज़ उत्पीड़न के मुकदमें का सामने कर रहे मोहित का आत्महत्या जैसा कदम उसके पूरे घर को बे-सहारा कर गया। उसकी मौत से न सिर्फ अपने बल्कि दूसरे भी सदमें में है। मां और बहन की ज़िद के चलते उसने कुछ ही महीने पहले दूसरी शादी की थी, लेकिन किसे पता था कि खुशियां देने वाला इस तरह से रुला कर हमेशा-हमेशा के लिए के लिए इतनी दूर चला जाएगा।

बताते चलें कि शहर की आवास विकास कालोनी ए-30 निवासी मोहित सिंह ने सोमवार की शाम घर का कमरा बंद कर फांसी लगा ली थी। दरवाज़ा तोड़ कर जब तक उसे बाहर निकाल कर इलाज के लिए पहुंचाया जाता, उससे पहले ही उसने दम तोड़ दिया। मोहित अपने पिता उग्रसेन सिंह का इकलौता बेटा था। हरियावां थाने के मजरा वां निवासी उग्रसेन सिंह की दो बेटियां है, जिनमें से एक की शादी हो चुकी है। मोहित की शादी नीर गांव की अपर्णा सिंह के साथ हुई थी, उसके एक बेटा भी है। घरेलू टकराव के चलते पति-पत्नी के बीच ऐसी तल्खी पैदा हुई कि अपर्णा बेटे को साथ लेकर मायके चली गई और साल 2012 में दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज करा दिया। साल 2012 में सुलह की गुंजाइश के बीच मोहित और अपर्णा में बातचीत शुरु हो गई। उस बीच अपर्णा ने अपना मुकदमा वापस भी ले लिया था, दोनों दोबारा एक होना चाहते थे, लेकिन किसी वजह से ऐसा नहीं हो सका। शादी टूटने के बाद मोहित के घर वाले भी टूट गए, मां और बहन दूसरी शादी कर घर की खाईं हुईं खुशियां वापस लाने की ज़िद करने लगी, उसी के चलते मोहित ने चार महीनें पहले ही दूसरी शादी की थी, लेकिन कहां पता था कि खुशियां देने वाला इस तरह से रुला कर हमेशा-हमेशा के लिए इस तरह छोड़ कर चला जाएगा। उसकी मौत से अपने ही नहीं बल्कि दूसरे तक गहरे सदमें में डूबे हुए है।

ट्रक की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत और पति घायल

संवाददाता, हरदोई

दवा लेने जाते हुए सवायजपुर की बाजार में हुआ हादसा

अमृत विचार। पति-पत्नी बाइक से दवा लेने सवायजपुर पहुंचे, वहीं बीच बाज़ार में तेज़ रफ्तार ट्रक ने उन्हे टक्कर मार दी,जिससे पत्नी की वहीं पर दर्दनाक मौत हो गई,जबकि उसका पति ज़ख्मी हो गया। मंगलवार की सुबह हादसा होते ही वहां इकट्ठा हुई भीड़ ने ट्रक पकड़ लिया,जबकि उसका ड्राइवर वहां से भाग निकला।

बताया गया है कि सवायजपुर कोतवाली के शहाबुद्दीन पुर निवासी सुरेश सिंह की 55 वर्षीय पत्नी मंजूलता सिंह बीमार थी। मगंलवार की सुबह मंजूलता पति के साथ बाइक से सवायजपुर दवा लेने पहुंची,बाइक जैसे ही बीच बाज़ार पहुंची,उसी बीच हरपालपुर की तरफ से आ रहे लोड ट्रक ने उसे टक्कर मार दी,जिससे मंजूलता की वहीं पर मौत हो गई,जबकि पति सतीश सिंह ज़ख्मी है गया। हादसा होते ही वहां भीड़ इकट्ठा हो गई,उसने ट्रक पकड़ लिया, जबकि उसका ड्राइवर चकमा दे कर भाग गया। ट्रक ड्राइवर की तलाश की जा रही है। मंजूलता का पति खेती-किसानी करता है,परिवार में तीन बेटे और पांच बेटियां है,जिनमें से दो बेटों और दो बेटियों की शादी हो चुकी है।

घर में अकेले रह रहे युवक का फंदे से लटका मिला शव

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। भैंस पाल कर दूध बेंचने वाले दूधिए का शव उसके आंगन में लगी सीढ़ी से लटका हुआ देखा गया। दरवाज़ा बंद होने पर पड़ोसी की छत से उसके आंगन में उतर कर शव बाहर निकाला गया। पुलिस का कहना है कि मामला आत्महत्या का है,लेकिन फिर भी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है।

बिलग्राम कोतवाली के पसनेर निवासी 35 वर्षीय ब्रजेंद्र द्विवेदी पुत्र दशरथ द्विवेदी दो भाईयों और एक बहन में छोटा था। बड़ा भाई योगेंद्र द्विवेदी अलग मकान में रहता है, जबकि बहन की पहले ही शादी हो चुकी थी, लेकिन ब्रजेंद्र ने शादी नहीं की और वह पुराने मकान में भैंस पाल कर दूध बेंच कर गुज़र-बसर करता था। बड़े भाई योगेंद्र ने बताया कि मंगलवार की सुबह गांव के लोग रोज की तरह दूध लेने पहुंचे,वहां दरवाज़ा बंद देख कर पहले तो काफी देर तक आवाज़ लगाई, उसके बाद पड़ोसी की छत से उसके घर में झांक कर देखा गया, जहां ब्रजेंद्र का शव आंगन में रखी सीढ़ी से लटक रहा था।

बदहाल विद्युत आपूर्ति को लेकर प्रदर्शन करते ग्रामीण। अमृत विचार

बिजली न आने से गुस्साए ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

भरखनी, हरदोई। बिजली न आने से आक्रोशित गांव वालों ने मंगलवार को पावर हाउस पर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बदहाल विद्युत व्यवस्था सुधारने का विभागीय अधिकारी प्रयास नहीं कर रहे है। किसानों ने कहा कि इस समय धान की बुवाई चल रही है। ऐसे में बिजली न मिलने से किसानी का काम प्रभावित हो रहा है। बताते चलें कि पिछले कई दिनों से अनंगपुर पावर हाउस से जुड़े कई ग्रामों में नियमित बिजली नहीं पहुच रही है। जिससे भीषण गर्मी में ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न आने खेतों में काम करने में काफी दिक्कतें आ रहीं है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अगर शीघ्र ही विद्युत व्यवस्था में सुधार न किया गया तो ग्रामीण उग्र आंदोलन को विवश हो जाएंगे।

ईओ ने बेदखली के लिए तहसीलदार को लिखी चिट्ठी

हरदोई, अमृत विचार। बार-बार नोटिस जारी करने के बाद भी पिहानी नगर पालिका परिषद की भूमि पर कब्ज़ा करने वाले अनसुना कर रहे हैं। पिछले दिनो रामलीला मैदान में शव दफनाने के बाद अलर्ट हुए पालिका प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाते हुए बेदखली की सुनवाई करने के लिए तहसीलदार को चिट्ठी भेजी है।

बताते चलें कि पिहानी नगर पालिका परिषद के दस्तावेज़ो में गाटा संख्या-663 सरकारी जमीन (रास्ते में दर्ज है) पर रसूखदार सईक ने पक्का मकान बना रखा है, उसी गाटा संख्या-663 के क्षेत्रफल 0.0370 हेक्टेयर में पुष्पा देवी पत्नी राकेश की पक्की बाउंड्री और टीन शेड पड़ी हुई है, साथ ही गाटा संख्या-663 के क्षेत्रफल 0.0120 में परशुराम, रामभजन और राममिलन ने पक्का मकान बना कर कब्ज़ा कर रखा है। कब्ज़ा हटाने के लिए नोटिस जारी की, लेकिन रसूख के चलते उनका कुछ नहीं हुआ। पिछले दिनों गाटा संख्या-663 में स्थित रामलीला मैदान में शव दफनाने से हुए बवाल के बाद प्रशासन का रुख कड़ा हो गया। ईओ अमित कुमार सिंह ने राजस्व संहिता की धारा 67 के तहत बेदखली की सुनवाई किए जाने को ले कर तहसीलदार को चिट्ठी भेजी है।

सरकारी काम में बाधा डालने की शिकायत

बिलग्राम, हरदोई, अमृत विचार। हरदोई एक शराबी व्यक्ति ने लेखपाल को जान से मारने की धमकी दी। बिलग्राम तहसील के लेखपाल विनीत कुमार यादव ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। घटना 3 जुलाई 2025 की है। विनीत कुमार जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज शिकायत के निस्तारण के लिए ग्राम कोइलरा गए थे। वहां ग्राम निवासी सुखवीर ने शराब के नशे में उनसे दुर्व्यवहार किया। सुखवीर ने जांच का विरोध करते हुए लेखपाल को वापस जाने को कहा। उसने आक्रामक होकर जान से मारने की धमकी दी। लेखपाल ने तुरंत 112 पर कॉल किया। पुलिस 15 मिनट में मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक सुखवीर फरार हो चुका था।इस घटना के कारण जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज प्रार्थना पत्र (संख्या: 20015525026223) का निस्तारण नहीं हो सका।

लिया जायजा व्यापारियों की शिकायत पर दिए गए निर्देशों पर भी नहीं दिया ध्यान, निरीक्षण की खानापूर्ति कर लौट गए डीआरएम

डीआरएम के आने की सूचना पर निर्माण कार्यों में दिखी तेजी

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। मुरादाबाद मंडल के अंतर्गत आने वाले हरदोई रेलवे स्टेशन का डीआरएम राजकुमार सिंह ने निरीक्षण किया हालांकि डीआरएम का यह निरीक्षण दूरदर्शी था। डीआरएम लगभग दोपहर 2:30 मिनट पर हरदोई रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। यहां उनकी स्पेशल ट्रेन प्लेटफार्म संख्या दो के पश्चिमी छोर पर रोक दी गई जिसके बाद डीआरएम प्लेटफार्म संख्या दो पर निरीक्षण करने लगे। डीआरएम राजकुमार सिंह ने प्लेटफार्म संख्या दो व तीन के पूर्वी छोर से लेकर पश्चिमी छोर तक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लेटफार्म संख्या दो तीन पर बने शौचालय का गहनता से निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। डीआरएम ने शौचालय के बाहर लटक रही एमसीवी और तारों को दुरुस्त करने को कहा साथ ही डीआरएम को और भी कई जगह तार खुले नजर आए जिसको लेकर डीआरएम ने निर्देश जारी किए है।

निरीक्षण करते डीआरएम। अमृत विचार

टपकती टीन शेड व यात्री सुविधाओं की नहीं ली सुधि

डीआरएम ने अपने दूरदर्शी निरीक्षण में प्लेटफार्म संख्या एक पर चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण प्लेटफार्म नंबर दो से ही करके वापस चले गए। डीआरएम ने प्लेटफार्म संख्या एक पर आकर चल रहे निर्माण कार्य को देखना मुनासिफ़ नहीं समझा ना ही वहां मौजूद रेल यात्रियों से वार्ता की। हरदोई रेलवे स्टेशन अपनी बदइंतजामी को लेकर आंसू बहा रहा है। प्लेटफार्म संख्या 2 से दूरदर्शी निरीक्षण में डीआरएम ने प्लेटफार्म संख्या एक पर निर्माणाधीन नए भवन के मुख्य द्वार को लेकर भी निर्देश जारी किए साथ ही स्टेशन परिसर से रेलवे कॉलोनी की ओर जाने वाले फुट ओवर ब्रिज को तोड़े जाने को कहा जिस पर रेल अधिकारियों के बीच काफी मंथन हुआ जिसमें बताया गया कि प्लेटफार्म संख्या एक से लेकर 4 बार 5 तक जाने वाले फुट ओवर ब्रिज व स्टेशन परिसर से रेलवे कॉलोनी की ओर जाने वाले ब्रिज को तोड़ने का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया था जिस पर उन्होंने फिलहाल रोक लगा दी है लेकिन डीआरएम ने कहा कि रेल परिसर से रेलवे कॉलोनी की ओर जाने वाले फुटओवर ब्रिज को अवश्य तोड़ा जाएगा। डीआरएम ने प्लेटफार्म संख्या तीन पर टीन से टपकता पानी को लेकर अधिकारियों से कोई भी वार्ता नहीं की और ना ही वहाँ रुके जहाँ पर टीन से पानी टपकता है।डीआरएम को हरदोई रेलवे स्टेशन पर टीन से टपकते पानी की शायद जानकारी भी रेल अधिकारियों ने नहीं दी। डीआरएम ने सिर्फ वही देखा जो रेल अधिकारियों ने उन्हें दिखाया। डीआरएम ने प्लेटफार्म संख्या 2 और 3 के पूर्वी छोर से लेकर पश्चिमी छोर तक निरीक्षण किया और वापस अपनी स्पेशल ट्रेन में बैठकर रवाना हो गए। इस दौरान एक बार फिर डीआरएम ने स्टेशन के निर्माण व निरीक्षक से संबंधित वार्ता करना पत्रकारों से उचित नहीं समझा।अमृत भारत स्टेशन के भेजे गए प्रस्ताव में दिव्यांगों के शौचालय के रैंप के सामने दो खंभे रोड़ा बन रहे है ऐसे में निर्माण से पूर्व तैयार हुए प्रस्ताव में इस बात को ध्यान में क्यों नहीं रखा गया।

पत्नी की हत्या में आरोपी पति गिरफ्तार, सास व ननद फरार

हरदोई, अमृत विचार। दहेज में बाइक की मांग के चलते पिटाई होने से पहले गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत हो गई, उसके बाद उसकी मां भी चल बसी। तबियत खराब होने का पता चलते पर बहन-बहनोई पहुंचे तो उन्हे शव का अंतिम संस्कार किए जाने का पता चला, उन्होने अंतिम संस्कार करने से रोका। पुलिस ने पिता की तहरीर पर पति, सास और ननद के खिलाफ केस दर्ज कर हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर सास और ननद की तलाश शुरु कर दी है।

कासिमपुर थाने के अकोहरा नेवादा निवासी बुद्धा तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा था कि करीब एक साल पहले उसने अपनी पुत्री रोशनी की शादी उसी थाने के बिरौली निवासी संदीप उर्फ गुड्डन पुत्र रामदास के साथ की थी। शादी के बाद से पति के अलावा सास कुषमा व ननद मुन्नी कम दहेज़ का ताना मारते हुए बाइक की मांग करने लगी। रोशनी गर्भवती थी,उसी बीच 2 जुलाई को उसकी पिटाई की गई,जिससे अगले दिन उसके गर्भ में पल रहे बच्चे की मौत होते ही उसकी भी हालत बिगड़ गई। रोशनी की तबियत बिगड़ने का पता चला तो बिरौली पहुंचे। जहां पता चला कि रोशनी की मौत हो गई, उसके ससुराल वाले शव का अंतिम संस्कार करने गए थे। पुलिस ने दी गई तहरीर पर केस दर्ज करते हुए हत्यारोपी पति संदीप उर्फ गुड्डन को गिरफ्तार कर लिया, सास और ननद की तलाश की जा रही है।

एक नजर

आमने-सामने टकराईं बाइकें, दो घायल

औरास : थानाक्षेत्र के टिकरा गांव निवासी 60 वर्षीय रामपाल पुत्र लोचन बाइक से इनायतपुर बर्रा में लगने वाली साप्ताहिक बाजार से घर लौट रहा था। तभी इसी थानाक्षेत्र के जमालनगर गांव निवासी अजय पुत्र रामचंद्र इनायतपुर बर्रा के आरआर हॉस्पिटल में भर्ती पत्नी को खाना देने के बाद गांव के करन को बाइक पर बिठाकर घर जा रहा था। तभी औरास-मियागंज मार्ग पर इनायतपुर बर्रा के आगे प्रेम नगर तिराहे के पास दोनों बाइकों में आमने-सामने टक्कर हो गई। इसमें दोनों बाइक सवार उछलकर रोड पर गिर कर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र औरास लाया गया। जहां चिकित्सक ने उनका प्राथमिक उपचार कर हालत गंभीर देख लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेज दिया।

टूल किट्स पाने को 17 तक करें ऑनलाइन आवेदन

उन्नाव : जिला ग्रामोद्योग अधिकारी संजीव कुमार सिंह ने बताया कि उप्र माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला टूल किट्स वितरण योजना में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के तहत शुरुआती पांच वित्तीय वर्षों वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक की वित्त पोषित स्थापित व संचालित इकाईयों के न्यूनतम से धनराशि पांच लाख तक के ऋण प्राप्तकर्ता उद्यमियों को 4 पगमिल मशीन बांटने का लक्ष्य मिला है। बताया कि इच्छुक लाभार्थी माटीकला बोर्ड द्वारा संचालित पोर्टल पर 17 जुलाई तक अपना आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन की प्रति के साथ अपना फोटो, जाति प्रमाणपत्र, आधारकार्ड, शैक्षिक योग्यता, मूल निवास प्रमाणपत्र, राशनकार्ड, अनुभव प्रमाणपत्र आदि की प्रतियां व मोबाइल नंबर सहित कार्यालय में जमा करा सकते हैं। लाभार्थियों का चयन संबंधित चयन समिति द्वारा होगा। विस्तृत जानकारी के लिये कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

अनियंत्रित वैन डिवाइडर से टकराई, चालक गंभीर

शुक्लागंज (उन्नाव) : गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के आजाद मार्ग पर मंगलवार सुबह एक बाइक सवार को बचाने के प्रयास में एक तेज रफ्तार वैन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। हादसे में वैन चालक को गंभीर चोटें आईं, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से हालत बिगड़ने पर कानपुर हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार, वैन चालक सचिन यादव, निवासी शिव सिंह खेड़ा, उन्नाव कोतवाली क्षेत्र से होकर सुबह लगभग आठ बजे आजाद मार्ग से हाईवे की ओर जा रहा था। इसी दौरान पीपरखेड़ा गांव मोड़ के पास अचानक एक बाइक सवार सामने आ गया। टक्कर से बचाने के चक्कर में सचिन ने वैन की स्टेयरिंग तेजी से मोड़ी, जिससे वैन डिवाइडर से जा टकराई और पलट गई। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल चालक को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।

गंगा का जलस्तर बढ़कर 111 मी. के करीब पहुंचा

अब चेतावनी बिंदु 112 मीटर से महज 1 मीटर 3 सेमी. दूर, शुक्लागंज की ओर फैलने लगा है पानी

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव)

गंगा का जलस्तर दर्शाता केन्द्रीय जल आयोग का मीटरगेज। अमृत विचार

अमृत विचार: पश्चिमी के बांधों से लगातार छोड़े जा रहे पानी के चलते गंगा का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को भी पूरे दिन जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार बीते 24 घंटों में गंगा का जलस्तर 12 सेंटीमीटर बढ़ा है। यह अब चेतावनी बिंदु 112 मीटर से महज 1 मीटर 3 सेंटीमीटर दूर है। सोमवार से मंगलवार के बीच प्रति घंटे आधा सेंटीमीटर की दर से जलस्तर में बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है।

सोमवार शाम 6 बजे गंगा का जलस्तर 110.890 मीटर दर्ज किया गया था, जो मंगलवार सुबह 8 बजे बढ़कर 110.950 मीटर, दोपहर 1 बजे 110.960 मीटर और शाम 6 बजे 110.970 मीटर पहुंच गया। यह स्तर अब 111 मीटर से केवल 3 सेंटीमीटर कम रह गया है। केन्द्रीय जल आयोग के अनुसार हरिद्वार, नरौरा और गंगा बैराज सहित अन्य पश्चिम के बांधों से लगातार पानी छोड़ा जा रहा है। इसके अलावा ऊपरी इलाकों और मैदानी क्षेत्रों में हो रही वर्षा के चलते भी जलस्तर में तेजी आ रही है। जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी से शुक्लागंज की ओर पानी धीरे-धीरे फैलने लगा है। स्थानीय प्रशासन और जल आयोग की टीमें स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। शुक्लागंज की ओर चेतावनी बिंदु 112 मीटर और खतरे का निशान 113 मीटर तय है। अधिकारियों का कहना है कि यदि इसी गति से जलस्तर बढ़ता रहा तो आने वाले दिनों में निचले इलाकों में पानी भरने की आशंका बनी हुई है। लोगों से सतर्क रहने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की अपील की गई है।

बारिश से गंगाघाट रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म को क्षति

बारिश के पानी से स्टेशन के प्लेटफार्म को इस तरह पहुंचा नुकसान।

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार : गंगाघाट रेलवे स्टेशन के पीछे अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, लेकिन निर्माणस्थल पर की गई खोदाई और हालिया बारिश ने स्टेशन को नुकसान पहुंचाया है। जुलाई माह में हुई झमाझम बारिश के चलते स्टेशन के प्लेटफार्म का हिस्सा धीरे-धीरे धंसने लगा है, जिससे इंटरलॉकिंग ईंटें भी उखड़ गई हैं। गंगाघाट स्टेशन के प्लेटफार्म में साफ देखा जा सकता है कि प्लेटफार्म के किनारे की मिट्टी कटने से जमीन धंस गई है और इंटरलॉकिंग ईंट जगह-जगह से टूटकर नीचे गिर गए हैं। कुछ जगहों पर दीवारें भी दरक चुकी हैं। इससे न केवल निर्माण कार्य बाधित हो रहा है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भी खतरा उत्पन्न हो गया है। यात्रियों का कहना है कि निर्माण एजेंसी द्वारा ड्रेनेज और वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं की गई, जिससे पानी का बहाव सीधे प्लेटफार्म की नींव को नुकसान पहुंचा रहा है। यदि समय रहते मरम्मत कार्य नहीं कराया गया तो आने वाले दिनों में और बड़ा नुकसान हो सकता है। रेलवे प्रशासन से जल्द स्थिति सुधारने और स्थायी समाधान करना चाहिये।

पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फंदे से लटककर दी जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

अमृत विचार: सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लोक नगर में युवक ने घर में फंदे से लटककर जान दे दी। उसकी मौत से बेहाल परिजनों ने उसकी पत्नी पर प्रताड़ित करने और पुलिस से झूठी शिकायत करने का आरोप लगाया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के लोकनगर मोहल्ला निवासी महेश (28) पुत्र रमेश लोडर चलाने के साथ मजदूरी भी करता था। मंगलवार दोपहर उसने घर में साड़ी के फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा। वहीं युवक की मौत से परिजन आक्रोशित हो गए। उन्होंने आरोप लगाया कि महेश की पत्नी सुंदरी आएदिन ससुरालियों को परेशान करती थी और पुलिस के साथ अफसरों से प्रताड़ना की झूठी शिकायत करती थी। आएदिन पारिवारिक कलह के चलते महेश पत्नी के साथ आदर्श नगर में अपने एक रिश्तेदार के यहां किराए पर कमरा लेकर रहने लगा था। बहन चांदनी के मुताबिक इसके बाद भी भाभी ने शिकायत की। जिस पर सोमवार को सभी लोगों को महिला थाने बुलाया गया था। वहीं पत्नी ने शिकायत में बताया था कि उसकी शादी 10 जुलाई-2024 को हुई थी। शादी के बाद से पति व अन्य ससुरालियों द्वारा उसे प्रताड़ित किया जाता था। उसका आरोप था कि पति भी शराबी था और उसने उसके जेवर तक बेंच दिए थे। घटना की सूचना पर पहुंचे कोतवाल अवनीश सिंह ने परिजनों को जांच के बाद निष्पक्ष कार्रवाई का भरोसा दिलाकर शांत कराया। वहीं महिला थाना प्रभारी रेखा सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों को बुलाकर आमने-सामने वार्ता कराई गई थी। इसमें महेश के परिजन मोबाइल से थाने का वीडियो बना रहे थे। जिन्हें केवल मना किया गया था। मारपीट या प्रताड़ित करने के आरोप बेबुनियाद है।

माफिया कर रहे अवैध खनन, जिम्मेदार मौन

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

माफिया द्वारा किया जाता बालू और मिट्टी का अवैध खनन। अमृत विचार

अमृत विचार: कोतवाली क्षेत्र के गांव मुझैया के पास बेखौफ बालू माफिया मशीनों से मिट्टी का अवैध खनन करने में जुटे हैं। नगर से मात्र एक किमी दूर धड़ल्ले से हो रहे अवैध खनन को देखकर भी पुलिस व राजस्व विभाग के अधिकारी अनजान बने हैं।

राजस्व गांव चहलहा के मजरा मुझैया के पास मिट्टी के अवैध खनन का कारोबार बीते कई हफ्ते से लगातार चल रहा है। खनन माफिया सुबह-शाम मशीनों से मिट्टी और सफेद बालू का खनन धड़ल्ले से कर रहे हैं। माफिया प्रति ट्राली 1000 से 1200 रुपए में बालू और मिट्टी बेच रहे हैं। माफिया की दबंगई का आलम यह है कि बिना नंबर प्लेट की ट्रैक्टर-ट्रालियों से दिनरात मिट्टी की ढुलाई कर रहा है। ख़ास बात यह है कि इस अवैध कारोबार से खनन स्थल से संबद्ध सड़कें भी ध्वस्त हो रही हैं। बीती सोमवार शाम मौके पर मिट्टी से लोड एक ट्रैक्टर-ट्राली बालू और कीचड़ में फंसी हुई मिली। साथ ही बिना नंबर प्लेट के तीन ट्रैक्टर-ट्राली लगातार मिट्टी ढोने में जुटे थे। खनन माफिया द्वारा अपने गुर्गों को भी तैनात किया गया है। राजस्व अफसरों के आने की सूचना मिलते ही यह गुर्गे अवैध खनन कर रहे ट्रैक्टर और मशीन चालकों को सतर्क कर देते हैं। आश्चर्यजनक तो है कि जानकारी होने के बावजूद पुलिस और राजस्व विभाग अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लगा रहा है।

वहीं एसडीएम शुभम यादव ने कहा कि राजस्व विभाग की टीम भेजकर मामले की जांच कराई जाएगी और अवैध खनन करने वालों के खिलाफ सख्त-से-सख्त कार्रवाई की जाएगी।

दबंगई

- चहलहा के मजरा मुझैया के पास मिट्टी खनन जारी
- कारोबार से खनन स्थल से संबद्ध सड़कें भी हो रहीं ध्वस्त

17 से 19 तक होगा वाणिज्यिक मेगा कैंप का आयोजन

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार : उपभोक्ताओं को बिजली बिल संबंधी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु विद्युत विभाग द्वारा 17, 18 एवं 19 जुलाई को वाणिज्यिक मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है। उ0प्र0 पावर कॉरपोरेशन लि0 के निर्देश पर यह कैंप उपभोक्ताओं के व्यापक हित में लगाया जाएगा। इस विशेष कैंप में उपभोक्ता गलत बिलों से संबंधित अपनी शिकायतें दर्ज कराकर तत्काल समाधान प्राप्त कर सकेंगे। कैंप का आयोजन विभिन्न उपखंडों में निर्धारित तिथियों पर होगा। 17 जुलाई को ऋषि नगर, सरस्वती टाकीज में, 18 जुलाई को रविदास पार्क, अखलॉक नगर में तथा 19 जुलाई को मिश्रा लॉन पोनी रोड, मंगावारा उपखंड कार्यालय, देवाराखुर्द में कैंप लगाए जाएंगे। यह जानकारी अधिशासी अभियंता, विद्युत वितरण खण्ड-मगरवारा, द्वारा दी गई। उपभोक्ताओं से कैंप का लाभ लेने की अपील की गई है।

डीआरएम ने देखी रेलवे स्टेशन की दुश्वारियां, सुधार के दिए निर्देश

रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम। अमृत विचार

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव

अमृत विचार: डिवीजनल रेलवे मैनेजर ने मंगलवार को नगर के रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन मास्टर को यात्रियों के लिए समुचित पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान नागरिकों ने स्टेशन पर ऊंचा प्लेटफार्म निर्मित कराने की मांग की।

मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने मंगलवार को नगर के रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रियों के लिए पेयजल व्यवस्था, छाया, शौचालय व सर्वेंट क्वार्टर का भी निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन के तीनों ट्रैक व सिग्नल सिस्टम की भी जानकारी ली।

इस दौरान स्टेशन पर मौजूद लोगों ने डीआरएम से प्लेटफार्म काफी नीचे होने की शिकायत करते हुए कहा कि महिलाओं व बुजुर्गो को ट्रेन पर बैठने व उतरने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। कभी-कभी तो बुजुर्ग महिला-पुरुष ट्रेन से उतरते समय गिरकर चुटहिल हो जाते हैं। इस पर डीआरएम ने प्लेटफार्म ऊंचा कराने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ स्टेशन अधीक्षक जयवीर सिंह, स्टेशन मास्टर दिनेश तिवारी व अभिषेक कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

अधिवक्ताओं ने तहसील कार्यालय में किया प्रदर्शन

संवाददाता, सफीपुर उन्नाव

एसडीएम से वार्ता करते बार एसोसिएशन अध्यक्ष व अन्य अधिवक्ता। अमृत विचार

- तहसील कर्मचारियों पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

अमृत विचार: वादों को लंबित रखने और कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा तहसील में चल रहे कार्य बहिष्कार के 10वें दिन अधिवक्ताओं के सब्र का बांध टूट गया। मंगलवार को अधिवक्ता एकजुट होकर परिसर में नारेबाजी कर प्रदर्शन करने लगे। यह देख एसडीएम ने सभागार में बैठक कर अधिवक्ताओं की समस्या सुन कार्य में तेजी व सुधार का आश्वासन दिया। तब अधिवक्ता शांत हुए और कार्य पर लौटे।

मंगलवार सुबह तहसील में उस समय गहमा गहमी देखने को मिली जब अधिवक्ता तहसील प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करने लगे। एसडीएम शिवेंद्र वर्मा ने माजरा समझ नायब तहसीलदार धीरेंद्र यादव के साथ अधिवक्ताओं से मुलाकात कर निस्तारण का सुझाव दिया और तहसील सभागार में उनके साथ बैठक कर समस्या जानी। बार एसोसिएशन के महामंत्री संजीव शुक्ला ने अंश निर्धारण, विरासत, दाखिल खारिज के मामले अधिक समय लंबित रहने की बात पर विरोध जताया। वहीं, अधिवक्ताओं ने कहा कि राजस्व निरीक्षक, लेखपाल द्वारा रिपोर्ट लगाने पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। राजस्व निरीक्षक द्वारा न्यायालय में लगाई जा रही रिपोर्ट आधारहीन होने के बावजूद अधिवक्ता को सवाल जवाब का अवसर नहीं दिया जाता है। हर स्थान पर सुविधा शुल्क की मांग होती है। इसके अलावा न्यायालय के कर्मचारियों द्वारा धीमी गति से कार्य करने का भी मुद्दा उठाया गया। अध्यक्ष रामखेलावन कुरील, अधिवक्ता अशोक सेठ, केके गौड़, सत्य नारायण, प्रशांत दीक्षित आदि अधिवक्ताओं ने कई अन्य आरोप लगाए। अधिवक्ताओं ने मांग की कि सभी वाद समय से निपटाए जाएं। एसडीएम शिवेंद्र वर्मा ने बताया कि सभी की शिकायतें सुनी गई हैं। गहन जांच करके समाधान किया जाएगा।

सख्ती संचालकों के साथ पीसीपीएनडीटी समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

अवैध अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर अभियान चलाकर प्रभावी कार्रवाई करें

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

बैठक को संबोधित करते जिलाधिकारी गौरांग राठी। अमृत विचार

अमृत विचार: जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिले के अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालकों के साथ पीसीपीएनडीटी समिति की बैठक आयोजित की गई।

इसमें जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसी तकनीकों का जिनके कारण प्रसव पूर्व स्त्रीलिंग का भ्रूण वध हो सकता है इसके दुरुपयोग को रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करें। कहा कि जिले के जो अल्ट्रासाउंड केंद्र अवैध व अपंजीकृत तरीके से संचालित हैं उन पर अभियान चलाकर करवाई करें। कहा कि यदि डॉक्टर अवकाश पर जाता है तो उसके एक दिन पहले मुख्य चिकित्साधिकारी की मेल पर सूचना जरूर दे। प्रत्येक केंद्र पर जो डॉक्टर पंजीकृत है उसकी फोटो लगी होनी चाहिए। हर केंद्र पर सीसीटीवी कैमरा लगा हो और वह संचालित भी हो। साथ ही उसमें 45 दिन का डाटा उपलब्ध हो। जिलाधिकारी ने कहा कि यह सुनिश्चित हो कि किसी भी केंद्र पर प्रसव पूर्व लिंग की पहचान का कार्य न हो। इसमें लिप्त दोषियों को किसी भी स्थिति में बख्सा न जाए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जयराम सिंह, एसीएमओ डॉ. नरेंद्र सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. मनीष के अलावा जिले में कार्य कर रहे अल्ट्रासाउंड केंद्रों के संचालक भी मौजूद रहे।

संचारी रोग नियंत्रण को लेकर गांधी नगर में हुई साफ-सफाई

गांधी नगर में एंटी लार्वा का छिड़काव करता पालिका कर्मी।

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार : मंगलवार को पालिका प्रशासन के निर्देश पर सफाई कर्मियों की फौज वार्ड नंबर 15 गांधी नगर मोहल्ले में पहुंची। जहां सफाई कर्मियों ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत साफ सफाई कराई गई। वहीं शाम को फागिंग भी हुई। शासन के निर्देश पर 1 जुलाई से 31 जुलाई के बीच संचारी नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। उसी को देखते हुये मंगलवार को पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे, ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर एसबीएम प्रभारी अनूप शुक्ला की देखरेख में सफाई कर्मियों ने वार्ड नंबर 15 गांधी नगर में झाड़ू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया। वहीं मच्छरों की भरमार को देखते हुये सभी गलियों में फागिंग कराई गई। ईओ ने बताया कि इसी तरह पालिका के सभी वार्डों में बराबर अभियान चलाया जायेगा।

सार-संक्षेप

सेल्समैन का शराब निकालने का वीडियो वायरल

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार : एक शराब विक्रेता द्वारा मेडिकल सिरींज से पैक पौवा से शराब निकालने और एक शीशी में जमा करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल गया। यह वीडियो कोतवाली क्षेत्र के ठेका देशी शराब जगत नगर का बताया जा रहा है। मंगलवार को एक वीडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो गया। वीडियो में दिख रहा है कि एक युवक पास में रखी शराब की पेटी से पौवा निकालकर बारी-बारी से मेडिकल सिरींज से पैक पौवा से शराब निकालकर एक बोतल में भर रहा है। लोगों द्वारा वायरल वीडियो नौबतगंज स्थित ठेका देशी शराब का दावा किया जा रहा है और वीडियो में दिख रहा युवक ठेके का सेल्समैन बताया जा रहा है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी भी वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। वहीं, शराब ठेकों पर ग्राहकों को तय मात्रा से कम शराब बेंच कर भारी मुनाफा कमाने की पोल खुलती नजर आ रही है।

धमाके के साथ फटी ई-रिक्शा की बैट्री, मची अफरा-तफरी

धमाके के बाद मौके पर पड़े बैट्री के अवशेष।

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार : बालूघाट मोड़ टैंपो स्टैंड के पास मंगलवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब एक बैट्री की दुकान के बाहर रखी ई-रिक्शा की बैट्री तेज आवाज के साथ फट गई। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के दुकानदारों और राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। ऋतिक की बैट्री की दुकान पर एक ई-रिक्शा चालक खराब बैट्री को बदलवाने आया था। ऋतिक ने बताया कि बैट्री से धुआं निकलता देख उसे तुरंत बाहर रखवा दिया गया। कुछ ही देर बाद तेज धमाके के साथ बैट्री फट गई। आवाज सुनकर आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, यदि बैट्री फटते समय कोई पास होता तो बड़ा हादसा हो सकता था।

कौशल प्रदर्शनी में सम्मानित हुए आईकॉन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार : राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान उन्नाव में कौशल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन मुख्य विकास अधिकारी कृति राज ने किया। पहले संस्थान के एनसीसी कैडेट्स द्वारा मुख्य विकास अधिकारी को गार्ड ऑफ़ ऑनर दिया गया। संस्थान प्रांगण में पौधरोपण व फीता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रशिक्षार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रदर्शित मॉडल व जॉब का अवलोकन किया। इस दौरान विभिन्न कौशल प्रशिक्षण योजनाओं से पूर्व में प्रशिक्षित 11 प्रशिक्षार्थी जो वर्तमान में सेवायोजित हैं उन्हें कौशल यूथ आइकॉन का सम्मान दिया गया। इस दौरान उपायुक्त जिला उद्योग प्रोत्साहन केंद्र करुणा राय, सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्य, कौशल विकास मिशन के एमआईएस मेनेजर, एनसीसी के कैप्टन रविरंजन व संस्थान के सभी अनुदेशक व कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन लेफ्टिनेंट डॉक्टर विपिन सिंह ने किया।

अरविंद बने सपा गंगाघाट नगर अध्यक्ष

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार : समाजवादी पार्टी ने संगठन विस्तार के तहत गंगाघाट नगर अध्यक्ष और जिला कार्यकारिणी में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। उनकी नियुक्ति होने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। सपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव द्वारा जारी पत्र के अनुसार, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की स्वीकृति से कंचन नगर निवासी वार्ड नंबर 4 की सभासद के पति अरविंद कुमार यादव को गंगाघाट नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नगर अध्यक्ष बनाए जाने पर अरविंद यादव को शुभकामनाएं दी जा रही हैं। वहीं पार्टी संगठन को और अधिक मजबूती देने के उद्देश्य से प्रेम नगर निवासी शुभ गुप्ता को समाजवादी पार्टी जिला कार्यकारिणी में जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया गया है।

फटी पाइप लाइन, मरम्मत के दौरान लगा जाम

संवाददाता, शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार : जल निगम द्वारा फोरलेन सड़क के दोनों ओर बिछाई गई भूमिगत पाइप लाइन की टेस्टिंग के दौरान मंगलवार सुबह आजाद नगर धोबी पुलिया के पास पाइप लाइन फट गई। पाइप फटने के बाद तत्काल प्रभाव से मरम्मत कार्य शुरू कराया गया, जिसके चलते पूरे दिन उस मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा और जाम की स्थिति बनी रही। जानकारी के अनुसार, जल निगम द्वारा पाइप लाइन में रिसाव की सूचना मिलते ही मौके पर जेसीबी मशीन मंगाकर फटी पाइप की खुदाई शुरू कराई गई। पाइप की मरम्मत के साथ ही वहां अतिरिक्त पाइप लाइन भी डाली गई ताकि भविष्य में समस्या दोबारा न हो। खुदाई के दौरान आधी सड़क पर बैरिकेडिंग और संकेतक लगाकर मार्ग आंशिक रूप से बंद कर दिया गया। जिससे फोरलेन का मार्ग संकरा हो गया। ऐसे में एक समय में केवल एक ही वाहन निकल पा रहा था। इससे दोनों ओर से वाहनों की कतार लग गई और जाम की स्थिति बन गई।

सालाना उर्स शरीफ का कुरआन ख्वानी से हुआ आगाज

संवाददाता सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार : हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतीक हजरत मखदूम शाह सफी रहमतुल्लाह अलैह का तीन दिवसीय सालाना उर्स शरीफ का मंगलवार सुबह कुरआन ख्वानी से आगाज हुआ। उर्स शरीफ में हजारों अकीदतमंद शामिल होते हैं। भारी भीड़ देख पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व कमेटी की ओर से परिसर में सफाई, पेयजल, लाइट व अस्थायी शौचालय का इंतजाम किया है। बतादें कि हिंदू-मुस्लिम सभी एक साथ मिलकर इस स्थान पर अपनी मन्नतें और मुरादों को पूरा करने के लिए सफी की मजार पर चादर चढ़ा कर दुआ मांगते हैं। सामाजिक सद्भाव का सबसे बड़ा उदाहरण सफी उर्स शरीफ में हिंदू-मुस्लिम समेत सभी संप्रदाय के लोग आते हैं। सज्जादा नशीन मोहम्मद फारुकी सफवी उर्फ समदी मियां, अफजाल मोहम्मद फारूकी सफवी ने बताया कि बारिश को देखते हुए जायरीनों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है।

मार्ग पर बारिश से हुए गड्ढे बन रहे जानलेवा

संवाददाता, बांगरमऊ उन्नाव, अमृत विचार : क्षेत्र के बांगरमऊ-बरुआघाट मार्ग पर भीषण बारिश से कई जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं। यह गड्ढे खासकर रात में जानलेवा साबित हो रहे हैं। ग्राम प्रधानों ने जिला प्रशासन से गड्ढों में जल्द मिट्टी भरान कराने की मांग की है। बता दें कि बीती रविवार रात क्षेत्र में करीब तीन घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई थी। बारिश से बांगरमऊ- बरुआघाट मार्ग स्थित कल्याणी नदी के आगे दाईं ओर कटान होने से सड़क किनारे की मिट्टी बहकर नदी में बह गई है। जिससे सड़क किनारे गहरा गड्ढा हो गया है। जो किसी भी समय हादसे का कारण बन सकता है। खासकर रात में दुपहिया व चौपहिया वाहन सवार इस गहरे गड्ढे में गिरकर घायल हो सकते हैं। इसी प्रकार मार्ग स्थित गांव माढ़ापुर के तालाब की पुलिया के पास दो स्थानों पर मिट्टी का कटान होने से गहरे गड्ढे बन गए हैं। वाहन चालक इन गड्ढों से किसी तरह बचकर गुजरने को मजबूर हैं। क्षेत्र के राकेश कुमार, डॉ. दिवाकर वर्मा, प्रतिमा बाजपेई, राकेश यादव व विजय पाल कुशवाहा आदि प्रधानों ने जिला प्रशासन से मार्ग किनारे बने गहरे गड्ढों में मिट्टी भरवाने की मांग की है।

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत हुआ पौधरोपण

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार : उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशों के अनुपालन में एक पेड़ मां के नाम अभियान के क्रम में मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव के तत्वाधान में जिला जज वाणी रंजन अग्रवाल ने जनपद न्यायालय प्रांगण में पौधरोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। इसमें जिला जज ने अन्य न्यायिक अधिकारियों के साथ कोर्ट परिसर में कई फलदार पौधों के साथ औषधि युक्त पौधे लगाए। इस दौरान सुनील वर्मा प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, विवेक त्रिपाठी पीठासीन अधिकारी मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, एडीजे कविता मिश्रा, ममता सिंह नोडल अधिकारी व एडीजे, डॉ. सत्यवान सिंह एडीजे, विवेकानंद विश्वकर्मा एडीजे, रामराज द्वितीय एडीजे, निवेदिता अस्थाना एडीजे, शिप्रा आर्या एडीजे, पूनम एडीजे, मनीष निगम एडीजे व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जयवीर सिंह नागर एडीजे, विमल त्रिपाठी एडीजे, महेंद्र कुमार सिंह एडीजे, शैलेंद्र सिंह यादव एडीजे, रत्नेश कमल दीप आनंद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, रवि प्रकाश साहू एडीजे एफटीसी, ने भी पौधरोपण कर अभियान में सहयोग दिया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत विभिन्न प्रकार के फलदार पौधो का रोपण कालोनी परिसर में किया गया।

सफीपुर तहसील के सीमा विस्तार की मांग

संवाददाता सफीपुर उन्नाव, अमृत विचार : सफीपुर तहसील का परिसीमन कर सीमा विस्तार करने की मांग एक बार फिर जोर पकड़ रही है। बार एसोशिएशन के पूर्व महामंत्री ने मुख्यमंत्री व उच्च न्यायालय को प्रेषित मांगपत्र में विभाजन में मिले कम गावों की सदर व हसनगंज तहसील के नजदीकी गावों को जोड़कर भरपाई करने की मांग की है। एक बार फिर बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामखेलावन कुरील व अन्य पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री व उच्च न्यायालय को भेजे मांगपत्र में कहा कि तत्कालीन सपा सरकार में मनमाने ढंग से विभाजन कराकर 400 गावों में 220 गांव नवसृजित बांगरमऊ को देकर सफीपुर तहसील के साथ सौतेला व्यवहार किया गया था। जिससे लोगों को असुविधा हो रही है।

16 से 22 तक होगा भूजल सप्ताह का आयोजन

उन्नाव, अमृत विचार : जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बताया कि भूगर्भ जल के उपयोग में लगातार वृद्धि व गिरते भूजल स्तर और इससे होने वाले संकट को देखते हुए आमजन में इसके संरक्षण, प्रबंधन, विवेक युक्त उपयोग व विकास और विनियमित दोहन के प्रति जागरूकता के दृष्टिगत 16 से 22 जलाई के बीच भूजल सप्ताह का अयोजन प्रभावी ढंग से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिलास्तर पर स्थापित संबंधित विभागों में कृषि, सिंचाई, लघु सिंचाई, विकास प्राधिकरण, नगर पालिका, आवास, ग्राम्य विकास, पंचायत राज, उप्र जल निगम, लोक निर्माण, उद्यान, शिक्षा विभाग आदि की एक टीम बनाकर भूजल सप्ताह के सफल आयोजन के लिए जरूरी कार्यवाही सुनिश्चित कराएं।

बेरोजगारी दर जून में 5.6 प्रतिशत पर स्थिर

सरकार ने जारी किए सीडब्ल्यूएस में एकत्रित नवीनतम आंकड़े, महिलाओं के लिए बेरोजगारी दर घटी

नई दिल्ली, एजेंसी

इस साल जून के महीने में देश में बेरोजगारी दर 5.6 प्रतिशत पर स्थिर रही है। मंगलवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने इस साल अप्रैल में पहली बार मासिक आवधिक श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) जारी किया था। इसके जरिये देश में नौकरियों के लिए पात्र लोगों में बेरोजगार लोगों के अनुपात की वास्तविक समय में निगरानी की कोशिश की गई है।

वर्तमान साप्ताहिक स्थिति (सीडब्ल्यूएस) में एकत्रित नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि मई एवं जून, 2025 के दौरान सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए बेरोजगारी दर 5.6% पर अपरिवर्तित रही, जो इस साल अप्रैल के 5.1% आंकड़े से थोड़ा अधिक है। जून महीने में महिलाओं और पुरुषों के बीच बेरोजगारी दर राष्ट्रीय स्तर पर 5.6% पर अपरिवर्तित रही।

महिलाओं के लिए बेरोजगारी दर पिछले महीने घटकर 5.6% पर गई, जबकि इस साल मई में यह 5.8% थी। वहीं, 15-29 आयु वर्ग के लोगों में बेरोज़गारी दर जून में बढ़कर 15.3% हो गई, जो मई, 2025 में 15% थी। शहरी क्षेत्रों में बेरोजगारी दर जून में बढ़कर 18.8% हो गई, जो मई में 17.9% थी, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह आलोच्य महीने में 13.8% थी, जो मई में 13.7% थी।

सीडब्ल्यूएस, सर्वेक्षण की तारीख से पहले के सात दिन में निर्धारित गतिविधियों को दर्शाता है। इस सर्वेक्षण से पता चलता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए बेरोजगारी दर में कमी का कारण मई, 2025 की तुलना में खुद का काम करने वाले श्रमिकों की हिस्सेदारी में वृद्धि और बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या में कमी है। सर्वेक्षण के मुताबिक, 15-29 आयु वर्ग की महिलाओं में बेरोजगारी दर भी पिछले महीने बढ़कर 17.4% हो गई, जबकि मई में यह 16.3% थी, जिसमें ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्र शामिल हैं। शहरों में बेरोजगारी दर भी मई के 24.4%से बढ़कर जून में 25.8% हो गई और गांवों में मई के 13 से बढ़कर पिछले महीने 13.7% हो गई।

15-29 वर्ष की आयु के पुरुषों बढ़ी बेरोजगारी दर

15-29 वर्ष की आयु के पुरुषों में बेरोज़गारी दर मई के 14.5 से बढ़कर जून में 14.7% हो गई। शहरों में यह दर पिछले महीने के 15.8% की तुलना में जून में बढ़कर 16.6% हो गई, जबकि गांवों में बेरोजगारी दर जून के 14 से घटकर 13.8% हो गई। आंकड़ों से पता चला है कि 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में श्रमबल भागीदारी दर (एलएफपीआर) जून, 2025 के दौरान 54.2% थी, जबकि मई, 2025 के दौरान यह 54.8% थी। ग्रामीण क्षेत्रों में, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों में एलएफपीआर 56.1% थी और शहरी क्षेत्रों में उक्त आयु वर्ग में जून, 2025 के दौरान 50.4% थी। जून, 2025 के दौरान, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के पुरुषों के लिए सीडब्ल्यूएस में एलएफपीआर क्रमशः 78.1 और 75% था, जो मई, 2025 के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लिए क्रमशः 78.3 और 75.1% था। जून, 2025 में एलएफपीआर और श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) में मामूली गिरावट मुख्य रूप से मौसमी कृषि रुझान, भीषण गर्मी और कुछ अवैतनिक सहायकों के घरेलू कामों की ओर रुख करने से प्रभावित थी।

4 दिन बाद शेयर बाजार में लौटी तेजी

सेंसेक्स 317, निफ्टी 113 अंक चढ़ा

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को पिछले चार दिन से जारी गिरावट पर विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 317 अंक चढ़ गया। वहीं एनएसई निफ्टी में 113 अंक की तेजी रही। खुदरा महंगाई दर के छह साल के निचले स्तर पर आने के साथ वाहन और औषधि शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई।

बीएसई का सेंसेक्स 317.45 अंक की बढ़त के साथ 82,570.91 अंक पर बंद हुआ। एनएसई का निफ्टी 113.50 अंक की बढ़त के साथ 25,195.80 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, पिछले चार कारोबारी सत्रों में, सेंसेक्स 1,459.05 अंक यानी 1.74% और निफ्टी 440 अंक यानी 1.72% टूटा था। सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, ट्रेंट, टाटा मोटर्स, बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, आईटी सेवा कंपनी एचसीएल टेक का शेयर 3.31% के नुकसान में रहा।

जून तिमाही में कंपनी के एकीकृत शुद्ध लाभ में 9.7% की गिरावट आई है, जिससे इसका शेयर नीचे आया। वहीं, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), टाटा स्टील, कोटक महिंद्रा बैंक और एक्सिस बैंक के शेयर भी नुकसान में रहे।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 2.82%

अच्छे मानसून के कारण सब्जियों सहित खाने का सामान सस्ता होने खुदरा मुद्रास्फीति जून में छह साल के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर आ गई। यह भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक स्तर (2 से 6%) के करीब है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.82% और जून, 2024 में 5.08% थी। पिछले साल नवंबर से मुद्रास्फीति में गिरावट आ रही है। बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.95% चढ़ा जबकि मिडकैप 0.83% के लाभ में रहा। बीएसई के 2,576 शेयरों में तेजी रही जबकि 1,479 में गिरावट दर्ज की गयी। दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट गिरावट के साथ बंद हुआ।

फर्जी कॉल्स व साइबर खतरों से बचाने के लिए होगा एआई का प्रयोगः बैंकर्स समिति

लखनऊ, एजेंसी



बैंक उपभोक्ताओं खासकर ग्रामीण नागरिकों को साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल ठगी से बचाने को बैंक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की मदद लेंगी। बैंक आफ बड़ौदा के आंचलिक प्रमुख एवं राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (उप्र) के संयोजक शैलेन्द्र सिंह ने मंगलवार को बताया कि केंद्र सरकार 1 जुलाई से 30 सितंबर के बीच वित्तीय समावेशन संतृप्ति अभियान चला रही है। सरकारी योजनाओं के माध्यम से वित्तीय समावेशन की जानकारी दी जा रही है।

उन्होने बताया कि लोगों को ओटीपी साझा न करना, फिशिंग ईमेल्स, फर्जी कॉल्स व अन्य डिजिटल खतरों के प्रति जागरूक किया जाएगा। एआई की मदद से ग्रामीण नागरिकों के साथ हो रही धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों को जागरुक किया जा रहा है। सिंह ने कहा कि इस अभियान के दौरान बैंको द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी 75 जिलों की 57 हजार 702 ग्राम पंचायतों में प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से शून्य शेष राशि पर प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत खाता खोले जा रहे हैं। केवल 436 रुपये प्रति वर्ष के प्रीमियम पर दो लाख के जीवन बीमा के लिए प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा में लोगों का नामांकन किया जा रहा है।

औद्योगिक परिदृश्य सर्वेक्षण आरबीआई ने किया शुरू

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को कहा कि उसने कारोबारी धारणा का आकलन करने के लिए भारतीय विनिर्माण क्षेत्र का तिमाही औद्योगिक परिदृश्य सर्वेक्षण शुरू किया है। आरबीआई ने तिमाही सेवा एवं बुनियादी ढांचा परिदृश्य सर्वेक्षण (एसआईओएस) का 46वां दौर भी शुरू किया है। भारतीय विनिर्माण क्षेत्र के तिमाही बुनियादी ढांचा परिदृश्य सर्वे (आईओएस) का 111वां दौर चालू तिमाही (जुलाई-सितंबर) के लिए कारोबारी धारणा और आगामी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के लिए उम्मीद का आकलन करेगा। एसआईओएस का 46वां दौर सेवा और बुनियादी ढांचा क्षेत्र के कारोबारी स्थिति और मांग की स्थिति, वित्तीय स्थिति, रोजगार की स्थिति और मूल्य स्थिति से संबंधित संकेतकों से जुड़े सवालों पर आगामी तिमाही के लिए उनकी अपेक्षाओं का आकलन करेगा।

- **सेवा एवं बुनियादी ढांचा परिदृश्य सर्वेक्षण के 46वें दौर की भी शुरुआत**

6.5% की दर से बढ़ेगा भारत : ईएसी-पीएम

नई दिल्ली, एजेंसी

- **भू-राजनीतिक तनाव व अनिश्चितताओं के बाद भी अर्थव्यवस्था के बढ़ने की उम्मीद**

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के चेयरमैन एस महेंद्र देव ने मंगलवार को कहा कि भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार नीति से जुड़ी अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था के चालू वित्त वर्ष (2025-26) में 6.5% की दर से बढ़ने की उम्मीद है।

देव ने कहा कि अच्छे मानसून और नीतिगत ब्याज दर में तीन कटौतियों से मुद्रास्फीति कम रहने से घरेलू वृद्धि को समर्थन मिलेगा। प्रख्यात अर्थशास्त्री ने कहा कि भू-राजनीतिक तनाव और व्यापार नीति से जुड़ी अनिश्चितताओं के दोहरे झटके जैसी कई वैश्विक चुनौतियां हैं। हालांकि, भारत की अर्थव्यवस्था जुझारू है और यह बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना हुआ है। 2025-26 के पहले दो महीनों के प्रमुख संकेतक घरेलू अर्थव्यवस्था के जुझारू प्रदर्शन का संकेत देते हैं। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद वित्त वर्ष 2025-26 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 6.5% की दर से बढ़ पाना संभव है। उन्होंने कहा, मजबूत राजकोषीय प्रबंधन के साथ भारत की मध्यम अवधि की वृद्धि संभावनाएं मजबूत प्रतीत होती हैं। बढ़ते सरकारी पूंजीगत व्यय का निजी उपभोग में स्वस्थ वृद्धि के साथ वृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) व विश्व बैंक ने अनिश्चित वैश्विक परिवेश और व्यापार तनाव को देखते हुए चालू वित्त वर्ष में भारत के वृद्धि दर अनुमान को घटाकर क्रमशः 6.2 और 6.3% कर दिया है। देव ने कहा कि घरेलू स्तर पर मौजूद कई अनुकूल परिस्थितियां निवेश, उपभोग और निर्यात को बढ़ावा देकर ग्रामीण और शहरी दोनों मांग को बढ़ा सकती हैं।

राष्ट्रीय

लोग किसी को कुछ भी कह देते हैं : सुप्रीम कोर्ट

मोदी, आरएसएस पर आपत्तिजनक कार्टून पर कार्टूनिस्ट को मिला संरक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री मोदी व आरएसएस के आपत्तिजनक कार्टून सोशल मीडिया पर साझा करने के आरोपी कार्टूनिस्ट को मंगलवार को दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान किया। शीर्ष अदालत ने सोशल मीडिया पर बढ़ती आपत्तिजनक पोस्ट पर भी चिंता व्यक्त की और अंकुश लगाने को न्यायिक आदेश पारित करने पर बल दिया।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया व अरविंद कुमार की पीठ ने कहा, लोग किसी को भी, कुछ भी कह देते हैं। हमें इस बारे में कुछ करना होगा। पीठ ने कार्टूनिस्ट हेमंत मालवीय को मध्य प्रदेश में दर्ज प्राथमिकी के मद्देनजर राज्य की दंडात्मक कार्रवाई से संरक्षण प्रदान किया। मालवीय की वकील वृंदा ग्रोवर ने आश्वासन दिया कि इस मामले में माफी मांग ली गई है। हालांकि, पीठ ने आगाह किया कि अगर कार्टूनिस्ट सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालते रहे, तो राज्य सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए स्वतंत्र है। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने 'एक्स' पर न्यायपालिका के खिलाफ भी मालवीय के कुछ अन्य पोस्ट का जिक्र किया, जिसके बाद पीठ ने कहा, यदि याचिकाकर्ता सोशल मीडिया पर कोई आपत्तिजनक पोस्ट डालते हैं, तो प्रतिवादी राज्य (मध्य प्रदेश) को कानून के अनुसार आगे बढ़ने की स्वतंत्रता होगी। ग्रोवर ने विधि अधिकारी की दलील का विरोध करते हुए कहा, इससे तो समस्याओं का पिटारा खुल जाएगा।

ईडी के अधिकार संबंधी फैसले की मांग पर 31 को सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को 2022 के उस फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 31 जुलाई की तारीख तय की, जिसमें पीएमएलए के तहत धन शोधन में शामिल लोगों की गिरफ्तारी और संपत्ति कुर्क करने के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारों को बरकरार रखा गया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने बुधवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध मामले को 31 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया, जब केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि वह उपलब्ध नहीं हैं। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने कहा कि अगर मामला 31 जुलाई को सूचीबद्ध किया जाता है, तो उन्हें आपत्ति नहीं है। 7 मई को, शीर्ष अदालत ने केंद्र और याचिकाकर्ताओं से उस फैसले को चुनौती देने को लेकर मुद्दे तय करने को कहा, जिसमें आरोपियों की गिरफ्तारी और संपत्ति कुर्क करने की ईडी की शक्तियों को बरकरार रखा गया था।

उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर आज सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट कन्हैया लाल दर्जी हत्याकांड में आरोपियों की उस याचिका पर बुधवार को सुनवाई करेगा, जिसमें मामले पर आधारित फिल्म की रिलीज का विरोध किया गया है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जे. बागची की पीठ ने कहा कि उदयपुर फाइल्स : कन्हैया लाल दर्जी मर्डर की रिलीज पर रोक लगाने के दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली फिल्म निर्माताओं की याचिका 16 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। यह फिल्म पिछले हफ्ते 11 जुलाई को रिलीज़ होने वाली थी। शीर्ष अदालत में यह याचिका मोहम्मद जावेद ने दायर की थी, जो आठवें आरोपी के रूप में मुकदमे का सामना कर रहा है।

आप कुत्तों को घर पर खाना क्यों नहीं देतेः कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने नोएडा में आवारा कुत्तों को खाना देने पर परेशान किए जाने का आरोप लगाने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए मंगलवार को याचिकाकर्ता से पूछा, आप उन्हें घर में खाना क्यों नहीं देते हैं। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा, क्या हमें इन बड़े दिलवाले लोगों के लिए हर गली, हर सड़क खुली छोड़ देनी चाहिए? जानवरों के लिए तो जगह है, लेकिन इंसानों के लिए जगह नहीं है। आप उन्हें अपने घर में खाना क्यों नहीं देते? आपको कोई नहीं रोक रहा है।यह याचिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मार्च 2025 के आदेश से संबंधित है।

मोदी शासन में औसत मुद्रास्फीति 5.1, संप्रग में 8.1% थी : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- **नरेन्द्र मोदी की सरकार के महंगाई से निपटने के तरीके की सराहना की**

भाजपा ने नरेन्द्र मोदी की सरकार के महंगाई से निपटने के तरीके की मंगलवार को सराहना की। खुदरा मुद्रास्फीति जून में घटकर छह साल के निचले स्तर 2.1% पर आने के बाद पार्टी ने यह बात कही।

पार्टी के अनुसार, भाजपा नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के शासन में औसत मुद्रास्फीति 5.1% रही है, जबकि कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार में यह औसत 8.1% थी। भाजपा के सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि जनवरी 2012 से अप्रैल 2014 के बीच जब संप्रग सत्ता में था तब खुदरा मुद्रास्फीति 28 महीनों में से 22 महीनों में नौ प्रतिशत से अधिक रही।

उन्होंने कहा कि यहां तक कि कई बार यह दोहरे अंकों में भी पहुंच गई थी। मालवीय ने एक्स पर लिखा, इसके विपरीत मोदी सरकार ने खुदरा मुद्रास्फीति को अधिकतर 5% से नीचे बनाए रखा और इसे कभी 8% से ऊपर नहीं जाने दिया।

संप्रग के अंतिम तीन साल के कार्यकाल में भारत औसतन 9.8% की खुदरा मुद्रास्फीति से जूझ रहा था। यह इस लिहाज से और खराब थी कि उस समय वैश्विक मुद्रास्फीति अपेक्षाकृत स्थिर तथा 4-5% के बीच थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने सोमवार को बयान में कहा कि सब्जियों, दालों, मांस और दूध सहित खाद्य पदार्थों की कीमतों में नरमी से खुदरा महंगाई दर जून में घटकर छह साल से भी अधिक के निचले स्तर 2.1% पर आ गई है।

एक नजर

इंजीनियर रशीद की याचिका पर फैसला सुरक्षित

नई दिल्ली। दिल्ली की अदालत ने 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र को लेकर लोकसभा सांसद इंजीनियर रशीद की अर्जी पर मंगलवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने बारामूला के सांसद रशीद की याचिका पर 21 जुलाई के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया। रशीद ने इस याचिका में सांसद के तौर पर अपने कर्तव्य के निर्वहन के लिए अंतरिम जमानत या अभिरक्षा पैरोल का अनुरोध किया था।

जम्मू कश्मीर में वाहन खाई में गिरा, 5 की मौत

जम्मू। जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को यात्री वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिरने से एक महिला समेत 5 लोगों की मौत हो गई और 17 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि वाहन में क्षमता से अधिक लोग थे। यह दुर्घटना डोडा शहर से 30 किलोमीटर दूर पोंडा के पास डोडा-भर्थ मार्ग पर हुई।

करंट से झुलसे बच्चे के काटने पड़े हाथ, चार पर केस

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिले के गांव में करंट लगने से झुलसे 7 वर्षीय बच्चे के दोनों हाथ काटने पड़े जिसके बाद पुलिस ने बिजली विभाग के उपमंडल अधिकारी (एसडीओ), कनिष्ठ अभियंता (जेई) समेत चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। दनकौर थाना क्षेत्र के गांव अच्छेजा बुजुर्ग में 22 मई को हुई घटना के संबंध में सोमवार रात शिकायत दर्ज कराई गई।

दिल्ली: सेंट स्टीफंस और द्वारका स्थित स्कूल को बम की धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के सेंट स्टीफंस कॉलेज व सेंट थॉमस स्कूल को मंगलवार को ईमेल से बम की धमकी मिली, जिसके बाद दोनों परिसरों में आपातकालीन सेवाएं पहुंचीं और परिसरों में तलाशी ली।

पुलिस ने बताया कि बम निरोधक दस्ता, श्वान दस्ता व अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) राजा बंथिया ने कहा कि सेंट स्टीफन कॉलेज की ओर से कहा गया है कि कॉलेज को सुबह सवा सात बजे बम की धमकी मिली थी।

मुंबई में बीएसई भवन को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई। दक्षिण मुंबई में स्थित बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) भवन को ईमेल से बम की धमकी दी गई, लेकिन तलाशी लेने के बाद यह झूठी निकली। पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि बीएसई के कर्मचारी को रविवार को ईमेल पर संदेश मिला, जिसमें दक्षिण भारत के एक नेता का नाम था। ईमेल में दावा किया गया था कि बीएसई भवन में चार आरडीएक्स (विस्फोटक पदार्थ) युक्त परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) लगाए गए हैं।

आरोपी पर वयस्क की तरह मुकदमा चलाने का अनुरोध बोर्ड ने ठुकराया

पुणे। किशोर न्याय बोर्ड ने पुणे पुलिस की उस अर्जी को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसमें पिछले साल नशे में पोर्श कार चलाने और दो लोगों को कुचलने के आरोपी 17 वर्षीय लड़के पर वयस्क की तरह मुकदमा चलाने का अनुरोध किया गया था। यह घटना पिछले साल पुणे के कल्याणी नगर इलाके में घटी थी, जिसमें बाइक सवार आईटी पेशेवर अनीश अवधिया और उसकी दोस्त अश्विनी कोस्टा की मौत हो गई थी। पुलिस ने पिछले साल यह कहते हुए आरोपी पर वयस्क की तरह मुकदमा चलाने की अनुमति का अनुरोध किया था कि उसने जघन्य कृत्य किया है और उस पर न केवल दो लोगों की हत्या, बल्कि सबूतों से छेड़छाड़ के भी आरोप हैं। बचाव पक्ष के वकील के मुताबिक, किशोर न्याय बोर्ड ने आरोपी पर वयस्क की तरह मुकदमा चलाने का अनुरोध ठुकरा दिया।

पुणे पोर्श कार का मामला

अमरनाथ यात्रा

अमरनाथ यात्रा को लेकर सेना और केंद्र व राज्य सरकार काफी सतर्क है, जिसे लेकर सुरक्षा एजेंसियों और सेना ने चौकसी बढ़ा रखी है। इसी क्रम में श्रीनगर के लाल चौक पर मुस्तैदी से खड़े सुरक्षाकर्मी। एजेंसी

आतंकवाद के आरोपी को जमानत देने से दिल्ली हाईकोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने आतंकवादी संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ)' के कार्यकर्ता को जमानत देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया है कि वह अपने 'प्रभाव' के चलते सबूतों से छेड़छाड़ कर सकता है। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद और हरीश वैद्यनाथन शंकर की पीठ ने आरोपी अर्सलान फिरोज अहेनगर (जिसकी उम्र 20 साल के आसपास बताई गई) के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पाए। पीठ ने 7 जुलाई को पारित आदेश में कहा कि अर्सलान ने आतंकवादियों की तस्वीरें पोस्ट कीं और लोगों को आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए उकसाया। यह नहीं कहा जा सकता कि अपीलकर्ता (अर्सलान) के खिलाफ यह दिखाने के लिए सबूत नहीं है कि वह मारे गए आतंकवादी मेहरान यासीन शल्ला से जुड़ा था या उसने आतंकवादी गतिविधियों में हिस्सा लिया था।

- **कोर्ट ने कहा- आरोपी सबूतों से कर सकता है छेड़छाड़**

हैदराबाद में भाकपा नेता की हत्या

हैदराबाद। तेलंगाना में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के नेता की मंगलवार सुबह यहां मलकपेट में अज्ञात लोगों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भाकपा की राज्य परिषद सदस्य के. चंदू नाइक (47) सुबह की सैर पर निकले थे, तभी एक पार्क के पास कार सवार हमलावरों ने उन पर गोलियां चलाईं, जिससे भाकपा नेता की मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पूर्व क्षेत्र) एस चैतन्य कुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। कुमार ने कहा कि वारदात को तीन-चार लोगों ने अंजाम दिया है।

ओडिशा : छात्रा की मौत, सीएम बोले- दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

भुवनेश्वर, एजेंसी

- **एम्स के दीक्षांत समारोह में पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मू ने भी की थी पीड़िता से मुलाकात**

एक शिक्षक द्वारा यौन उत्पीड़न किए जाने के मामले में न्याय न मिलने पर आत्मदाह करने वाली छात्रा ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में दम तोड़ दिया। बालासोर के फकीर मोहन (स्वायत्त) महाविद्यालय की बीएड की द्वितीय वर्ष की छात्रा ने तीन दिन तक मौत से लड़ने के बाद सोमवार रात दम तोड़ दिया। शिक्षक पर कार्रवाई नहीं किए जाने से आहत छात्रा ने शनिवार को यह कदम उठाया।

छात्रा की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने कहा कि सभी दोषियों को कानून के तहत कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। छात्रा को पहले बालासोर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था और फिर भुवनेश्वर स्थित एम्स भेज दिया गया। मुख्यमंत्री माझी ने एक्स पर कहा, छात्रा की मृत्यु की खबर से बेहद दुखी हूं। सरकार द्वारा सभी जिम्मेदारियों को निभाने और विशेषज्ञ चिकित्सा दल के अथक प्रयासों के बावजूद, छात्रा को नहीं बचाया जा सका।

भुवनेश्वर स्थित एम्स के पांचवें दीक्षांत समारोह में शामिल होने पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार शाम को बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के 'बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी' विभाग का दौरा किया था और छात्रा का हालचाल जाना था।

विपक्ष ने 17 जुलाई को ओडिशा बंद का किया आह्वान

कांग्रेस नीत आठ विपक्षी दलों ने कॉलेज छात्रा की मौत के विरोध में 17 जुलाई को ओडिशा बंद का आह्वान किया है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भक्त चरण दास ने कहा कि बंद को वाम दलों सहित आठ दलों का समर्थन प्राप्त है। महाविद्यालय में हुई यह घटना दर्शाती है कि राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा करने में नाकाम रही है। दास ने सत्तारूढ़ भाजपा पर हमला करते हुए कहा, छात्रा पेट्रोल लेकर आई और सब देखते रहे। किसी ने कोई कदम नहीं उठाया। छात्रा को न्याय दिलाने के लिए बंद का आह्वान किया गया है।

परिजनों को 20 लाख की अनुग्रह राशि देंगे मुख्यमंत्री माझी

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने आत्मदाह करने वाली छात्रा के परिवार के लिए 20 लाख की अनुग्रह राशि देने की मंगलवार को घोषणा की। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, माझी ने घटना की उचित जांच का निर्देश दिया है। राज्यपाल हरि बाबू कंभमपति ने भी छात्रा की मौत पर दुख व्यक्त किया। उन्होंने एक्स पर कहा, महाविद्यालय की छात्रा की मृत्यु की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। उसकी मृत्यु सिर्फ घटना नहीं है, यह हमारे परिसरों की सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाने की सख्त जरूरत का एक साफ संकेत है। कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई होगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा और उन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी। मेरी संवेदनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं।

एक नजर

मुंबई : गोवा एसेस जेए रेसिंग के मालिक जॉन अब्राहम, कोलकाता रॉयल टाइगर्स के मालिक सौरव गांगुली और स्पीड डेमन्स दिल्ली के मालिक अर्जुन कपूर इंडियन रेसिंग फेस्टिवल 2025 के संबंध में जानकारी देते हुए। ● एजेंसी

लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी का तय हुआ खाका

लॉस एंजिल्स : लॉस एंजिल्स में 2028 में होने वाले ओलंपिक में क्रिकेट की 128 साल बाद बहुप्रतीक्षित वापसी लॉस एंजिल्स से लगभग 50 किलोमीटर दूर पोमेना शहर के फेयरग्राउंड्स स्टेडियम में 12 जुलाई को होगी, जिसमें पदक मैच 20 और 29 जुलाई, 2028 को खेले जाएंगे। पुरुष और महिला वर्ग में कुल छह-छह टीमें और 180 खिलाड़ी ओलंपिक में क्रिकेट के सबसे छोटे प्रारूप टी20 में भाग लेंगे। प्रतियोगिता के कार्यक्रम के अनुसार अधिकतर दिन दो मैच खेले जाएंगे जबकि 14 और 21 जुलाई को कोई मैच नहीं होगा। ओलंपिक में इससे पहले केवल एक बार 1900 में पेरिस ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया था। उसमें तब केवल दो टीम ग्रेट ब्रिटेन और फ्रांस ने भाग लिया था। ग्रेट ब्रिटेन ने प्रतियोगिता के एकमात्र मैच में जीत हासिल करके स्वर्ण पदक जीता था। पुरुष और महिला वर्ग में कुल 90 खिलाड़ियों का कोटा आवंटित होने के कारण 12 प्रतिस्पर्धी टीमें 15 सदस्यीय दल की घोषणा कर सकती हैं।

कीबोर्ड योद्धाओं को चुप कराकर खुश हूं : जोफ्रा आर्चर

लंदन : इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने अपने आलोचकों को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने उन 'कीबोर्ड योद्धाओं' को चुप करा दिया जो कई चोटों से उबरने के बाद रिहैबिलिटेशन के दौरान उनके पीछे पड़े थे। 2021 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे आर्चर ने लॉर्ड्स में तीसरे टेस्ट की दूसरी पारी में भारत की हार का कारण बने। उन्होंने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को शून्य पर आउट किया और फिर ऋषभ पंत और वाशिंगटन सुंदर के विकेट लेकर सोमवार को इंग्लैंड को 22 रन से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आर्चर ने 'स्काई स्पोर्ट्स' से कहा मुझे लगता है कि मैं (इंग्लैंड की जीत के बाद) थोड़ा भावुक हो गया था। यह सफर काफी लंबा रहा। मैं आपको बता नहीं सकता कि पिछले तीन या चार वर्षों में कितने कीबोर्ड योद्धा मेरे पीछे पड़े हुए थे।

पंजाब एफसी ने डिफेंडर बिजॉय वर्गीस के साथ किया करार

मोहाली : पंजाब एफसी ने मंगलवार को इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल टूर्नामेंट के आगामी सत्र के लिए इंटर काशी से डिफेंडर बिजॉय वर्गीस को अपने साथ जोड़ने की घोषणा की। पच्चीस वर्षीय सेंटर बैक बिजॉय ने टीम के साथ 2028 तक अनुबंध किया है। बिजॉय 2021-22 सत्र में केरला ब्लास्टर्स में शामिल हुए और उस वर्ष उपविजेता रही टीम का हिस्सा थे। इसके बाद वह 2023-24 सत्र के लिए उधार पर आईलीग फ्रेंचाइजी इंटर काशी में शामिल हुए और 2024-25 सत्र में 10 मैच खेले।

ऋतुपर्णा-श्वेतापर्णा की जोड़ी जापान ओपन बैडमिंटन से बाहर

टोक्यो : ऋतुपर्णा पांडा और श्वेतापर्णा पांडा की भारतीय महिला युगल जोड़ी को मंगलवार को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में कोकोना इशिकावा और माइको कावाजोई से सीधे गेम में हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 39वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी जापान की जोड़ी को कोई टक्कर नहीं दे पायी। इशिकावा और कावाजोई ने मैच की शुरुआत से दबदबा कायम करते हुए महज 32 मिनट में 21-13, 21-7 से एकतरफा जीत हासिल की। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, लक्ष्य सेन और पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी बुधवार को अपने अभियान का आगाज करेंगे।

जडेजा जोखिम उठाकर खेल सकते थे आक्रामक शॉट

रविंद्र जडेजा।

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा को स्पिनर शोएब बशीर के खिलाफ मोहम्मद सिराज को स्ट्राइक देने की जगह खुद जोखिम उठाकर आक्रामक शॉट खेलना चाहिए था।

जडेजा के साथ पुछल्ले बल्लेबाजों के संघर्ष से भारत मैच में वापसी करने में काफी हद तक सफल रहा लेकिन उसे 22 रन से शिकस्त का सामना करना पड़ा। कुंबले को इस मैच ने चेन्नई में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट की याद दिला दी जिसमें सचिन तेंदुलकर ने पीठ दर्द के बावजूद 136 रन की पारी खेली, लेकिन भारतीय टीम को 12 रन से हार का सामना करना पड़ा था। उस मैच में ऑफ स्पिनर सकलैन मुश्ताक द्वारा जवागल श्रीनाथ का आउट होना सोमवार को सिराज के स्टंप्स की गिल्लियों को गिराने वाली गेंद के समान था। चेन्नई में जनवरी 1999 में खेले गए उस टेस्ट मैच में टीम का हिस्सा रहे कुंबले ने 'जियोहॉटस्टार' पर कहा मुझे इस मैच को देखकर चेन्नई में पाकिस्तान के खिलाफ खेला गया टेस्ट मैच याद आ गया। इसमें हम 12 रन से हार गए थे। (सिराज का आउट होना) कुछ वैसा ही था। टीम लक्ष्य से सिर्फ 22 रन दूर थी।

● अनिल कुंबले ने जीत के करीब पहुंचकर हार पर जताई निराशा

जडेजा एक छोर पर बस खड़े रहे। मेरा मतलब है, वह भारत को जीत के इतने करीब लाने की योजना में सफल रहे, लेकिन इंग्लैंड ने कोई ढिलाई नहीं बरती। जडेजा ज्यादातर ओवर की चौथी या पांचवीं गेंद पर एक रन चुरा रहे थे, लेकिन कुंबले का मानना है कि उन्हें कम गति के गेंदबाजों के खिलाफ जोखिम उठाना चाहिए था। कुंबले ने कहा उन्हें उन गेंदबाजों का चयन करना चाहिए थे जिसके खिलाफ वह आक्रामक रूख अपना सकते थे। क्रिस वोक्स, जो रूट और बशीर ऐसे गेंदबाज थे। बशीर और रूट भले ही ऑफ स्पिनर है लेकिन उनकी गेंद बहुत ज्यादा टर्न नहीं ले रही थी। उन्होंने कहा अगर किसी को जोखिम उठाना था तो वह जडेजा ही थे जिन्हें ऐसा करना चाहिए था। उन्होंने बुमराह और सिराज के साथ बल्लेबाजी के दौरान अपने पास ज्यादा स्ट्राइक रखकर अच्छा काम किया लेकिन सिराज को बशीर का पूरा ओवर खेलने के लिए देना जोखिम भरा था। उन्हें इसकी जगह खुद ही आक्रामक रुख अपनाना चाहिए थे।

कुंबले ने जडेजा की नाबाद 61 रन की जुझारू पारी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने जीत के लिए 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को 170 रन पहुंचा कर लगभग चमत्कार कर दिया था। कुंबले ने कहा वह पूरे समय बेहतरीन रहे। वह दिन के छठे ओवर में ही बल्लेबाजी के लिए आ गये थे और आखिर तक नाबाद रहे। बुमराह और सिराज के साथ 82 पर 7 विकेट गिरने के बाद स्कोर को दोगुना करना अविश्वसनीय है। उन्होंने कहा उनकी बल्लेबाजी देखकर टीम के अन्य बल्लेबाज खुद के प्रदर्शन से निराश होंगे। भारत को दोनों पारियों में लगभग 65 अतिरिक्त रन देना भी भारी पड़ा। यह चर्चा का एक बड़ा विषय होगा। कुंबले ने कहा कि जोफ्रा आर्चर की गेंद कंधे पर लगने से सिराज थोड़े असहज हो गये और उनका ध्यान थोड़ा भंग हो गया।

किंग चार्ल्स तृतीय लंदन के क्लेरेंस हाउस में भारतीय पुरुष और महिला क्रिकेट टीम के सदस्यों के साथ मुलाकात की। ● एजेंसी

किंग चार्ल्स तृतीय ने गिल से पूछा

आखिरी बल्लेबाज के आउट होने पर आपको कैसा महसूस हुआ था

लंदन : किंग चार्ल्स तृतीय ने मंगलवार को क्लेरेंस हाउस के बगीचे में भारत की पुरुष और महिला क्रिकेट टीमों से मुलाकात के दौरान मोहम्मद सिराज के आउट होने को 'दुर्भाग्यपूर्ण' करार दिया लेकिन इसके बारे में भारतीय कप्तान शुभमन गिल से पूछे बिना नहीं रह सके। ब्रिटेन के 76 वर्षीय महाराजा ने भारतीय क्रिकेटरों के साथ इस खेल को लेकर काफी समय तक चर्चा की। गिल ने उनसे टीम की मुलाकात को अद्भुत करार दिया। भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दुरईस्वामी और उप उच्चायुक्त सुजीत घोष के साथ कांग्रेस राज्यसभा सांसद एवं बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला तथा सचिव देवजीत सैकिया इस दौरान वहां मौजूद थे। गिल ने मुलाकात के बाद कहा यह अद्भुत था। मुझे लगता है कि वह (किंग चार्ल्स) बहुत दयालु और उदार हैं। हमारी उन से बहुत अच्छी बातचीत हुई। भारत को सोमवार को लॉर्ड्स मैदान पर शृंखला के रोमांचक तीसरे टेस्ट मैच में 22 रन से हार का सामना करना पड़ा। भारत के आखिरी बल्लेबाज मोहम्मद सिराज थोड़े दुर्भाग्यशाली रहे कि शोएब बशीर की गेंद उनके बल्ले का किनारा लेने के बाद धीरे से विकेट से टकराई और फिर गिल्लियां गिर गयी। गिल ने कहा उन्होंने (किंग चार्ल्स) हमें बताया कि हमारे आखिरी बल्लेबाज के आउट होने का तरीका काफी दुर्भाग्यपूर्ण था, गेंद लुढ़कती हुई विकेट पर लग गई। वह हमसे बस पूछ रहे थे उसके बाद आपको कैसा महसूस हुआ? और हमने उन्हें बताया कि यह हमारे लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण मैच था। उम्मीद है कि अगले दोनों मैचों में हमें किस्मत का अच्छा साथ मिलेगा। गिल ने कहा कि भारतीय टीम जब भी इंग्लैंड में खेलती है, उसे प्रवासियों भारतीय से जबरदस्त समर्थन मिलता है।

पंत का रन आउट होना निर्णायक पल था : गिल

लंदन : भारत के कप्तान शुभमन गिल ने लॉर्ड्स टेस्ट के रोमांचक आखिरी दिन सोमवार को अपनी टीम की जुझारू कोशिशों पर गर्व जताया। लेकिन साथ ही कहा कि चौथे दिन लंच से ठीक पहले हुए पंत का रनआउट होना मैच का टर्निंग प्वाइंट था। लंच से ठीक पहले जब भारत का स्कोर 82 पर 7 हो गया था, तब लगा कि मैच जल्दी खत्म हो जाएगा। लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों ने डटकर मुकाबला किया और मैच को आखिरी सत्र तक ले गए। अंतत: भारत 170 रन पर ऑल आउट हो गया और 22 रन से हार गया। गिल ने पोस्ट-मैच प्रेजेंटेशन में कहा मैं बेहद गर्व महसूस कर रहा हूं। कोई भी टेस्ट मैच इससे ज्यादा करीबी नहीं हो सकता। पांच दिन तक कड़ा मुकाबला चला, जिसका फैसला आखिरी सत्र और आखिरी विकेट गिरने के बाद आया। हमारी टीम ने इस मैच में जिस तरह का जुझारूपन दिखाया, उससे मैं बहुत खुश हूं।

गिल तकनीकी रूप से उतने मजबूत नहीं दिखे : वॉन

लंदन : इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा कि भारतीय कप्तान शुभमन गिल तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए उतरे तो वह तकनीकी रूप से मजबूत नहीं दिखे और उन्होंने धैर्य की कमी भी नजर आई। शुभमन गिल ने शृंखला के पहले दो टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने हेडिंग्ले में पहले टेस्ट में शतक बनाया और फिर बर्मिंघम में शतक और दोहरा शतक जड़कर कई रिकॉर्ड तोड़े।

स्पिनर डॉसन की आठ साल बाद इंग्लैंड की टेस्ट टीम में वापसी

लंदन : बाएं हाथ के स्पिनर लियाम डॉसन ने आठ साल के अंतराल के बाद मंगलवार को इंग्लैंड की टेस्ट टीम में वापसी की। उन्हें भारत के खिलाफ 23 जुलाई से मैनचेस्टर में शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए चोटिल शोएब बशीर की जगह टीम में शामिल किया गया है। तीसरे टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी के दौरान अपनी ही गेंद पर क्षेत्ररक्षण करते समय बशीर के बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया था। यह मैच इंग्लैंड ने 22 रन से जीता था। चोट के बावजूद बशीर ने भारत की दूसरी पारी में गेंदबाजी की और मोहम्मद सिराज को आउट करके अपनी टीम को रोमांचक जीत दिलाने में मदद की। 35 वर्षीय डॉसन ने अपने तीन टेस्ट मैचों में से आखिरी टेस्ट 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उन्होंने सात विकेट लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने इंग्लैंड की तरफ से छह वनडे और 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले हैं। वह कई वर्षों से हैम्पशर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और उन्हें 2023 और 2024 में पीसीए प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था। डॉसन ने अब तक 212 प्रथम श्रेणी मैचों में 371 विकेट लिए हैं। वह निचले मध्यक्रम के उपयोगी बल्लेबाज भी हैं।

टीम

बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

आक्रामक बल्लेबाज शेफाली टी20 रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंची

दुबई, एजेंसी

भारत की आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा मंगलवार को जारी आईसीसी महिला टी20 अंतर्राष्ट्रीय बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रही। इंग्लैंड के खिलाफ हाल ही में समाप्त हुई टी20 अंतर्राष्ट्रीय शृंखला में 158.56 के स्ट्राइक रेट से 176 रन बनाने वाली शेफाली इस रैंकिंग में 655 अंकों के साथ चार स्थान की छलांग लगाकर नौवें स्थान पर पहुंच गई है।

उप-कप्तान स्मृति मंधाना तीसरे नंबर के साथ इस सूची में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी है। मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स दो पायदान नीचे 14वें स्थान पर खिसक गयी। भारत की ऐतिहासिक 3-2 से शृंखला जीत में अहम योगदान देने वाली अरुंधति रेड्डी गेंदबाजी रैंकिंग में चार स्थान की सुधार के साथ 39वें स्थान पर और हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में 26 स्थान

की छलांग लगाकर 80वें स्थान पर पहुंच गयी। अनुभवी ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा को गेंदबाजों की रैंकिंग में एक स्थान का नुकसान हुआ है और वह तीसरे पायदान पर खिसक गयी है। राधा यादव तीन पायदान के सुधार के साथ रैंकिंग में 15वें स्थान पर है। इस रैंकिंग में शृंखला गंवाने वाली इंग्लैंड की टीम के कई खिलाड़ियों को रैंकिंग में फायदा हुआ है। शृंखला के आखिरी मैच में 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार हासिल करने वाली स्पिनर चार्ली डीन रैंकिंग में शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रही।

ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 27 रनों पर ढेर किया

किंग्स्टन (जमैका), एजेंसी

● सीरीज 3-0 से जीती, मिशेल स्टार्क ने नौ रन देकर झटके छह विकेट

मिशेल स्टार्क ने नौ रन देकर छह विकेट लिए और स्कॉट बोलैंड ने हैट्रिक ली जिससे ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को टेस्ट क्रिकेट के दूसरे न्यूनतम स्कोर 27 रनों पर आउट कर दिया तथा तीसरा और अंतिम टेस्ट मैच 176 रनों से जीत कर शृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप किया।

वेस्टइंडीज पर एक समय टेस्ट क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर पर आउट होने का खतरा मंडरा रहा था लेकिन खराब फील्डिंग का फायदा उठाकर वह न्यूजीलैंड के 26 रनों के विश्व रिकॉर्ड से एक रन आगे निकलने में सफल रहा। अपना 100वां टेस्ट मैच खेल रहे स्टार्क ने अपनी पहली 15 गेंद पर पांच विकेट लिए जो टेस्ट इतिहास में सबसे तेज पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड है। उन्होंने अपने

ऑस्ट्रेलिया के मिशेल स्टार्क 400वां विकेट हासिल करने के बाद जश्न मनाते हुए।

करियर में 15वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने इस दौरान टेस्ट क्रिकेट में 400 विकेट भी पूरे किए। उन्होंने वेस्टइंडीज़ की दूसरी पारी की पहली ही गेंद पर एक विकेट और पहले ही ओवर में तीन विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया को सबीना पार्क में पहले दिन-रात्रि टेस्ट में 204 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरे वेस्टइंडीज को हराने और श्रृंखला में 3-0 से क्लीन स्वीप करने में केवल 14.3 ओवर लगे।

यह मैच केवल ढाई दिन में समाप्त हो गया। वेस्टइंडीज के शीर्ष छह बल्लेबाजों ने कुल मिलाकर केवल छह रन बनाए। उसके सात बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल पाए। उसकी तरफ से जस्टिन ग्रीव्स ने सर्वाधिक 11 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने पहला टेस्ट मैच 159 रनों और दूसरा टेस्ट मैच 133 रनों से जीता था और इस तरह से फ्रैंक वारेल ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए स्टार्क ने कहा यह शानदार श्रृंखला रही। पूरे मैच में बल्लेबाजों के लिए हालत बहुत अच्छे नहीं रहे। ऐसी परिस्थितियों में दूधिया रोशनी में सख्त गुलाबी गेंद से खेलना आसान नहीं होता लेकिन हमें विश्वास नहीं था कि मैच इतनी जल्दी खत्म हो जाएगा। स्टार्क ने लगातार गेंदों पर केवलन एंडरसन और ब्रैंडन किंग को आउट किया लेकिन उन्होंने हैट्रिक का मौका गंवा दिया।

महिला विश्व कप से पहले इंग्लैंड और न्यूजीलैंड से अभ्यास मैच खेलेगा भारत

दुबई, एजेंसी

भारत इस साल सितंबर-अक्टूबर में अपनी और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप से पहले बेंगलुरु में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा। पाकिस्तान अपने अभ्यास मैच और विश्व कप मैच दोनों श्रीलंका में खेलेगा। यह बीसीसीआई और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने आपसी सहमति से तय किया है। भारत 25 सितंबर को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक मैदान पर पहले अभ्यास मैच में इंग्लैंड से भिड़ेगा और 30 सितंबर को चिन्नास्वामी स्टेडियम में टूर्नामेंट शुरू होने से तीन दिन पहले 27 सितंबर को न्यूजीलैंड से उसी स्थान पर खेलेगा। पाकिस्तान 25 और 28 सितंबर को कोलंबो के कोलंबो क्रिकेट क्लब में क्रमशः श्रीलंका और श्रीलंका 'ए' टीम के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेगा। आईसीसी ने कहा 25 से 28 सितंबर तक एम चिन्नास्वामी स्टेडियम, बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एक मैदान (दोनों बेंगलुरु), आर प्रेमदासा स्टेडियम और कोलंबो क्रिकेट क्लब (दोनों कोलंबो) में कुल नौ दिन-रात्रि मैच खेले जाएंगे।

अभ्यास मैचों का कार्यक्रम

25 सितंबर : भारत बनाम इंग्लैंड, बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान। दक्षिण अफ्रीका बनाम न्यूजीलैंड, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम। श्रीलंका बनाम पाकिस्तान, कोलंबो क्रिकेट क्लब। बांग्लादेश बनाम श्रीलंका 'ए', आर प्रेमदासा स्टेडियम।

27 सितंबर : ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड, बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान। भारत बनाम न्यूजीलैंड, एम चिन्नास्वामी स्टेडियम। श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, कोलंबो क्रिकेट क्लब।

28 सितंबर : दक्षिण अफ्रीका बनाम भारत 'ए', बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस मैदान पाकिस्तान बनाम श्रीलंका 'ए', कोलंबो क्रिकेट क्लब।

यहां होगा विश्व कप

एकदिवसीय विश्व कप की 12 साल बाद उपमहाद्वीप में वापसी हो रही है। यह टूर्नामेंट 30 सितंबर से दो नवंबर तक पांच स्थानों - एम चिन्नास्वामी स्टेडियम (बेंगलुरु), एसीए स्टेडियम (गुवाहाटी), होल्कर स्टेडियम (इंदौर), एसीए-वीडीसीए स्टेडियम (विशाखापत्तनम) और आर प्रेमदासा स्टेडियम (कोलंबो) में खेला जाएगा।

प्रतिबद्धता और जज्बे की अद्भुत मिसाल थे फौजा सिंह

नई दिल्ली, एजेंसी

● 114 वर्ष की उम्र में वाहन की टक्कर से हो गया है निधन

● 89 वर्ष की उम्र में मैराथन दौड़ना किया था शुरू

वर्ष 2016 में मुंबई में जॉगिंग करते हुए फौजा सिंह। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

पुरानी कहावत है कि दोबारा शुरुआत करने में कभी देर नहीं होती और अगर कभी इस बात के प्रमाण की जरूरत पड़े तो एक बार फौजा सिंह के जीवन पर गौर कर लेना जिन्होंने प्रतिबद्धता और जज्बे की अद्भुत मिसाल पेश की। फौजा सिंह ने 89 वर्ष की उम्र में मैराथन दौड़नी शुरू की और फिर दुनिया भर में अपने जोश और जज्बे का डंका जमाया। उनका सोमवार को 114 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनकी उम्र के बावजूद, यह एक दिल दहला देने वाला अचानक अंत था। वह जालंधर स्थित अपने पैतृक गांव ब्यास पिंड में टहलने निकले थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी।

फौजा सिंह ने अपने जीवन में कई मुश्किलों का सामना किया। वह जब मैराथन धावक बने तो उन्होंने अपने करियर का एक बड़ा हिस्सा ब्रिटेन में बिताया, लेकिन संन्यास लेने के बाद तीन साल पहले वह अपने गांव लौट आए थे। उनकी जीवनी 'द टर्बन्ड टॉरनेडो' के लेखक खुशवंत सिंह ने कहा हम हमेशा उनसे कहते थे कि भारत में दौड़ने वाले उनकी उम्र के व्यक्ति को हमेशा टक्कर लगने का खतरा बना रहता है, क्योंकि यहां वाहन चलाने का तरीका बहुत लापरवाही वाला है। दुर्भाग्यवश आखिर में ऐसा ही हुआ। फौजा की असली कहानी तब शुरू हुई जब ज्यादातर लोगों के लिए समय धीमा पड़ जाता है, खासकर उन लोगों के लिए जो जिंदगी की कई त्रासदियों से जूझ चुके हैं। वह भी जीवन के इन थपेड़ों से जूझ रहे थे।

फौजा सिंह 90 के दशक के मध्य में अपने छोटे बेटे की मौत से काफी व्यथित हो गए थे। इसके बाद जब उनकी पत्नी और बेटी का भी निधन हो गया तो उन्हें इंग्लैंड के एसेक्स में एक स्थानीय क्लब में दौड़ने से सांत्वना मिली। खुशवंत ने बताया गांव वालों ने उनके एक बेटे से कहा कि वह उन्हें ब्रिटेन ले जाए, क्योंकि वह श्मशान घाट जाते रहते थे और घंटों वहीं बैठे रहते थे। इसलिए वह इलफोर्ड (पूर्वी लंदन का एक शहर) चले गए। फौजा सिंह ने वहां पहुंचने के बाद ही दौड़ना शुरू किया। इसके बाद वह अंतर्राष्ट्रीय स्तर के धावक बन गए और उन्होंने अपने दमखम और जज्बे से दुनिया भर के लोगों को हैरान कर दिया। उन्होंने लंदन, न्यूयॉर्क और हांगकांग की प्रसिद्ध मैराथनों सहित अन्य मैराथनों में भाग लिया और कमजोर पैरों के साथ पैदा हुए 90 वर्ष से अधिक उम्र के इस व्यक्ति ने इस दौरान कुछ अच्छा समय भी निकाला जिससे पेशेवर धावक भी हैरान थे।

मैराथन से कमाए हर पैसे को कर देते थे दान

फौजा सिंह ने कहा वह ऐसे व्यक्ति थे जिनमें कोई लालच नहीं था। मैराथन दौड़कर कमाए गए हर एक पैसे को वह दान में देते थे। जब वह प्रसिद्ध हो गए, तो लोग गुरुद्वारों में भी उनके पास पैसे देने आते थे, लेकिन वह तुरंत ही उस धनराशि को वहां के दानपात्रों में डाल देते थे। एक सच्चे, बड़े दिल वाले रूमानी पंजाबी की तरह, फौजा को अपनी पिन्नियां (घी, आटे और गुड़ से बनी मीठी गोलियां जिन पर सूखे मेवे लगे होते हैं) और मैकडॉनल्ड्स से कभी-कभार मिलने वाला स्ट्रॉबेरी शेक बहुत पसंद था। लेकिन वह एक अनुशासित धावक भी थे जो दौड़ से पहले कड़ा अभ्यास करते थे। उनकी सबसे यादगार दौड़ में से एक 2011 की थी जब वह 100 वर्ष के हो गए थे। टोरंटो में आयोजित आमंत्रण प्रतियोगिता का नाम उनके सम्मान में रखा गया था।

ऑर्थोडॉक्स पार्टी गठबंधन से अलग, नेतन्याहू को झटका

तेल अवीव, एजेंसी

इजराइल में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की गठबंधन सरकार में प्रमुख सहयोगी दल रहे अति-रूढ़िवादी दल ने मंगलवार को कहा कि वह गठबंधन सरकार छोड़ रही है। अति-रूढ़िवादी दल की इस घोषणा को गाजा में युद्ध के निर्णायक समय में इजराइली नेता के शासन को अस्थिर करने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।

यूनाइटेड टोरा जूडिज्म नामक पार्टी के दो गुटों ने कहा कि वे एक कानून पर असहमति के कारण सरकार पर निशाना साध रहे हैं। यह कानून अपने सदस्यों के लिए व्यापक सैन्य मसौदा छूट को संहिताबद्ध करेगा। इन दलों के सदस्यों में से कई लोग सेना में भर्ती होने के बजाय यहूदी ग्रंथों का अध्ययन

● गाजा में युद्ध के निर्णायक दौर में सरकार अस्थिर होने की आशंका

करते हैं। इस मुद्दे ने यहूदी इजराइलियों को विभाजित कर रखा है, जिनमें से अधिकांश को सेना में भर्ती होने की आवश्यकता होती है। इजराइलियों में यह दरार तब से और गहरी होती जा रही है, जब से गाजा में युद्ध शुरू हुआ है और सैनिकों की मांग लगातार बढ़ रही है। इजराइल की राजनीति में लंबे समय से 'किंगमेकर' की भूमिका निभाने वाली पार्टी के जाने से नेतन्याहू को तत्काल कोई खतरा नहीं है।

ट्रंप को शिक्षा विभाग में 1,400 कर्मचारियों की छंटनी की अनुमति

वाशिंगटन। अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शिक्षा विभाग को समाप्त करने की उनकी योजना को फिर से आगे बढ़ाने और लगभग 1,400 कर्मचारियों की छंटनी की अनुमति दे दी है।

तीन न्यायमूर्तियों की असहमति बावजूद, उच्चतम न्यायालय ने बोस्टन के डिस्ट्रिक्ट न्यायाधीश मयोंग जॉन के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें उन्होंने कर्मचारियों की छंटनी को रद्द करते हुए अंतरिम रोक लगाई थी। जॉन ने आदेश में कहा था, छंटनी से विभाग संभवतः कमजोर हो जाएगा।'एक संघीय अपीलीय अदालत ने भी प्रशासन की अपील पर इस आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

मुस्लिम देशों में शरीया कानून का हिस्सा है

ब्लड मनी परंपरा

केरल की नर्स निमिषा को यमन में फांसी की सजा सुनाए जाने के बाद इस इस्लामी देश की 'ब्लड मनी' नाम की वह परंपरा भी चर्चा में आई है जो पैसों के बदले मौत की सजा माफ कर देती है। ब्लड मनी को अरबी में दिया कहा जाता है और यह परंपरा उन कई और मुस्लिम देशों में लागू है जहां इस्लामी शरीया कानून का प्रभाव है। इस पारंपरिक कानून के तहत अगर कोई व्यक्ति किसी की हत्या का गुनहगार है तो वह मृतक के परिवार को मुआवजा देकर सजा में छूट या माफी हासिल कर सकता है।

इन देशों में भी ब्लड मनी जैसा कानून

सऊदी अरब : दिया यानी ब्लड मनी यहां शरीया कानून के अनुसार लागू है। हत्या, दुर्घटना और मेडिकल लापरवाही में भी ब्लड मनी दी जा सकती है। पीड़ित परिवार चाहे तो ब्लड मनी लेकर दोषी को माफ कर सकता है और इससे फांसी की सजा रुक सकती है।

ईरान : ईरान की इस्लामी दंड संहिता में ब्लड मनी को मान्यता है। अब तक यहां महिला और पुरुष की ब्लड मनी में अंतर होता था लेकिन अब इसे बराबरी की ओर लाया जा रहा है। विदेशी नागरिकों को भी कुछ मामलों में इसका फायदा या नुकसान झेलना पड़ता है।

पाकिस्तान : पाकिस्तान में सन् 1990 के दशक में दिया और किसास कानून लागू किए गए। ये कानूनी दंड संहिता से हटकर शरीया आधारित है। इसमें पीड़ित के परिवार को मुआवजा लेकर दोषी व्यक्ति को माफ करने का अधिकार है। अदालत इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं करती।

संयुक्त अरब अमीरात : यूएई में भी शरीया कानून दिया लागू है। अफगानिस्तान, सूडान, नाइजीरिया समेत कई और देशों में आंशिक या पूर्ण रूप से दिया लागू है, वहां भी पीड़ित परिवार को सजा माफ करने का अधिकार है।

समर्थन

ब्लड मनी परंपरा इस्लामी न्याय प्रणाली का हिस्सा है। इससे पीड़ित के परिवार को कुछ राहत मिलती है, साथ ही बदले की भावना को रोकने में मदद मिलती है।

आलोचना

अमीर अपराधियों को बच निकलने का मौका मिलता है और न्यायिक समानता पर सवाल उठते हैं। इसके अलावा गरीब पैसे के अभाव में न्याय नहीं दिला पाते।

पश्चिमी देश

पश्चिमी देशों में सीधे तौर पर ब्लड मनी जैसा शरीया आधारित सिस्टम नहीं है, लेकिन वहां सिविल सूट और मुआवजा/क्षतिपूर्ति की व्यवस्था होती है।

ब्लड मनी के चर्चित केस

- उत्तर प्रदेश के रईस खान को सऊदी अरब में एक पाकिस्तानी नागरिक की हत्या के मामले में फांसी की सजा सुनाई गई थी। भारतीय सामाजिक संगठनों और परिवार ने मृतक के परिवार को लगभग 30 लाख रुपये ब्लड मनी देकर माफी दिलवा दी।
- एक अमीर व्यवसायी के बेटे शाहरुख जटोई ने कराची में युवा छात्र शाहजेब खान की हत्या कर दी थी। जनता में भारी गुस्सा फैला मगर शाहजेब के परिवार ने शाहरुख से ब्लड मनी लेकर उसे माफ कर दिया। लोगों ने इसे पैसे वालों का न्याय तंत्र से खिलवाड़ कहा।
- पंजाब के नवदीप पर 2019 में एक साथी भारतीय की हत्या का आरोप लगा। सऊदी कोर्ट ने उसे फांसी की सजा सुनाई। लेकिन एनजीओ और गुरुद्वारों की मदद से करीब 1 करोड़ रुपये की ब्लड मनी दिए जाने के बाद मृतक के परिवार ने उसे माफ कर दिया।

एक नजर

दिग्गज अभिनेता-निर्माता धीरज कुमार का निधन

मुंबई। मनोज कुमार की फिल्म 'रोटी कपड़ा और मकान' में अभिनय करने और हिट टेलीविजन शो 'ओम नमः शिवाय' और 'अदालत' के निर्माण के लिए पहचाने जाने वाले दिग्गज अभिनेता-निर्माता धीरज कुमार का यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके एक पारिवारिक मित्र ने मंगलवार को यह जानकारी दी। वह 79 वर्ष के थे। कुमार निमोनिया से गंभीर रूप से पीड़ित थे और उन्हें कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल की गहन चिकित्सा यूनिट में भर्ती कराया गया था।

छत्तीसगढ़: 30 बांग्लादेशी नागरिकों को वापस भेजा

रायपुर। छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के 30 नागरिकों को उनके देश वापस भेजा गया है। अधिकारियों ने बताया कि केंद्र सरकार से इन लोगों को निर्वासित करने की अनुमति मिलने के बाद राज्य सरकार और रायपुर पुलिस ने मंगलवार को 30 बांग्लादेशी नागरिकों को रायपुर हवाईअड्डे से विमान के जरिए गुवाहटी भेजा गया। घुसपैठियों को रायपुर पुलिस बीएसएफ को सौंपेगी फिर असम से बंगलादेश सीमा पर बीएसएफ के जरिए निर्वासन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

गजनी में एक ही परिवार के पांच लोगों की हत्या

काबुल। अफगानिस्तान के गजनी प्रांत में अज्ञात हथियारबंद लोगों ने एक ही परिवार के पांच लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। प्रांतीय सरकार के एक प्रवक्ता ने सोमवार रात को यह जानकारी दी। गजनी के गवर्नर के प्रवक्ता एजातुल्लाह सईदी ने बताया कि यह घटना कारा बाग ज़िले के तोलाखैल इलाके में हुई। यहां एक घर में हमलावर घुस आए और गोलीबारी शुरू कर दी जिससे परिवार के पांच सदस्यों की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। इस मामले में कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।

सिन्हा सीएम अब्दुल्ला से दुर्व्यवहार पर माफी मांगें

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के उप मुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने प्रदेश की पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के साथ की गई धक्कामुक्की के लिए उप राज्यपाल मनोज सिन्हा से माफी मांगने की मांग की है। चौधरी ने कहा कि जुलाई 1931 के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए जाते समय निर्वाचित मुख्यमंत्री के साथ दुर्व्यवहार लोकतंत्र और जनता द्वारा दिए गए जनादेश का अपमान है। चौधरी ने कहा, उमर अब्दुल्ला सिर्फ मेरे नेता नहीं हैं, बल्कि जम्मू-कश्मीर के निर्वाचित मुख्यमंत्री हैं। यह सिर्फ़ उमर साहब का अपमान नहीं था। यह जम्मू-कश्मीर और पूरे देश में लोकतंत्र का अपमान था।

कैदियों को महंगा खाना न मिलना मौलिक अधिकारों का हनन नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- जेल सुधारात्मक संस्थान है, सुविधाओं का विस्तार नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि जेल में कैदियों को उनका पसंदीदा भोजन या महंगे खाद्य पदार्थ न दिया जाना मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं है। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन का अधिकार सभी कैदियों को हासिल है, लेकिन यह पसंदीदा या शानदार भोजन की मांग करने का अधिकार नहीं देता।

पीठ ने कहा, केवल पसंदीदा या महंगी खाद्य सामग्री की आपूर्ति न किए जाने को मौलिक अधिकारों का उल्लंघन नहीं माना जा सकता। राज्य का दायित्व यह सुनिश्चित करना है कि दिव्यांगों सहित सभी कैदियों को पर्याप्त, पौष्टिक और चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त भोजन मिले, जो चिकित्सा प्रमाणीकरण के अधीन हो। शीर्ष अदालत ने जेल को सुधारात्मक संस्थान बताया, न कि नागरिक समाज की सुविधाओं का विस्तार। उसने कहा कि गैर-जरूरी या महंगी वस्तुओं की आपूर्ति न करना संवैधानिक या मानवाधिकारों का उल्लंघन नहीं है, जब तक कि इससे स्वास्थ्य या सम्मान को स्पष्ट नुकसान न पहुंचे।

पीठ ने कहा, जेलों को अक्सर आपराधिक न्याय प्रणाली का 'अंतिम छोर' माना जाता है, जिन्हें ऐतिहासिक रूप से सख्त अनुशासन, कठोर परिस्थितियों और न्यूनतम स्वतंत्रता के लिए तैयार किया गया है।

सर्वोच्च अदालत ने 'बेकर मस्कुलर डिस्ट्रॉफी' से पीड़ित अधिवक्ता एल. मुरुगनन्थम की मद्रास उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के दौरान ये टिप्पणियां कीं, जिसमें उन्हें पांच लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया गया था। मुरुगनन्थम को सजा एक जमीन विवाद में मिली थी जिसमें उनका परिवार एक अन्य व्यक्ति के साथ उलझा हुआ था। उन्होंने दावा किया कि कारावास के दौरान उन्हें प्रतिदिन चिकित्सा और पर्याप्त प्रोटीन युक्त भोजन, जैसे अंडे, चिकन और मेवे नहीं मिले।

आतंकी कृत्य के दोषी की समय पूर्व रिहाई से इन्कार

नई दिल्ली। शीर्ष न्यायालय ने एक आतंकवादी कृत्य से जुड़े तिहरे हत्याकांड के दोषी गुलाम मोहम्मद भट की समय पूर्व रिहाई का आदेश देने से इन्कार कर दिया। हालांकि, न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने भट को एक अन्य लंबित मामले में आवेदन दायर करके केंद्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर की सजा छूट नीति को चुनौती देने की अनुमति दे दी। पीठ ने भट की समय पूर्व रिहाई की याचिका पर इस आधार पर सुनवाई की कि उसने 27 साल जेल में बिताए हैं। भट कथित तौर पर एक सेना के मुखबिर के घर में घुस गया था और एके-47 राइफल से गोली चला दी थी, जिसमें तीन लोग मारे गए थे।

दिव्यांगों का मजाक उड़ाने वाली टिप्पणी पर समय रैना, दूसरे इन्फ्लुएंसर कोर्ट में पेश

नई दिल्ली। दिव्यांग लोगों का मजाक उड़ाने के आरोप में कार्रवाई की मांग को लेकर दर्ज मामले में 'इंडियाज गॉट लैटेंट' के प्रस्तोता समय रैना सहित पांच सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जे. बागची की पीठ ने उन्हें याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने को कहा। उन पर दिव्यांगों और स्पाइनल मस्कुलर एट्रोफी तथा दृष्टिहीनता से पीड़ित लोगों का मजाक उड़ाने का आरोप है। उन्हें अगली सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया गया है। शीर्ष अदालत ने इन्फ्लुएंसर सोनाली ठक्कर उर्फ सोनाली आदित्य देसाई को कुछ शारीरिक समस्या के कारण अगली सुनवाई पर डिजिटल माध्यम से पेश होने की छूट दे दी।

दुनिया के 1.4 करोड़ बच्चों को नहीं लगा एक भी टीका, आधे भारत समेत 9 देशों के

लंदन। दुनियाभर में पिछले साल 1.4 करोड़ से अधिक बच्चों को एक भी टीका नहीं लगा जो 2023 की संख्या के लगभग बराबर है। इन बच्चों में से आधे से ज्यादा भारत समेत नौ देशों से हैं। संयुक्त राष्ट्र के स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

वैश्विक टीकाकरण के संबंध में मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) और यूनिसेफ ने बताया कि 2024 में एक वर्ष से कम उम्र के लगभग 89 प्रतिशत बच्चों ने डिप्थीरिया, टेटनस और काली खांसी के टीके की पहली खुराक मिली जो 2023 के बराबर है। इसने कहा कि लगभग 85 प्रतिशत बच्चों ने ही इन टीकों की तीनों खुराक लीं, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 84 प्रतिशत था। संयुक्त राष्ट्र के विशेषज्ञों ने कहा कि टीकाकरण अब भी आसान नहीं है और संघर्ष व मानवीय संकटों के कारण टीकाकरण में हुई प्रगति तुरंत ही कमजोर पड़ने लग जाती है।

● संयुक्त राष्ट्र के स्वास्थ्य अधिकारियों ने जारी की 2024 की रिपोर्ट

आतंकवाद को कतई बर्दाश्त न करने पर अडिग रहेगा भारत

बीजिंग/नई दिल्ली, एजेंसी

● बीजिंग में एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर ने किया पहलगाम हमले का जिक्र

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) से आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से सख्ती से निपटने के अपने उद्देश्यों पर अड़िग रहने का आह्वान करते हुए कहा है कि भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की अपनी नीति पर चलते हुए आतंकवादियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करता रहेगा।

डॉ. जयशंकर ने मंगलवार को यहां बीजिंग में संगठन के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस संगठन की स्थापना आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद की चुनौती से निपटने के लिए की गई थी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में नृशंस आतंकवादी हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि ये तीनों चुनौती अक्सर एक साथ आती हैं। उन्होंने कहा कि यह हमला जानबूझकर जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और धर्म के आधार पर विभाजन को बढ़ावा देने के लिए किया गया था।

उन्होंने कहा कि शंघाई सहयोग संगठन के कुछ सदस्य संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के भी सदस्य हैं और सुरक्षा परिषद ने इस हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। सुरक्षा परिषद ने, आतंकवाद के इस निंदनीय कृत्य के अपराधियों, आयोजकों, वित्तपोषकों और प्रायोजकों को जवाबदेह ठहराने तथा उन्हें न्याय के कटघरे में लाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने इसी के अनुरूप कार्रवाई की है। उन्होंने कहा,हमने तब से ठीक यही किया है और आगे भी करते रहेंगे।

सुरक्षा खतरों से निपटने तंत्र में सुधार करें: शी

बीजिंग। चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने एससीओ देशों के विदेश मंत्रियों से कहा कि समूह को सुरक्षा खतरों और चुनौतियों का जवाब देने के लिए तंत्र में सुधार करने के साथ एक ठोस सुरक्षा कवच तैयार करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा कि स्थापना के बाद से पिछले 24 वर्षों में एससीओ ने हमेशा शंघाई भावना को कायम रखा है, एक परिपक्व और मजबूत संगठन के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने जोर दिया कि अशांत और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के मद्देनजर, एससीओ को केंद्रित और आश्वस्त रहना चाहिए।

मानव रहित विमानों के निर्माण में आत्मनिर्भर होने की कवायद

नई दिल्ली, एजेंसी

सेना के अधिकारी, रक्षा विशेषज्ञ, नीति निर्माता और निजी उद्योगों के प्रतिनिधि बुधवार को एकत्रित होंगे और स्वदेशीकरण के लिए एक 'रणनीतिक रोडमैप' विकसित करने पर विचार करेंगे, जिसका व्यापक उद्देश्य महत्वपूर्ण मानवरहित वायु यानों (यूएवी) और काउंटर-मानवरहित हवाई प्रणालियों (सी-यूएएस) के घटकों के लिए विदेशी कंपनियों पर निर्भरता कम करना है।

रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि मुख्यालय एकीकृत रक्षा स्टाफ द्वारा थिंक-टैंक 'सेंटर फॉर ज्वाइंट वारफेयर स्टडीज' के सहयोग से आयोजित की जाने वाली कार्यशाला-सह-प्रदर्शनी 'ऑपरेशन सिंदूर' सहित भारत-पाकिस्तान के हालिया सैन्य संघर्ष की पृष्ठभूमि में आयोजित की जा रही है, जिसमें यूएवी और सी-यूएएस के सामरिक महत्व तथा परिचालन प्रभावशीलता पर प्रकाश डाला गया था।

● हाल ही में पाकिस्तान के साथ हुए संघर्ष के बाद लिया गया फैसला

स्वदेशी तकनीक से तैयार किया सस्ता कार्बन फाइबर कृत्रिम पैर

नई दिल्ली। डीआरडीओ की एक प्रयोगशाला और तेलंगाना स्थित एम्स बीबीनगर ने स्वदेशी तकनीक से अपनी तरह का पहला उन्नत कार्बन फाइबर कृत्रिम पैर विकसित किया है जो 125 किलोग्राम तक का भार सहन करने में सक्षम है। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, प्रदर्शन के मामले में बाजार में उपलब्ध विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मॉडल को टक्कर देने वाला यह कृत्रिम पैर जरूरतमंद आबादी को उच्च गुणवत्ता वाला किफायती समाधान मुहैया कराने के लिए डिजाइन किया गया है।

मणिपुर में बड़ी कार्रवाई में हथियारों का जखीरा बरामद

इंफाल। मणिपुर के घाटी के पांच जिलों में मंगलवार को सुरक्षा बलों ने एक साथ चलाए गए समन्वित अभियान में 86 हथियार और 974 गोला-बारूद बरामद किए।

पुलिस महानिरीक्षक के. कबीब ने बताया कि सुरक्षा बलों ने इंफाल पूर्व, काकचिंग, इंफाल पश्चिम, थौबल और बिष्णुपुर जिलों में अभियान चलाया। उन्होंने कहा, मणिपुर पुलिस, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल, सेना और असम राइफल्स की संयुक्त टीम द्वारा कई स्थानों पर एक साथ समन्वित अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि बरामद हथियारों में पांच एके राइफल, तीन इंसास राइफल, 16 एसएलआर, पांच प्वॉइंट 303 राइफल, 19 पिस्तौलें, दो कार्बाइन, नौ अन्य प्रकार की राइफल और 16 सिंगल बैरल बंदूक शामिल हैं।

आस्था का सैलाब

हरिद्वार में हर की पौड़ी पर पवित्र श्रावण मास शुरू होने के बाद रोज लाखों कांवड़िए गंगाजल लेने पहुंच रहे हैं। मंगलवार को भी यहां भगवान शिव के भक्तों का सैलाब उमड़ता दिखाई दिया। शिव के अभिषेक के लिए गंगाजल लेने से पहले कांवड़ियों ने गंगा नदीं में स्नान भी किया। एजेंसी

विमान हादसे की जांच रिपोर्ट में किसी सवाल का जवाब नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ एयरलाइन पायलट्स एसोसिएशन (इफाल्पा) ने कहा है कि एअर इंडिया विमान दुर्घटना पर एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट अपनी प्रकृति के अनुसार ही कई सवाल उठाती है लेकिन जवाब मुहैया नहीं कराती। संगठन ने इस मामले में सभी पक्षों से अटकलों से बचने का आग्रह किया है।

गत 12 जून को अहमदाबाद में एअर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान की दुर्घटना पर अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट में एएआईबी ने शनिवार को कहा था कि उड़ान भरने के तुरंत बाद 1 सेकंड के अंतराल में इंजन के ईंधन स्विच बंद हो गए, जिससे विमान के कॉकपिट में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। रिपोर्ट

● अब इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ पायलट एसोसिएशन असंतुष्ट

में कहा गया है कि एक पायलट ने पूछा कि स्विच क्यों बंद हुआ और दूसरे पायलट ने जवाब दिया कि उसने ऐसा नहीं किया। हालांकि प्रारंभिक रिपोर्ट में कोई निष्कर्ष नहीं निकाला गया है।

इफाल्पा ने एक बयान में कहा, हालांकि यह प्रारंभिक रिपोर्ट अपने आप में कई सवाल उठाती है, लेकिन इसमें कोई जवाब नहीं है, और इसकी सामग्री का कोई भी अनुमान केवल अनुमान ही माना जा सकता है, जो जांच के सुचारू संचालन के लिए उपयुक्त नहीं है।

मुंबईः डब्बा ट्रेडिंग और ऑनलाइन सट्टेबाजी मामले में ईडी की छापे

मुंबई। ईडी ने मंगलवार को मुंबई में अवैध 'डब्बा ट्रेडिंग' और ऑनलाइन सट्टेबाजी नेटवर्क के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत छापेमारी की। ये नेटवर्क करोड़ों रुपये की धनराशि का लेन-देन कर रहे थे।

ईडी ने मुंबई में चार ठिकानों से लगभग 3.3 करोड़ रुपये की बेहिसाब नकदी, कुछ लग्जरी घड़ियां और आभूषण, विदेशी मुद्रा और महंगे वाहन जब्त किए हैं। सूत्रों ने बताया कि कार्रवाई अब भी जारी है। 'डब्बा ट्रेडिंग' शेयरों में व्यापार के एक अवैध और अनियमित रूप को संदर्भित करता है। उन्होंने बताया कि इस जांच के तहत वीमनी, वीएम ट्रेडिंग, स्टैंडर्ड ट्रेड्स लिमिटेड, आईबुल कैपिटल लिमिटेड, लोटसबुक, 11स्टार्स और गेमबेटलीग जैसे कुछ ऑनलाइन ट्रेडिंग और सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म एजेंसी की जांच के दायरे में हैं।

संबोधन कटक के रेवेनशॉ विश्वविद्यालय में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया दीक्षांत समारोह को संबोधित

जीवन बदल रही है प्रौद्योगिकी, मगर इसका दुरुपयोग घातक

कटक, एजेंसी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लोगों की सोच और कार्यशैली में व्यापक बदलाव आने का उल्लेख करते हुए मंगलवार को कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग के दुरुपयोग के प्रति सावधान रहने की सलाह भी दी।

मुर्मू ने यहां रेवेनशॉ विश्वविद्यालय के 13वें वार्षिक दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि विश्वविद्यालय इन प्रौद्योगिकियों का अच्छा उपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा, यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी का युग है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, मशीन लर्निंग, 3डी प्रिंटिंग और क्लाउड कंप्यूटिंग ने हमारी सोच और कार्यशैली

में व्यापक बदलाव ला दिया है। हालांकि, मुर्मू ने सभी को इन उन्नत प्रौद्योगिकियों के दुरुपयोग के प्रति सावधान रहने की सलाह दी।

मुर्मू ने छात्राओं के बढ़ते शैक्षणिक प्रदर्शन का उल्लेख किया, जिन्होंने इस वर्ष विश्वविद्यालय के 27 विभागों में से 21 में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा, पिछले पांच वर्षों में, संस्थान में छात्राओं ने पढ़ाई के मामले में लगातार छात्रों से बेहतर प्रदर्शन किया है। स्नातकोत्तर स्तर पर, टॉप करने वाली छात्राओं की संख्या छात्रों की तुलना में साढ़े तीन गुना से भी अधिक है। यह दर्शाता है कि भारत महिला सशक्तीकरण से महिला-नेतृत्व वाले विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय में जनजातीय छात्रों, वंचित और दिव्यांग छात्रों के नामांकन में लगातार हो रही वृद्धि पर भी संतोष जताया।

स्नातक छात्रों से भविष्य में और अधिक ईमानदार और मेहनती बनने का आह्वान करते हुए, मुर्मू ने कहा, आज से, आपका जीवन एक नया मोड़ लेगा। आप शैक्षणिक विश्वविद्यालय से बाहर निकलकर जीवन और समाज के एक बड़े विश्वविद्यालय में कदम रखेंगे। मुझे आशा है कि आप जीवन और समाज के विश्वविद्यालय में भी सफलता और सम्मान प्राप्त करेंगे।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि यह शैक्षणिक संस्थान स्वतंत्रता संग्राम का एक सक्रिय केंद्र था और ओडिशा राज्य के गठन के आंदोलन से जुड़ा था। उन्होंने न केवल नौकरी पाने, बल्कि दूसरों को भी नौकरी प्रदान करने के माध्यम से उद्यमशीलता और सामाजिक योगदान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों से कहा, अगर आप चाहें, तो उद्यमी बन सकते हैं और अपना खुद का उद्यम स्थापित कर सकते हैं। उन्होंने कहा, राष्ट्र प्रथम की भावना हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इसे समझना चाहिए।

समान सुविधाएं मिलने पर लड़कियों का प्रदर्शन बेहतर

मुर्मू ने कहा, विभिन्न दीक्षांत समारोहों के दौरान उन्होंने पाया कि समान सुविधाएं और अवसर मिलने पर लड़कियां बेहतर प्रदर्शन करती हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि महिलाएं हर क्षेत्र में सक्रिय रूप से योगदान दे रही हैं, चाहे वह शिक्षा और साहित्य हो या विज्ञान, प्रौद्योगिकी, उद्योग और वाणिज्य। उन्होंने कहा, हमारी विविधता इंद्रधनुष की तरह है। हमारी एकता सदियों से बहुत मजबूत रही है। हमारी कई भाषाएं हैं, लेकिन भावना एक है। दुनिया इस बात से चकित है कि इतनी सारी भाषाओं और इतने सारे धर्मों के बीच भारत कैसे एकजुट और एकीकृत बना हुआ है। भारतीय भाषाओं ने शैक्षिक परंपरा को समृद्ध बनाने में बहुत योगदान दिया है।